श्री राजीव प्रताप रूडी : अध्यक्ष महोदया, मैं सबसे पहले आपको बधाई देना चाहता हूं कि आपकी अध्यक्षता में सदन इतना बढ़िया चल रहा है और आज महिलाओं पर इस सवाल का उत्तर देने का अवसर आपके सामने मिला। इससे पहले स्मृति जी ने भी महिलाओं और शिक्षा के संबंध में उत्तर दिया है।

माननीय अध्यक्ष: यह बात तो पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्ट्री वाली हो गयी, अब आप अपनी मिनिस्ट्री की बताइए।

श्री राजीव प्रताप रूडी : अब मैं मिनिस्ट्री पर चला आता हूं।

महोदया, यह सवाल अपने आप में बहुत वृहद है। देश के इतिहास में पहली बार नेशनल मिशन ऑन स्किल डेवलपमेंट, जिसको प्रधानमंत्री जी ने स्वयं 15 जुलाई को लांच किया है। देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी मिशन की प्रधानमंत्री जी स्वयं अध्यक्षता कर रहे हैं। अभी तक सभी मिशन औसतन संबंधित मंत्रालय के मंत्री जी द्वारा किया जाता था। हमारे पास जो माध्यम है और यह बात स्वीकार्य है कि महिलाओं की संख्या जो वर्कफोर्स में है, उसका अनुपात कम है और जिस अनुपात में देश में उनकी भागीदारी है, उस अनुपात में प्रशिक्षण का भी विशेष अभाव है। दो केन्द्र बिन्दु हैं, जिनके माध्यम से हम इस काम को आगे ले जाएंगे। सरकार ने निर्णय लेकर सभी आईटीआईज़ को हमें सौंपा है। उन आईटीआईज़ में महिलाओं के लिए डेडीकेटिड ट्रेनिंग सेंटर देश में केन्द्र द्वारा स्थापित कई रीज़नल वोकेशनल इंस्टीट्यूट्स हैं, जिनमें महिलाओं को आई.टी.आई की ट्रेनिंग दी जा रही है। देश के प्राइवेट सेक्टर में भी बहुत सारे आईटीआईज़ हैं और आईटीआईज़ में और आईटीआईज़ के बाहर लगभग दो लाख महिलाओं को सीधे तौर पर तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है। अभी कौशल विकास कार्यक्रम जो माननीय प्रधानमंत्री जी ने लांच किया है और उसमें लगभग दो लाख लोगों को पंजीकृत किया गया है, जिसमें से लगभग 94 हजार महिलाएं हैं। यह काम ऐसा है कि जब हम समाज को विस्तृत तौर पर लेकर आगे बढ़ाएंगे तभी हम इस संख्या को आगे बढ़ा पाएंगे। पूरी योजना के साथ नेशनल स्किल पॉलिसी में और इसके अलावा अनेक मंत्रालय ऐसे हैं, जिनमें यह काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। माइक्रो मीडियम एंड स्माल इंडस्ट्रीज़, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जिसमें 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए है, इसके अलावा माइनोरिटी अफेयर विभाग की तरफ से भी कमजोर और अल्पसंख्यक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह काम कई विभागों में चल रहा है और इस काम को कोऑर्डिनेट करने की जिम्मेदारी मिली है। इस काम को हमने एक दिशा दे दी है। माननीय सदस्य ने महिलाओं को स्कूली शिक्षा से वोकेशनल ट्रेनिंग की बात कही है। जिसके लिए नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत स्कूली शिक्षा में भी क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत जिसमें बड़ी भागीदारी स्मृति जी कर रही हैं, उसमें भी महिलाओं को स्कूली स्तर पर प्रशिक्षण की कार्रवाई बड़े तौर पर कर रहे हैं। कई राज्यों ने इस काम को प्रारम्भ कर दिया है, जिसमें से हरियाणा

में यह काम स्कूलों में बड़े पैमाने पर चल रहा है। आने वाले दिनों में क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर, क्योंकि अभी तक मेट्रिक, हायर और बीए के सर्टिफिकेट पर रोजगार मिलता था। आने वाले दिनों में सरकार का यह निर्णय है कि स्किल सर्टिफिकेट के आधार पर भी सरकारी सेवाओं में और अन्य सेवाओं में रोजगार मिल सकेगा। इसके लिए हम प्रयत्नशील हैं।

माननीय अध्यक्ष: क्वैश्चन नंबर 226 और 227 करीब-करीब एक ही हैं। एक क्वैश्चन में नॉर्थ-ईस्ट रीजन के संदर्भ में कौशल विकास की बात है और दूसरा महिलाओं के संदर्भ में है, हम दोनों को एक साथ ले लेते हैं।

(प्रश्न संख्या 226 तथा 227)

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को पुनः धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने देश भर के अलग-अलग राज्यों से सांसदों को बुलाकर उनसे सुझाव लिये और क्या बैस्ट हो सकता है, इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार महिलाओं के लिए कौशल विकास सैंटर और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सी.एस.आर निधि से कोई अंशदान देने पर विचार कर रही है और हर जिले में महिलाओं के लिए अलग से कौशल विकास सैन्टर बनाने का क्या सरकार का कोई विचार है?

श्री राजीव प्रताप रूडी **:** महोदया, यह सवाल बहुत बढ़िया है और जहां तक इन्होंने कहा, मैंने देश के सभी सांसदों को मूलतः आग्रह करके उनसे बैठकें ली है। देश के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में कौशल विकास केन्द्र की स्थापना हो और जो अभी वर्तमान में भारत सरकार का कौशल विकास निधि का जो साधन है, वह माननीय सदस्य अपनी देखरेख में एन.एस.टी.सी के माध्यम से ट्रेनिंग प्रोवाइडर्स को लेकर और आपके संसदीय क्षेत्र में मोबिलाइजेशन का मेला लगाकर लोगों को पंजीकृत करने का जो काम है, उसमें कठिनाई यह हो रही है कि नौजवान साथी महिलाओं का आना कम हो रहा है। यदि ऐसी पंजीकृत संस्थाओं में महिलाओं का मोबिलाइजेशन हो सके, ऐसी महिलाओं और बच्चियों को यदि हम आइडेन्टिफाई कर सकें, जो शिक्षा से बाहर आ चुकी हैं, उनको पहचान कर प्रशिक्षण दिलाने में सहयोग करें। इसीलिए पूरे 543 संसदीय क्षेत्रों में जो लोक सभा क्षेत्र हैं, उनमें एक समिति भी बनाने का फैसला किया गया है, जिसकी अध्यक्षता माननीय सांसदगण करेंगे और सांसदगणों के लिए आने वाले दिनों में ऐसा प्रयास है कि स्किल डैवलपमैन्ट का जो भी काम उनके संसदीय क्षेत्र में हो, हम लोगों ने कोशिश की है कि यूनिट को संसदीय क्षेत्र बनाया जाए और आपको उसका अध्यक्ष बनाया जाए और जो भी मोबिलाइजेशन हो, उन महिलाओं का मोबिलाइजेशन आप करें। यदि यह योजना कामयाब हुई और माननीय सांसद इसे कामयाब करने की स्थिति में हुए, अपने यहां निरीक्षण करके इस सैंटर को अच्छी तरह से चलाने की स्थिति में हुए, तो मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं और माननीय प्रधानमंत्री जी

का भी ऐसा सोचना है कि किसी भी सासंद को अपने क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए साधन का अभाव नहीं होगा, यदि आने वाले दिनों में हम इस योजना में कामयाब हो गये।

[अनुवाद]

श्री राम प्रसाद शर्मा: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय का आभारी हूं। मंत्री जी ने स्किल इंडिया को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पूर्वोत्तर मुख्य रूप से कृषि और कृषि से संबंधित व्यापार जैसे हथकरघा, कपड़ा, रेशम उत्पादन और वृक्षारोपण के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र है। पूर्वोत्तर में हथकरघा, कपड़ा, रेशम उत्पादन, वृक्षारोपण और कृषि से संबंधित विषयों में युवाओं और किसानों के कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार कौशल विकास मंत्रालय के माध्यम से क्या कदम उठाएगी?

[हिन्दी]

श्री राजीव प्रताप रूडी : महोदया, दो दिन पहले की बैठक में माननीय सांसद उपस्थित थे और इस विषय को उन्होंने उठाया था कि किस प्रकार से कृषि क्षेत्र में कौशल विकास के उपक्रम करके हम लोगों को रोजगार दे सकें। इस पूरी व्यवस्था में नेशनल स्किल डैवलपमैन्ट एजेन्सी के तहत सैक्टर स्किल काउंसिल है और देश में 36 सैक्टर स्किल काउंसिल्स का गठन हुआ है। उन सैक्टर स्किल काउंसिल्स में एग्रीकल्चर सैक्टर स्किल काउंसिल है। कृषि क्षेत्र में जो नार्मल एक्सटेंशन का प्रोग्राम होता है, वह कृषि मंत्रालय करता है, लेकिन उसके बाद उस एक्सटेंशन के प्रोग्राम के लिए जो कौशल की आवश्यकता है, उस काम को सैक्टर स्किल करेगा और एग्रीकल्चर सैक्टर स्किल में कई सारे क्वालिफिकेशन पैक्स हैं, जिनमें पम्पिंग सैट से लेकर कई सारी चीजों के सीखने का हुनर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है।

जहां तक नार्थ-ईस्टर्न स्टेट्स का सवाल है, हम आईटीआईज के माध्यम से भी प्रशिक्षण का काम कर रहे हैं। अभी लगभग 80 आईटीआईज पूर्वोत्तर में हैं, जिनमें लगभग 72 सरकारी क्षेत्र में हैं और आठ निजी क्षेत्र में हैं। हम 2017 तक 298 करोड़ रुपये तमाम पूर्वोत्तर के क्षेत्र, जिसमें आठ राज्य हैं, उन पूर्वोत्तर के क्षेत्रों में विशेष रूप से आईटीआईज में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण का आने वाले दिनों में प्रस्ताव किया जायेगा। हम

लगभग 300 करोड़ रुपये विशेष तौर से आईटीआई प्रशिक्षण के लिए नार्थ-ईस्टर्न क्षेत्र में दे रहे हैं, जिसमें शर्मा साहब का असम भी शामिल है।

[अनुवाद]

श्री राम प्रसाद शर्मा: महोदया, पूर्वोत्तर में कोई उद्योग नहीं है। क्या आई.टी.आई. द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित किए जा रहे युवाओं को उनके प्रशिक्षण और कौशल के बाद पूर्वोत्तर से बाहर रखा जाएगा?

[हिन्दी]

श्री राजीव प्रताप रूडी : महोदया, अब देश में एन.सी.वी.टी का सर्टिफिकेट है, आज हमारे पास 1400 आईटीआईज में प्रशिक्षण के लिए तथा नामांकन के लिए उन्हें स्वीकार किये जाने के लिए प्रस्ताव है। इस देश में कुछ वर्षों में हम ऐसा महसूस करते हैं कि आईटीआईज में कुछ काम की कमी हुई है। लेकिन 1200 आईटीआईज में से कम से कम एक हजार आईटीआईज ऐसे हैं, जिनकी पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई जा सकती है। उन्हें हमें पहचान करके तथा अलग करके कैटेगराइज करना है, क्योंकि कठिनाई यह हुई है कि एक कमरे में भी आईटीआईज चलने लगे हैं, जिनके कारण यह कठिनाई पैदा हुई है। लेकिन आज भी अच्छे आईटीआईज से निकलने वाले बच्चों की नौकरी सौ फीसदी गारंटी है। मैं बताना चाहूंगा कि आपके असम में भी कई बहुत अच्छे आईटीआईज हैं, उनमें चाहे वर्ल्ड बैंक की योजना हो या और आधिक धनराशि देकर हम इन आईटीआईज को मजबूत करें। जैसे स्मृति जी भी जानती हैं, आज इंजिनियरिंग कॉलेजिस में सीट्स खाली रह जा रही हैं। लाखों की संख्या में सीट्स खाली हैं, क्योंकि बच्चे अब इंजिनियरिंग कर के रोज़गार नहीं पा रहे हैं। इस देश में लगभग 15 प्रतिशत ऐसे इंजिनियरिंग ग्रैजुएट्स हैं, जिनको इंजिनियरिंग करने के बाद रोज़गार नहीं मिल रहा है। इसलिए उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दे कर सीधे रोज़गार से जोड़ा जाए और हमारे मंत्रालय ने लेबर मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम बनाया है। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि माननीय सांसद जब प्रधानमंत्री कौशल योजना से जुड़ेंगे, तो देश में कहां-कहां, किन-किन उद्योगों में कितना-कितना रोज़गार हैं और कहां-कहां नौकरियां हैं, ताकि आपके आपस के बीच में प्रतिस्पर्धा हो कि आपके यहां के बच्चे निकल कर वहां

नौकरी के लिए जाएं, ताकि कौशल प्रशिक्षण में आप भी इस प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकें और अपने बच्चों को इन स्थानों पर भेज सकें। एक बड़ी व्यवस्था हम कायम करने की कोशिश कर रहे हैं।

---

*प्रश्नों के लिखित उत्तर

(तारांकित प्रश्न संख्या 228 से 242
अतारांकित प्रश्न सं. 2531 से 2537, 2539 से 2560,2562, 2563, 2565 से 2581, 2583 से 2593, 2596 से 2637, 2639 से 2644, 2646 से 2669, 2671 से 2681, 2683 से 2718, 2720 से 2726, 2728 से 2737, 2739 से 2744, 2746 से 2756, 2758 और 2759)

* प्रश्नों और उनके उत्तरों के लिए ग्रंथालय में रखी गई वाद-विवाद के हिन्दी संस्करण की मास्टर-प्रति का संदर्भ लें। प्रश्नों और उनके उत्तरों के संबंध में अधिक जानकारी हेतु आप इस लिंक पर जाए।
https://sansad.in/ls/hi/questions/questions-and-answers
इस लिंक के खुलने के बाद लोक सभा का चयन करें, फिर सत्र का चयन करें तत्पश्चात् फ़िल्टर में जाकर वाद-विवाद की तारीख का चयन करने के पश्चात् इसे लागू करें।

मध्याह्न 12.00 बजे

सभा पटल पर रखे गए पत्र

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: अब सभा पटल पर रखे गये पत्र। .

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): माननीय अध्यक्ष महोदया, श्रीमती सुषमा स्वराज जी की ओर से मैं नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2010 की धारा 42 की उपधारा (2) के अंतर्गत नालंदा विश्वविद्यालय पहला अध्यादेश, 2015 जो 11 जून, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ से एस/321/25/2014 में प्रकाशित हुआ था, को एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)। सभापटल पर रखता हूँ।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी.2903/16/15]

[हिन्दी]

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद) : महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ -

(1) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):

(एक) आईटीआई लिमिटेड तथा दूरसंचार विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच वर्ष 2015-2016 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2904/16/15]

(दो) टेलीकम्युनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड तथा दूरसंचार विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच वर्ष 2015-2016 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2905/16/15]

(तीन) टेलीकम्युनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड तथा टी.सी.आई.एल बिना टॉल रोड लिमिटेड के बीच वर्ष 2015-2016 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2906/16/15]

(चार) टेलीकम्युनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड तथा तमिलनाडु टेलीकम्युनिकेशन लिमिटेड के बीच वर्ष 2015-2016 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2907/16/15]

(2) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण आधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत दूरसंचार अंतर्संबंध उपयोग प्रभार (ग्यारहवां संशोधन) विनियम, 2015 जो 23 फरवरी, 2015 के भारत के राजपत्र में आधिसूचना संख्या फाइल सं. 409-8/2014-एनएसएल-। में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2908/16/15]

[अनुवाद]

श्री राजीव प्रताप रूडी: मैं तेरहवीं, चौदहवीं, पंद्रहवीं तथा सोलहवीं लोक सभा के विभिन्न सत्रों के दौरान मंत्रियों द्वारा दिए गए आश्वासनों, वचनों तथा परिवचनों पर सरकार द्वारा की गई-कार्यवाही दर्शाने वाले निम्नलिखित विवरणों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखना चाहता हूं:-

तेरहवीं लोक सभा

1. विवरण संख्या 35 ग्यारहवां सत्र, 2002

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2909/16/15]

2. विवरण संख्या 32 चौदहवाँ सत्र,2003

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2910/16/15]

चौदहवीं लोक सभा

3. विवरण संख्या 31 तीसरा सत्र, 2004

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2911/16/15]

4. विवरण संख्या 28 पांचवां सत्र, 2005

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2912/16/15]

5. विवरण संख्या 33 छठा सत्र, 2005

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2913/16/15]

6. विवरण संख्या 26 तेरहवां सत्र, 2008

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2914/16/15]

पंद्रहवीं लोक सभा

7. विवरण संख्या 23 दूसरा सत्र, 2009

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2915/16/15]

8. विवरण संख्या 21 तीसरा सत्र, 2009

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2916/16/15]

9. विवरण संख्या 20 चौथा सत्र, 2010

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2917/16/15]

10. विवरण संख्या 18 पांचवां सत्र, 2010

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2918/16/15]

11. विवरण संख्या 17 छठा सत्र, 2010

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2919/16/15]

12. विवरण संख्या 15 सातवां सत्र, 2011

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2920/16/15]

13. विवरण संख्या 15 आठवां सत्र, 2011

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2921/16/15]

14. विवरण संख्या 14 नौवां सत्र, 2011

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2922/16/15]

15. विवरण संख्या 13 दसवां सत्र, 2012

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2923/16/15]

16. विवरण संख्या 11 ग्यारहवां सत्र, 2012

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी 2924/16/15]

17. विवरण संख्या 10 बारहवां सत्र, 2012

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2925/16/15]

18. विवरण संख्या 9 तेरहवां सत्र, 2013

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2926/16/15]

19. विवरण संख्या 7 चौदहवां सत्र, 2013

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2927/16/15]

20. विवरण संख्या 5 पंद्रहवां सत्र, 2013-2014

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2928/16/15]

21. विवरण संख्या 4 दूसरा सत्र, 2014

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2929/16/15]

22. विवरण संख्या 3 तीसरा सत्र, 2014

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2930/16/15]

23. विवरण संख्या 2 चौथा सत्र, 2015

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2931/16/15]

[हिन्दी]

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): महोदया, डॉ. जितेन्द्र सिंह की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँः-

(1) आखिल भारतीय सेवा आधिनियम, 1951 की धारा 3 की उपधारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित आधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखेंगे :-

(एक) भारतीय वन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) दूसरा संशोधन विनियम, 2015, जो 30 जून, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.[हिन्दी] नि. 520(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय वन सेवा (वेतन) दूसरा संशोधन नियम, 2015, जो 30 जून, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 521(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) भारतीय वन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) तीसरा संशोधन विनियम, 2015, जो 2 जुलाई, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 530(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(चार) भारतीय वन सेवा (वेतन) तीसरा संशोधन नियम, 2015, जो 2 जुलाई, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 531(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2932/16/15]

(2) लोकपाल और लोकायुत्त अधिनियम, 2013 की धारा 61 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) लोक सेवक (सूचना तथा आस्तियों और देयताओं की वार्षिक विवरणी देना तथा विवरणियाँ फाइल करने में आस्तियों की छूट के लिए सीमाएँ) संशोधन नियम, 2014 जो 27 अप्रैल, 2015के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 322(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) लोक सेवक (सूचना तथा आस्तियों और देयताओं की वार्षिक विवरणी देना तथा विवरणियाँ फाइल करने में आस्तियों की छूट के लिए सीमाएँ) दूसरा संशोधन नियम, 2014 जो 6 जुलाई, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 536(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2933/16/15]

(3) लोकपाल और लोकायुक्त आधिनियम, 2013 की धारा 62 की उपधारा (2) के अंतर्गत लोकपाल और लोकायुक्त (कठिनाइयों का निराकरण) आदेश, 2014 जो 27 अप्रैल, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1095(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2934/16/15]

(4) भारत के संविधान के अनुच्छेद 320(5) के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) दूसरा संशोधन विनियम, 2015 जो 15 जुलाई, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 556(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2935/16/15]

[अनुवाद]

श्री राजीव प्रताप रूडी: श्री मुख्तार अब्बास नक़वी की ओर से, मैं सभा पटल पर रखने की विनती करता हूं:

(1) (एक) मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे। ।

(दो) मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले चार विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2936/16/15]

(3) नेशनल माइनारिटीज डेवलपमेंट एण्ड फाइनांस कारपोरेशन तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बीच वर्ष 2015-2016 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2937/16/15]

[हिन्दी]

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उपेन्द्र कुशवाहा) : महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ -

(1) (एक) पश्चिम बंगा सर्व शिक्षा मिशन, कोलकाता के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) पश्चिम बंगा सर्व शिक्षा मिशन, कोलकाता के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2938/16/15]

(3) (एक) ओडिशा प्राइमरी एजुकेशन प्रोग्राम अथॉरिटी, भुवनेश्वर के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) ओडिशा प्राइमरी एजुकेशन प्रोग्राम अथॉरिटी, भुवनेश्वर के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2939/16/15]

(5) (एक) यू.टी. ऑफ दादर एण्ड नागर हवेली राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान, सिलवासा के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) यू.टी. ऑफ दादर एण्ड नागर हवेली राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान, सिलवासा के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2940/16/15]

(7) (एक) यू.टी. ऑफ दमन एण्ड दीव राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, दमन के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) यू.टी. ऑफ दमन एण्ड दीव राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान, दमन के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2941/16/15]

(9) (एक) छत्तीसगढ़ राज्य मॉडल स्कूल संगठन, रायपुर के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) छत्तीसगढ़ राज्य मॉडल स्कूल संगठन, रायपुर के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) उपर्युक्त (9) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2942/16/15]

(11) (एक) छत्तीसगढ़ राज्य मॉडल स्कूल संगठन, रायपुर के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) छत्तीसगढ़ राज्य मॉडल स्कूल संगठन, रायपुर के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(12) उपर्युक्त (11) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2943/16/15]

(13) (एक) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा आभियान, लखनऊ के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा आभियान, लखनऊ के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(14) उपर्युक्त (13) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2944/16/15]

(15) (एक) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान कर्नाटक, बेंगलुरू के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान कर्नाटक, बेंगलुरू के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(16) उपर्युक्त (15) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2945/16/15]

(17) (एक) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान मॉडल स्कूल्स, बेंगलुरू के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान मॉडल स्कूल्स, बेंगलुरू के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(18) उपर्युक्त (17) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2946/16/15]

(19) (एक) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान हरियाणा, पंचकुला के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान हरियाणा, पंचकुला के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(20) उपर्युक्त (19) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2947/16/15]

(21) (एक) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान नागालैंड, कोहिमा के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान नागालैंड, कोहिमा के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(22) उपर्युक्त (21) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2948/16/15]

(23) (एक) पुडुचेरी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान, पुडुचेरी के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) पुडुचेरी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा आभियान, पुडुचेरी के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(24) उपर्युक्त (23) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2949/16/15]

(25) (एक) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (त्रिपुरा राज्य मिशन), अगरतला के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (त्रिपुरा राज्य मिशन), अगरतला के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(26) उपर्युक्त (25) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2950/16/15]

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. रामशंकर कठेरिया): महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँः-

(1) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर, जमशेदपुर के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर, जमशेदपुर के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2951/16/15]

(3) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अगरतला, अगरतला के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अगरतला, अगरतला के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2952/16/15]

(5) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च, चेन्नई के वर्ष 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च, चेन्नई के वर्ष 2013-2014 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2953/16/15]

[अनुवाद]

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वाई.एस चौधरी): मैं बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच वर्ष 2015-16 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखना चाहूंगा।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2954/16/15]

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय और संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडू): श्री बाबुल सुप्रियो, की ओर से मैं पटल पर सभा पटल पर रखना चाहूंगा। :-

(1) हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के बीच वर्ष 2015-2016 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2955/16/15]

(2) मेट्रो रेल (प्रचालन और अनुरक्षण) अधिनियम, 2002 की धारा 102 के अंतर्गत मेट्रो रेल सामान्य (संशोधन) नियम, 2015 जो 15 मई, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या साका०नि० 386 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2956/16/15]

———————

अपराह्न 12.03 बजे

नियम समिति

दूसरा प्रतिवेदन

[हिन्दी]

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : महोदया, मैं लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 331 के उप-नियम (1) के अंतर्गत नियम समिति का दूसरा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

अपराह्न 12.03 ½ बजे **महिलाओं को शक्तियां प्रदान करने संबंधी समिति**

चौथा प्रतिवेदन

[अनुवाद]

श्रीमती बिजोया चक्रवर्ती (गुवाहाटी): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं 'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में महिलाओं की कार्य स्थितियां विषय पर महिला सशक्तिकरण समिति' (2014-15) की चौथी रिपोर्ट (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करना चाहती हूं।

<u>अपराह्न 12.04 बजे</u>

उद्योग संबंधी स्थायी समिति

267वां और 268वां प्रतिवेदन

श्री राम सिंह राठवा: महोदया, मैं उद्योग संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ :-

1. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय संबंधी खादी और ग्रामोद्योग ओयोग (केवीआईसी) आधिनियम, 1956 के आर्यान्वयन की समीक्षा के बारे में समिति के 259वें प्रतिवेदन पर की-गई-कार्यवाही संबंधी 267वां प्रतिवेदन।
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2015 के बारे में 268वां प्रतिवेदन

अपराह्न 12.04 बजे

मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(एक) आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में शहरी विकास संबंधी स्थायी समिति के दूसरे शहरी विकास मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में शहरी विकास संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति। **

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडू): (1) माननीय, अध्यक्ष महोदया, मैं आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में शहरी विकास संबंधी स्थायी समिति के दूसरे में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य प्रस्तुत करना चाहता हूं।

(2) मैं शहरी विकास मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में शहरी विकास संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य प्रस्तुत करना चाहता हूं।

** सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. क्रमशः 2957/16/15 और 2958/16/15

<u>अपराह्न 12.05 बजे</u>

(2) रेल मंत्री ने 4.8.2015 को पश्चिम बंगाल रेलवे के खिरकिया और बिरंगी स्टेशनों के बीच कामायनी एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने के बारे में **

माननीय अध्यक्ष: अब, सभा विषय संख्या पर विचार करेगा 15ए – रेल मंत्री।

रेल मंत्री (श्री सुरेश प्रभु): मैडम, पश्चिम मध्य रेलवे के खण्डवा-इटारसी खंड पर खिरकिया और भिरंगी स्टेशनों के बीच कामायनी एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना 04.08.2015 को लगभग 23.30 बजे हुई। मेरे पास इस समय उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जनता एक्सप्रेस के 11 यात्रियों और कामायनी एक्सप्रेस के एक यात्री के शव डिब्बों से बरामद किए गए और 25 यात्रियों को इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मामूली चोटें आईं, जिन्हें तत्काल चिकित्सा उपचार दिया गया। दुर्घटना स्थल पर रेलवे अधिकारियों द्वारा हताहतों की सही संख्या का पता लगाया जा रहा है।

मैंने व्यक्तिगत रूप से रात भर स्थिति की निगरानी की और माननीय के साथ राहत और बचाव प्रयासों का समन्वय किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दुर्घटना राहत गाड़ियों और दुर्घटना राहत चिकित्सा वैनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा। भोपाल के मंडल रेल प्रबंधक, और पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, को दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार और रेलवे राहत और बचाव कार्यों में संयुक्त रूप से शामिल हैं।

मानवीय आधार पर, एक लाख रुपये की बढ़ी हुई अनुग्रह धनराशि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2 लाख रु. दिए जाएंगे गंभीर रूप से घायल लोगों, को 50,000 रु. दिए जाएंगे साधारण रूप से घायल हुए व्यक्तियों के लिए 25,000 रु. की घोषणा की गई है।

**सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2959/16/15

प्रथम दृष्टया घटना का कारण 'भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़' बताया गया है'। रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा इस घटना की वैधानिक जांच के आदेश दिए गए हैं। सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए गए हैं और रेलवे को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है।

रेलवे और मेरी ओर से, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मुझे विश्वास है कि सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करने में मेरा साथ देगा। मेरे सहयोगी श्री मनोज सिन्हा और मैं अब मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं।

<u>अपराह्न 12.06 ½ बजे</u>

(3) डाक विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन तथा दूरसंचार विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति। **

[हिन्दी]

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद) : महोदया, मैं निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूँ।

(1) डाक विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) दूरसंचार विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

** सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, देखिए संख्या एल.टी. 2961/16/15 और 2962/16/15

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: अब, सभा विषय संख्या पर विचार करेगा 16क – श्री डी. वी. सदानन्द गौड़ा।

… (व्यवधान)

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडू): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय से अनुरोध करूंगा । सदस्यों को अपनी सीटों पर वापस जाना चाहिए क्योंकि यह उनके द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण मामला है। उन्हें यह भी सुनना चाहिए क्योंकि यह समस्या को हल करने में मदद कर सकता है। … (*व्यवधान*)

<u>अपराह्न 12.07 बजे</u>

इस समय श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी और कुछ अन्य माननीय सदस्य अपने स्थानों पर वापस चले गए।

माननीय अध्यक्ष: श्री सदानन्द गौड़ा, आपको एक मिनट इंतजार करना होगा।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब, मद सं 17 – श्री राजीव प्रताप रूडी।

<u>अपराह्न 12.07 ½ बजे</u>

(4) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2015-16) के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 186वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति**

[हिन्दी]

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): महोदया, डॉ. जितेन्द्र सिंह जी की ओर से, मैं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2015-16) के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 186वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूँ।

** सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, देखिए एल.टी. संख्या 2963/16/15

<u>अपराह्न 12.08 बजे</u>

(5) आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के प्रावधानों के तहत उच्च न्यायालयों की स्थापना **

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: अब, हम मद सं 17क – श्री सदानन्द गौड़ा।

कानून और न्याय मंत्री (श्री डी. वी. सदानन्द गौड़ा): माननीय अध्यक्ष महोदया, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में यह प्रावधान है कि आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक नया उच्च न्यायालय गठित किया जाए और मौजूदा उच्च न्यायालय तेलंगाना राज्य के लिए उच्च न्यायालय बन जाएगा। उस समय तक, हैदराबाद का उच्च न्यायालय तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों के लिए सामान्य उच्च न्यायालय के रूप में कार्य करेगा।

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक अलग उच्च न्यायालय के निर्माण को सक्षम बनाने के लिए, सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे जैसे अदालत भवन, न्यायाधीशों और अधिकारियों के लिए क्वार्टर और न्यायालय के कर्मचारियों को उस स्थान पर बनाया जाना चाहिए जहां आंध्र प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय का पता लगाने के लिए चुनती है। बुनियादी ढांचे का निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसे संबंधित राज्य उच्च न्यायालय, यानी हैदराबाद में उच्च न्यायालय, जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के लिए सामान्य उच्च न्यायालय है के परामर्श से किया जाना है।

एक बार जब राज्य सरकारें और उच्च न्यायालय सभी प्रासंगिक पहलुओं पर निर्णय लेते हैं और आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाता है, तो केंद्र सरकार कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत अधिसूचना जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाएगी।

** ग्रंथालय में भी रखा गया, देखिए एल.टी. संख्या 2960/16/15

सरकार ने पहले ही उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक अलग उच्च न्यायालय के निर्माण की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए संबोधित किया था।

जनहित याचिका, पी.आई.एल. नं. आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक अलग नए उच्च न्यायालय की स्थापना के मुद्दे पर 2015 का 59 हैदराबाद के उच्च न्यायालय में दायर किया गया था। हैदराबाद उच्च न्यायालय ने 1 मई, 2015 को अपना निर्णय/आदेश सुनाते हुए आंध्र प्रदेश सरकार को उस स्थान की पहचान करने और उसका पता लगाने का निर्देश दिया जहां आंध्र प्रदेश के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश राज्य के स्थायी उच्च न्यायालय का गठन किया जाएगा। इसने राज्य सरकार को धन के आबंटन के सवाल पर निर्णय लेने और उसके बाद स्थायी उच्च न्यायालय के निर्माण के लिए खर्च करने के लिए, यदि आबंटन किया जाता है, तो जारी करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने माननीय से भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री जी और माननीय मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय भवन, प्रशासनिक भवन, माननीय के आवास की स्थापना के मुद्दे को अंतिम रूप देने के लिए एक-दूसरे के परामर्श से निर्णय लेंगे। न्यायाधीशों और न्यायालय के अधिकारियों और स्टाफ क्वार्टरों की यथाशीघ्र, अधिमानतः आदेश के संप्रेषण की तारीख से तीन महीने के भीतर।

इस बीच, हैदराबाद में ए.एस.जी. ने सूचित किया है कि उपरोक्त अदालत के आदेशों पर तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा एक समीक्षा जनहित याचिका दायर की गई थी। ए.एस.जी. ने यह भी सूचित किया है कि मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त, 2015 को होगी। यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। … (*व्यवधान*)

अपराह्न 12.11 बजे

सदस्यों द्वारा निवेदन

(1) तेलंगाना में एक पृथक उच्च न्यायालय की स्थापना करने में कथित विफलता से उत्पन्न स्थिति के बारे में

माननीय अध्यक्ष: कृपया बैठ जाएं। वह बोल रहा है। मैंने उन्हें बोलने के लिए अलाऊ किया है।

श्री ए. पी. जितेंद्र रेड्डी (महबूबनगर): महोदया, माननीय मंत्री जी ने कुछ भी नया नहीं कहा है। कल माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने बोलते हुए कहा था, जिसे मैं उद्धृत करता हूं:

> "उन्होंने कोई गलत उद्देश्य से नहीं बोला। वहाँ की स्थिति, यहाँ की स्थिति और जो आज की स्थिति है, हाई कोर्ट के सामने इस याचिका द्वारा गई है और मुझे बताया गया है कि इस रिपोर्ट के अंदर... "

यह कहते हुए उन्होंने कहा -

> [अनुवाद]
>
> उन्होंने कहा, "मैं एक व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो लंबे समय तक हैदराबाद में रहा है, कि एक बार जब आप किसी राज्य को विभाजित करते हैं तो आपके पास एक उच्च न्यायालय नहीं हो सकता है। यह बहुत स्पष्ट है कि, यदि आप किसी राज्य को विभाजित करते हैं, तो दो अलग-अलग उच्च न्यायालय होने चाहिए। यह इस क्षेत्र और उस क्षेत्र के लिए भी अच्छा होगा। हम इस बारे में बहुत स्पष्ट हैं। सरकार यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इसके बारे में कैसे जाना है और व्यावहारिक समस्याएं क्या हैं"

मीडिया और पेपर्स, में हर कोई कह रहा है कि वेंकैया नायडू जी और चंद्र बाबू नायडू... ...(व्यवधान)

[हिन्दी]

माननीय अध्यक्ष: मीडिया की बात नहीं करें तो अच्छा है।

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : मैडम, जो उसके अंदर है, वह मैं बता रहा हूँ। वे उद्धृत कर रहे थे कि…….(व्यवधान)

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: जितेंद्र जी, यह कार्यवाही वृतांत पर नहीं जाएगा।

… (व्यवधान)... [**]

[हिन्दी]

माननीय अध्यक्ष: मीडिया और इसकी चर्चा आप यहाँ नहीं करें। आप फैक्ट्स दें और जो कुछ भी उन्होंने कहा है, मामला अदालत *में है।*

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : अगर गलत है तो आप रिकार्ड से निकाल दीजिए। ...(व्यवधान)

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: यह कार्यवाही-वृत्तान्त में नहीं जाएगा।

… (व्यवधान)...[†*]

[**] कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

[†*] कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

[हिन्दी]

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : मैं सिर्फ यह बात बोल रहा हूँ कि उनके ऊपर ख्वामखाह आरोप कर रहे हैं।

...(व्यवधान)

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: उन्होंने तथ्य दिए हैं। मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

... (व्यवधान)

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : मैं वही बोल रहा हूँ। मैं गलत बात कर रहा हूँ, तो आप रिकार्ड से निकाल दीजिए।

...(व्यवधान)

[अनुवाद]

माननीय अध्यक्ष: जब कानून मंत्री जी कुछ कह रहे हैं, तो आप उनसे कुछ अलग कैसे कह सकते हैं?

[हिन्दी]

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : उनके ऊपर जो आरोप लगाया जा रहा था, वह गलत आरोप उन्होंने बोला कि व्यक्तिगत रूप से, मुझे लगता है कि एक अलग उच्च न्यायालय दिया जाना चाहिए। कल, केंद्रीय मंत्री जी ने वह बयान, दिया था। और उसके बाद हम श्री जेटली से मिलने गए। हमने उन्हें धारा 31 दिखाई, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आपको अलग-अलग उच्च न्यायालय बनाने हैं; एक आंध्र प्रदेश में और एक तेलंगाना में।

माननीय अध्यक्ष: कोई भी इसे अस्वीकार नहीं कर रहा है।

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : मेरे सहयोगी, श्री विनोद ने कल विशेष रूप से कहा कि सचिवालय यहां है, डीजी यहां है और उन्हें यहां अपनी भ्रष्टाचार रोधी शाखा मिली है और मुख्यमंत्री जी भी हैदराबाद में रह रहे हैं, उन्होंने कहा कि वे एक अलग उच्च न्यायालय के लिए भी जगह देने के लिए तैयार हैं।

महोदया, अलग राज्य देना एक बात होती है लेकिन उच्च न्यायालय भी देना बहुत ज़रूरी है। अब मंत्री जी कह रहे हैं कि एक समीक्षा याचिका है। पुनर्विचार याचिका क्यों दायर की गई?यह इसलिए दायर किया गया था क्योंकि फैसले में कहा गया है कि उस क्षेत्र में उच्च न्यायालय का गठन किया जाना है और वहां आवास सहित एक भवन बनाया जाना है। उनके लिए हैदराबाद में सब कुछ उपलब्ध है। दस साल तक, उनकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। हमारे मुख्यमंत्री जी उनकी अच्छी तरह से देखभाल करेंगे। अब तक पिछले एक साल और दो महीनों, के दौरान किसी भी पुलिस स्टेशन में किसी के खिलाफ गंभीर नफरत का कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है। हम उन्हें अपने मेहमान के रूप में देख रहे हैं। हम हमेशा उनकी देखभाल करेंगे। जब हमारे पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर को आपत्ति नहीं है, हमारे होम मिनिस्टर जी को आपत्ति नहीं है, हमारे जेटली जी को आपत्ति नहीं है, हमारे यूनियन लॉ मिनिस्टर को आपत्ति नहीं है, तो आज इसको क्यों टाला जा रहा है?यह कोई सरकारी फैसला नहीं है। यह एक राजनीतिक फैसला है। यदि आज रात मंत्रिमंडल की बैठक होती है, तो वह आज ही इस पर निर्णय ले सकता है और इसे अधिसूचित कर सकता है। आज रात के रात यह चर्चा खत्म होने वाली है। यह बिल्कुल भी *न्यायिक नहीं है*। *उप-न्यायिक* मामला उस क्षेत्र से संबंधित है जिसके लिए हमने पहले ही एक समीक्षा याचिका दायर की है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि यह एक राजनीतिक निर्णय है जिसे लिया जाना है। यह एक रात के भीतर किया जा सकता है। आज शाम को अगर कैबिनेट मीटिंग बैठ रही है, मैडम, आप देख रहे हैं कि हम आपको तकलीफ नहीं दे रहे हैं, आपके बिजनेस के अन्दर में हम इण्टरप्शन नहीं कर रहे हैं। हमारे ऊपर हम तकलीफ ले रहे हैं, हमारे पैरों के ऊपर हम खड़े हो रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे पूरे एम.पीज़ लोग वहां पर खड़े रहकर अपना कष्ट ले रहे हैं। इतना कष्ट लेने के बाद भी गवर्नमेंट को बैड नेम आएगा, खराब नाम आयेगा। राजाज्ञा का आप उल्लंघन कर रहे हैं। मेरी रिक्वैस्ट आपसे है कि इस छोटे से मैटर के अन्दर आप दखल दीजिए।

माननीय अध्यक्ष: यह सवाल नहीं है। मुझे पता है।

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : आप मंत्री जी को बताएं कि यह एक राजनीतिक निर्णय है जिसे लिया जाना है। इसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिए।

श्रीमती कविता कल्वाकुंतला (निजामाबाद): महोदया, समीक्षा याचिका तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा दायर की गई है क्योंकि उस न्यायाधीश ने भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी थी। वास्तव में, भारत सरकार को याचिका दायर करनी पड़ी जबकि हमने याचिका दायर की है। हम इन संस्थानों को बनाए रखना चाहते हैं लेकिन आप हमारे साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह एक राजनीतिक मुद्दा है। ...** उच्च न्यायालय के माध्यम से तेलंगाना राज्य पर शासन करना चाहता है... (*व्यवधान*)

** कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

माननीय अध्यक्ष: वह नाम वहाँ नहीं होना चाहिए। किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं होना चाहिए और न ही कोई नाम होना चाहिए। क्षमा करें श्रीमती कविता, यह उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

श्रीमती कविता कल्वाकुंतल: मैडम, केंद्र सरकार को तेलंगाना के अधिकारों की रक्षा करनी है… (*व्यवधान*)

माननीय अध्यक्ष: मैं पहले ही कह चुका हूं कि कोई नाम नहीं लिया जाना चाहिए और न ही कोई आरोप लगाया जाना चाहिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब आप मंत्री जी की बात सुनें।

श्री डी. वी. सदानन्द गौड़ा: महोदया, मैं अपने विद्वान सहयोगियों द्वारा व्यक्त किए गए विचार से पूरी तरह असहमत हूं क्योंकि जहां तक आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम का संबंध है इस सरकार द्वारा कोई राजनीतिक निर्णय नहीं लिया जाएगा। अधिनियम में जो कुछ भी है, हम उसके लिए प्रतिबद्ध हैं… (*व्यवधान*)लेकिन वर्तमान में, एक समीक्षा याचिका है जो हैदराबाद में उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। मामला न्यायालय *में विचाराधीन* है। मैं अपने विचार व्यक्त करने में असमर्थ हूं। लेकिन हम यह देखने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि पुनर्गठन अधिनियम में जो भी चीजें हैं और उन्हें पूरी तरह से समर्थन दिया जाएगा। जहां तक तेलंगाना के लिए उच्च न्यायालय की स्थापना का संबंध है, हम हर चीज का ध्यान रखेंगे… (*व्यवधान*)

माननीय अध्यक्ष: अब और कुछ नहीं। यह पर्याप्त है। अब श्री. श्रीनिवासराव बोलो।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपका यह व्यवहार सही नहीं है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपका यह व्यवहार सही नहीं है।

… (व्यवधान)

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडू): अध्यक्ष, महोदया, यह बहुत ज्यादा है। मुझे बताना होगा कि हम भारतीय हैं। हम यह समझने के लिए भी परिपक्व हैं कि इस क्षेत्र और उस क्षेत्र की समस्याएं क्या हैं। इस संसद और इस पार्टी ने इसका समर्थन करने का फैसला किया है। हम तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों के बीच उच्च न्यायालय के विभाजन के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। सरकार इस बारे में बहुत स्पष्ट है… (*व्यवधान*) श्री विनोद कुमार, यदि आप कुछ कहते हैं तो आपको कम से कम दूसरों को भी सुनने का धैर्य रखने की स्थिति में होना चाहिए। अगर आप सुनना नहीं चाहते हैं, तो मैं इसे छोड़ देता हूं। मैं अपने मंत्री जी से भी बयान वापस लेने के लिए कहूंगा और आप जो करना चाहते हैं वह करें… (*व्यवधान*)

माननीय अध्यक्ष: श्री ए. पी. जितेंद्र रेड्डी जी, मैं आपको अनुमति नहीं दे रहा हूं। यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

… (व्यवधान) **

श्री एम. वेंकैया नायडू: यह क्षेत्र और वह क्षेत्र क्या है? हम कोई क्षेत्रीय पार्टी नहीं हैं। हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं और हमें एक राष्ट्रीय पार्टी होने पर गर्व है। क्षेत्रीय दलों का अपना स्थान होता है और एक राष्ट्रीय दल का अपना स्थान होता है। मेरी बात बहुत सरल है। यह एक बहुत ही भावनात्मक मुद्दा है और हमें भावनात्मक मुद्दा नहीं उठाना चाहिए। हमें इसका राजनीतिकरण भी नहीं करना चाहिए। हम उन लोगों के नाम नहीं ले सकते जो अपना बचाव करने के लिए यहां नहीं हैं।

माननीय अध्यक्ष: मैं पहले ही कह चुका हूँ।

श्री एम. वेंकैया नायडू: इस मुद्दे पर वापस आते हैं, राष्ट्रीय दल हैं और काल्पनिक दल भी हैं। मुद्दा यह है कि, आप अधिनियम में जो वादा किया गया है उसे कैसे लागू करते हैं? दूसरा, सरकार ने सैद्धांतिक और माननीय

** कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

रूप से निर्णय लिया है। मंत्री जी ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया है। इसके बाद आंदोलन शुरू हुआ। भारत के माननीय मंत्री जी ने दोनों मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है और अदालत ने कुछ आदेश भी दिए हैं। श्री विनोद कुमार ने ठीक ही उल्लेख किया है कि अदालत ने अदालत के स्थान के बारे में कुछ राय दी है। एक व्यावहारिक समस्या है। पूरे सभा और देश को यह समझना चाहिए कि यदि आपको किसी विशेष स्थान पर उच्च न्यायालय का पता लगाना है, तो इसमें कुछ समय लगेगा। तो, एक सुझाव जो दिया गया था... (*व्यवधान*) जब लोग आपसे पूछते हैं कि आपने क्या वादे किए हैं और आपने चौदह महीनों में उन्हें लागू क्यों नहीं किया? लोग ऐसी बातें भी कहेंगे।

महोदया, यह एक व्यावहारिक समस्या है। मैं यह बात पूरी गंभीरता से कह रहा हूं। एक अदालत स्थापित करने के लिए आपको जगह की पहचान और फिर निर्माण और अन्य चीजों की आवश्यकता होती है। श्री विनोद कुमार द्वारा दिए गए सुझाव ने मुझे आकर्षित किया। मैंने उन्हें निजी तौर पर बताया और मैंने कल अपने मंत्री जी को भी बताया और मैंने उन्हें इस मामले पर चर्चा करने के लिए कहा। यदि तेलंगाना सरकार स्वयं यह कहने के लिए आगे आ रही है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय को कुछ समय के लिए हैदराबाद में स्थानांतरित किया जा सकता है जब तक कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है, जैसा कि आंध्र प्रदेश की राज्य राजधानी के मामले में अन्य संस्थानों के साथ तेलंगाना में है। यह एक बहुत ही सार्थक सुझाव है। लेकिन इस मुद्दे को अदालत के समक्ष फिर से खड़ा करना होगा जहां एक याचिका लंबित है। मैं माननीय से अनुरोध करना चाहूंगा। मंत्री जी, मेरे सहयोगी, यह कहते हुए कि इस सुझाव को अदालत के समक्ष भी रखा जा सकता है और फिर इसके अंत में हमें अदालत द्वारा एक संतोषजनक समाधान प्राप्त करना चाहिए क्योंकि हमें अदालत को अदालत के आदेश का पालन करने में व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में समझाना चाहिए जो यह कहते हुए दिया गया था कि आप अधिनियम और सभी के अनुसार वहां जाएं और अदालत का पता लगाएं। यह एक पारगमन व्यवस्था है, एक अस्थायी व्यवस्था है। हम उस तर्ज पर काम कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि कानून मंत्री जी जो एक अनुभवी व्यक्ति हैं, वे श्री विनोद कुमार और अन्य दोस्तों के अनुरोध के पीछे की भावना को समझेंगे। मुझे इसमें योग्यता दिखाई देती है। इसकी जांच की जा सकती है और सरकार उच्च न्यायालय को विश्वास में लेने सहित आगे की

कार्रवाई कर सकती है। लेकिन इसका निपटारा किए बिना, सरकार द्वारा एकतरफा कार्रवाई करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

मेरे मित्र श्री जितेंद्र रेड्डी कह रहे थे कि यह एक राजनीतिक निर्णय है। राजनीतिक निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। इसलिए हमने इसका समर्थन किया। लेकिन अब सवाल यह है कि प्रशासनिक कार्रवाई करनी होगी। प्रशासनिक कार्रवाई के लिए अदालत की सहमति होनी चाहिए। अंत में, हम उच्च न्यायालय के बारे में निर्णय ले रहे हैं और इसलिए उच्च न्यायालय को भी विश्वास में लेना होगा। सरकार इस दिशा में आगे बढ़ेगी। मैं अपने मित्रों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें और कुछ समय के लिए सरकार के साथ खड़े रहें और देखें कि क्या सरकार वास्तव में इस बारे में गंभीर है अथवा नहीं। जल्द ही आपको इसका पता चल जाएगा।

माननीय अध्यक्ष: श्री श्रीनिवास राव, उन्होंने पहले ही समझाया था। माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने सब कुछ समझाया है और मैंने खुद कहा है कि कोई नाम और कोई आरोप रिकॉर्ड पर नहीं जाना चाहिए। अब आप क्या चाहते हैं? लेकिन अब फिर से कोई आरोप अथवा कुछ भी नहीं होना चाहिए।

श्री मुथमसेट्टी श्रीनिवास राव (अवंती) (अनकापल्ली): महोदया, मैं ऐसा नहीं करूंगी।

माननीय अध्यक्ष: तब आप क्या कहना चाहते हैं? माननीय मंत्री जी पहले ही सब कुछ बता चुके हैं।

श्री मुथमसेट्टी श्रीनिवास राव (अवंती) : हर चीज के लिए वे मेरे मुख्यमंत्री जी का नाम खींच रहे हैं जो यहां उपलब्ध नहीं हैं। ... (*व्यवधान*) यह सही नहीं है।

माननीय अध्यक्ष: मैं पहले ही कह चुका हूँ।

श्री मुथमसेट्टी श्रीनिवास राव (अवंती) : हमारे पास धारा 8, 9 और 10 है जो इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि इसे कहां लागू किया जाना है और दोनों सरकारों द्वारा चर्चा की जानी है। हाल ही में, 15 दिन पहले ही, लगभग 1,500 कर्मचारियों को हटा दिया गया है। उन्हें ड्यूटी से छुट्टी दे दी गई है। वे न तो आंध्र प्रदेश में हैं और न ही तेलंगाना में। वे बिना वेतन के कैसे रहेंगे? उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है। इस तरह की चीजें हो रही हैं। धारा 9 के

तहत 100 संस्थान हैं और धारा 10 के तहत अन्य 100 संस्थान हैं। ... (*व्यवधान*) हर कोई यह जानता है। वे इसे लागू नहीं कर रहे हैं।

विधि और न्याय मंत्री (श्री डी. वी. सदानन्द गौड़ा): माननीय अध्यक्ष महोदया, यह मामला पहले से ही हैदराबाद उच्च न्यायालय में लंबित है। मेरे मित्र श्री विनोद कुमार और उनके सहयोगियों को अदालत के समक्ष उस मुद्दे को उठाने दें। अदालत से जो भी फैसला आता है, हम उसका पालन करने के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि उच्च न्यायालय को जल्द से जल्द विभाजित करने की आवश्यकता है। प्रक्रिया का ध्यान रखा जाना चाहिए। मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को बुनियादी ढांचा और अन्य चीजें जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। जैसे ही हमें वे सभी चीजें मिलेंगी, हम इसके साथ आगे बढ़ेंगे।

———————

अपराह्न 12.27 बजे

(2) तमिलनाडु के मछुआरों के समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में

डॉ. पी. वेनुगोपाल (तिरुवल्लूर): माननीय अध्यक्ष महोदया, पूरे तमिल समुदाय को परेशान करने वाले तमिलनाडु, के मछुआरों के इस बारहमासी मुद्दे पर बोलने की अनुमति देने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

मैंने इस संबंध में स्थगन प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है। तमिलनाडु के तटीय गांवों में रहने वाले दस लाख से अधिक मछुआरों का पारंपरिक व्यवसाय मछली पकड़ना है। ये मछुआरे न केवल अपनी आजीविका कमा रहे हैं, बल्कि वे हमारे देश के लिए बहुत आवश्यक विदेशी मुद्रा भी कमा रहे हैं। अगर तमिल मछुआरों पर श्री लंकाई नौसेना द्वारा हमला नहीं किया जाता है, तो इन आय में वृद्धि हो सकती है।

इस तरह के लगातार हमलों के कारण, हजारों मछुआरे घायल हो जाते हैं, अपंग हो जाते हैं और यहां तक कि मारे जाते हैं, जिससे उनके परिवार अनाथ हो जाते हैं। वर्षों और महीनों में, ये हमले बहुत बार और गंभीर हो गए हैं। हमारे मछुआरों को पकड़ने, हिरासत में लेने और परेशान करने से, लेकर अब वह समय आ गया है जब उन्हें देखते ही गोली मार दी जाती है। यह श्रीलंका की आपराधिक, अमानवीय और अनुचित कार्रवाई है।

सदन, में कई बार इस मुद्दे को उठाने के बावजूद सरकार द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। श्रीलंका में सर्वोच्च अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे बयान हमारे लिए अधिक डराने वाले हैं और इस तरह के हमलों की आवृत्ति बढ़ रही है।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री जी में तमिल मछुआरों को देखते ही गोली मारने का आदेश देने की हिम्मत है, यह तब की गई है जब हमारे विदेश मंत्री जी श्रीलंका में थे। अभी तक, उनके बयान की किसी ने निंदा नहीं की है।

मेरी नेता और तमिलनाडु की मुख्यमंत्री डॉ. अम्मा लगातार इस देश के प्रधानमंत्रियों के साथ इस मुद्दे को उठाते रही हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

मछुआरों पर हमले केवल तमिल मछुआरों के साथ नहीं होते हैं। इस तरह के हमले केरल के मछुआरों के साथ होते हैं, जहां विदेशी जहाज आते हैं और उनका जखीरा ले जाते हैं। गुजरात के मछुआरों पर हमला किया जाता है और उन्हें पाकिस्तान द्वारा पकड़ लिया जाता है। इस तरह, कई सामान्य मुद्दे हैं जिन पर सदन में चर्चा करने की आवश्यकता है। हमारी संसद लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन करती है, जहां माननीय सभी दलों के सदस्य चर्चा और बहस में भाग लेते हैं।

अपने स्थगन प्रस्ताव नोटिस पर आते हुए, मैं माननीय से अनुरोध करूंगा। विदेश मंत्री जी तमिल मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाएंगे और श्रीलंका के प्रधानमंत्री जी के बयान की निंदा करेंगे।

मैं यह भी अनुरोध करूंगा कि मेरे स्थगन प्रस्ताव के नोटिस को स्वीकार किया जाए और चर्चा को तुरंत शुरू करने की अनुमति दी जाए।

माननीय अध्यक्ष: यह निर्णय पहले ही दिया जा चुका है। यह ठीक है। आपने मुद्दा उठाया है। धन्यवाद।

श्री रवीन्द्र कुमार जेना और श्री भैरों प्रसाद मिश्रा को डॉ. पी. वेणुगोपाल द्वारा उठाए गए मामले में शामिल होने की अनुमति दी गई है।

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडू): माननीय अध्यक्ष महोदया, यह मुद्दा बहुत गंभीर है और यह बार-बार आने वाला मुद्दा है। यह अचानक नहीं हुआ है। मैं सभा को यह भी बताना चाहता हूं कि विदेश मंत्री आवश्यक रुचि ले रहे हैं और समय-समय पर श्रीलंका के साथ चर्चा में लगे हुए हैं। हम अपने तमिल मछुआरों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं जो हर अवसर पर श्रीलंका में पकड़े जाते हैं। मैं सभा को यह भी बता सकता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी, ने प्रधानमंत्री बनने के बाद श्रीलंका के प्रधानमंत्री जी से बात की और दोषी ठहराए गए, पांच मछुआरों को बिना

किसी मामले के वापस लाया। यह सरकार की ईमानदारी को दर्शाता है। यह एक बार-बार होने वाली समस्या है। इसका स्थायी समाधान निकालना होगा। मैं माननीय की भावनाओं को व्यक्त करूंगा। सदस्य डॉ. पी. वेणुगोपाल और अन्य लोगों ने सम्मानित किया। विदेश मंत्री जी इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें। क्योंकि यह एक संवेदनशील मामला है, इसलिए मैंने सोचा कि मुझे हस्तक्षेप करना चाहिए।

श्री मेकापती राजा मोहन रेड्डी (नेल्लोर): माननीय अध्यक्ष जी, आपकी सलाह पर, माननीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी और माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री वेंकैया नायडू जी के शब्दों पर, हम भारत सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा प्राप्त राज्य घोषित करने के लिए उचित निर्णय लेने के लिए कुछ और समय तक प्रतीक्षा करना चाहेंगे। आंध्र प्रदेश के पांच करोड़ लोग इसी मुद्दे पर आंदोलन कर रहे हैं। इसीलिए, हमारे पार्टी अध्यक्ष श्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी 67 विधायकों, एमएलसी, सांसदों और 3000 पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ इस महीने की 10 तारीख को जंतर-मंतर पर धरना देने जा रहे हैं। इसलिए, मैं भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह जल्द से जल्द एक सकारात्मक निर्णय ले। संसद में किए गए वादों को निभाना संसदीय लोकतंत्र की एक बड़ी मौलिक पवित्रता है। इसलिए मैं भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह अपने वादों को निभाए और यह सुनिश्चित करे कि आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा प्राप्त राज्य घोषित किया जाए। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद

माननीय अध्यक्ष: श्री के. परसुरामन जी आपने नोटिस दिया है। आपका नाम “शून्यकाल” सूची में पहले स्थान पर है।

श्री के. परसुरामन (तंजावुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, यह एक सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय खेल प्राधिकरण देश भर में खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल मानकों को विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र काम कर रहे हैं। आओ और खेलो योजना के तहत, भारतीय खेल प्राधिकरण देश के सभी हिस्सों में अपनी प्रशिक्षण गतिविधियों का विस्तार करता है। जहां तक तंजावुर का संबंध है, इसमें कई छोटे गाँव शामिल हैं और इस निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं के पास विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त खेल प्रतिभा और क्षमता है लेकिन अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर कम है। अब, भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से वडुवूर गांव में एक इनडोर स्टेडियम का निर्माण चल रहा है। इसलिए, मैं सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि वह वडुवूर में पर्याप्त, उन्नत उपकरणों और छात्रावास सुविधाओं के साथ विशेष क्षेत्र खेलों के लिए एक विस्तार केंद्र

स्थापित करे ताकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें। धन्यवाद।

[हिन्दी]

श्री आर.के.सिंह (आरा) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। पिछले कुछ महीनों से हम लोग देख रहे हैं कि कश्मीर में एंटी नेशनल एलिमेंट्स के द्वारा पाकिस्तानी झंडा वेभ किया जा रहा है। यह बार-बार हो रहा है। अब देश इस स्थिति में नहीं है कि इस तरह के एंटी नेशनल कार्रवाई को बर्दास्त करे। हम लोग यह पूछना चाहते हैं कि इस तरह के एंटी नेशनल कार्रवाई पर राज्य सरकार कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, कठोर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? अगर राज्य सरकार इस पर कठोर कार्रवाई नहीं कर रही है, तो केन्द्र सरकार इस पर क्यों नहीं कार्रवाई कर रही है? इस पर कार्रवाई नहीं करने से एंटी नेशलन एलिमेन्ट्स का मोराल बढ़ता है। हमारा गृह मंत्रालय और केन्द्र सरकार से यह निवेदन है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करे, कठोर कार्रवाई करे, नहीं तो एंटी नेशनल एलिमेन्ट्स का मोराल बढ़ेगा।

मैडम, कुछ ही लोग हैं जो आई.एस.आई. के द्वारा फंडेड हैं, उनको झंडा दिखाने के लिए पैसा मिलता है। पहले आपने देखा होगा कि ऐसा नहीं होता था क्योंकि एक-दो बार ऐसा हुआ तो कड़ी कार्रवाई की गयी। अभी कड़ी कार्रवाई क्यों नही हो रही है, यह हम को जानकारी नहीं है। मैं पूरे देश का सेंटीमेंट एक्सप्रेस कर रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, कुमारी शोभा कारान्दलाजे, श्री सुमेधानन्द सरस्वती, डा. वीरेन्द्र कुमार और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री आर.के.[अनुवाद] सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा, उत्तर प्रदेश के किसानों की ओर दिलाना चाहता हूं। अमरोहा संसदीय क्षेत्र में 3 तहसीलें हैं, 6 विकास

खंड हैं तथा कुल आबादी लगभग 18,38,771 है जिसमें से ज्यादातर आबादी खेती-बाड़ी व पशुपालन के व्यवसाय से जुड़ी हुई है। केन्द्र सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों को खेती-बाड़ी से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु उनके हित में बहुत सी योजनाएं कृषि अनुसंधान व कृषि तकनीकी की नवीनतम जानकारियां समय-समय पर जारी की जाती हैं। परन्तु सूचना के अभाव में ये जानकारियां किसानों को समय पर प्राप्त न हो पाने के कारण हमारे क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा, उत्तर प्रदेश में कृषि विज्ञान केन्द्र खुलवाने एवं पशुपालक किसानों के दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य एवं रखरखाव से संबंधित जानकारी देने हेतु पशु स्वास्थ्य मेले का आयोजन करवाने की कृपा करें जिससे हमारे किसानों को कृषि अनुसंधान से संबंधित योजनाओं, नवीनतम कृषि तकनीक एवं पशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां समय पर मिल सकें और वे उसका फायदा उठाकर देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान करें।

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान, कृषि कार्य में लगे नागरिकों की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि जिस तरह म.न.रे.गा को सरकार महत्वकांक्षी योजना बनाकर आम लोगों को रोजगार उत्पन्न करा रही है, उसी तरह कृषि व्यवसाय वालों को भी रोजगार योजना शुरू करने की आवश्यकता है क्योंकि महाराष्ट्र राज्य में इस बार आवास की स्थिति बनी हुई है। किसान कर्ज लेकर कृषि कार्य करते हैं। मात्र 4 माह कृषि कार्य करते हैं और 8 माह खाली बैठे रहते हैं जिस कारण किसानों को कर्ज चुकाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। कर्ज के कारण किसान आत्महत्या भी कर लेते हैं।

अत: आग्रह है कि कृषि कार्य में लगे किसानों के लिए रोजगार योजना शुरू करनी चाहिए जिससे किसान कृषि कार्य के बाद उस योजना से जुड़ सकें एवं अपना जीविकोपार्जन कर सकें। इस योजना में जिनकी कम जमीन है तथा 18 से 65 वर्ष के किसानों को कृषि जॉब कार्ड देने की आवश्यकता है। जिसकी जिस तरह की जमीन है, उसे उसी लायक मजबूर जॉब कार्ड देने की आवश्यकता है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्री राम दास सी. तडस द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[अनुवाद]

****श्रीमती वी. सत्यभामा (तिरूप्पुर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, इस अवसर के लिए धन्यवाद। 17वीं शताब्दी के दौरान मैसूर के हिंदू शासकों द्वारा भवानी नदी पर कोडिवेरी बांध का निर्माण किया गया था। यह बांध तमिलनाडु के इरोड जिले के गोबीचेट्टीप्पलायम तालुक, में 'पेरिया कोडिवेरी' नामक स्थान पर है। ताडाप्पल्ली और अरक्कनकोट्टई जलमार्ग दोनों तरफ से इस कोडिवेरी बांध से जुड़े हुए हैं। नदी के पार छोटे और बड़े पत्थरों की मदद से 20 फीट की ऊंचाई के लिए एक कृत्रिम झरना बनाया गया है। पानी का भंडारण भी किया जाता है। बांध के बाएँ और दाएँ किनारों पर दो सिंचाई, नहरें हैं जिनके नाम टाडापल्ली और अरक्कनकोट्टई हैं। तमिलनाडु की माननीय मुख्यमंत्री जी और विश्व की पूज्य नेता डॉ. पुरात्चिथलाइवी अम्मा जी के आदेशों के तहत, तडाप्पल्ली और अरक्कनकोट्टई दोनों नहरों में 4 किलोमीटर के लिए कंक्रीट लाइनिंग बिछाने से संबंधित कार्य किया गया। युद्ध स्तर पर 40.45 करोड़ रु. और डेढ़ महीने के भीतर पूरा किया गया। इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले गोबीचेट्टीप्पलायम और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले किसान, बेहद खुश हैं। इन दो जल नहरों के संबंध में अभी भी कुछ काम लंबित है। यदि यह काम समय पर पूरा हो जाता है, तो पानी का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करने के अलावा कृषि गतिविधियों को भी शुरू किया जा सकता है। यह परियोजना इरोड जिले के गोबीचेट्टीप्पलायम, अंधियूर और भवानी तालुकों में 24,504 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई के लिए सहायक है। इसलिए मैं केंद्र सरकार से इस परियोजना से संबंधित शेष कार्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करने का आग्रह करती हूं।

धन्यवाद।

** मूलतः तमिल में दिए गए भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का हिन्दी रूपांतरण

श्री गजानन कीर्तिकर (मुंबई उत्तर पश्चिम): माननीय अध्यक्ष महोदया, संयुक्त राज्य अमेरिका में हिंदू मंदिरों की तोड़फोड़ के संबंध में एक मुद्दा उठाने का अवसर देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हाल के दिनों में, पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में भी हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जाता है। हिंदू और हिंदू मंदिर वहाँ नरम लक्ष्य बन गए हैं। इस तरह की घटनाएं प्रमुख हिंदू त्योहारों से पहले होती हैं। धार्मिक मंदिर वे स्थान हैं जहाँ लोग सुरक्षित महसूस करते हैं, शांतिपूर्ण पूजा करते हैं और दूसरों की सेवा करने की प्रेरणा लेते हैं। 17 सितंबर, 2014, को संयुक्त राज्य अमेरिका में हिंदू विरोधी घटनाएं हुईं। कुछ दिन पहले भी, अमेरिका में इसी तरह की घटनाएं हुई थीं।

इसलिए, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस मामले को अमेरिकी अधिकारियों के साथ उठाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

माननीय अध्यक्ष: कुमारी शोभा करंदलाजे को श्री गजानन कीर्तिकर द्वारा उठाए गए मुद्दे से जुड़ने की अनुमति है।

डॉ. प्रभास कुमार सिंह (बरगढ़): माननीय अध्यक्ष महोदया, हमारे देश के कृषक समुदाय की पीड़ाओं से संबंधित एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को उठाने का अवसर देने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

आधुनिक समय में अधिक प्रौद्योगिकी निवेश के साथ खेती अधिक लागत वाली हो गई है। ओडिशा राज्य में नियमित रूप से आने वाली, किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं और बीमारी या कीटों के प्रकोप से किसानों को अपूरणीय क्षति होती है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से हमारे देश की जीवन रेखा कृषि क्षेत्र में, हुए नुकसान के और भी खराब होने की उम्मीद है। जब तक पीड़ित किसानों को पर्याप्त सहायता नहीं दी जाती, तब तक उनके लिए अपने कृषि उद्यम को पुनर्जीवित करना असंभव होगा। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल के नुकसान के लिए प्रभावित किसानों को आपदा राहत कोष (सीआरएफ) से दी जाने वाली इनपुट सहायता को मौजूदा रुपये से उपयुक्त रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। 6,800 और रु. 13,500 प्रति हेक्टेयर गैर-

सिंचित और सिंचित भूमि क्रमशः न्यूनतम रु. 2,000। इसी तरह, बारहमासी और बागवानी फसलों के लिए फसल के नुकसान के लिए रु. की दर से इनपुट सहायता दी जाती है। 18,000 प्रति हेक्टेयर न्यूनतम रु. 4,000 को भी उचित रूप से बढ़ाया जाना चाहिए।

हमारे माननीय ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक जी ने इस मामले को देखने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए केंद्र सरकार को कई पत्र लिखे हैं। इसलिए, मैं केंद्रीय कृषि मंत्री जी से आपदा राहत कोष से आपदा प्रभावित किसानों को दी जाने वाली इनपुट सहायता को उपयुक्त रूप से बढ़ाने और कृषक समुदाय की मदद करने का आग्रह करता हूं।

माननीय अध्यक्ष: श्री रवीन्द्र कुमार जेना को डॉ. प्रभास कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[हिन्दी]

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर के गंगनौली में बजाज हिन्दुस्तान मिल द्वारा सुगर मिल संचालित है। बजाज हिन्दुस्तान एशिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पादनकर्ता द्वारा जिलाधिकारी सहारनपुर को एक पत्र लिखा गया कि आगामी पेराई सत्र में वह मिल चलाने में असमर्थ हैं क्योंकि गन्ना किसान मिल को पूरा गन्ना नहीं दे रहे हैं। यह सरासर असत्य बात है बल्कि सच्चाई यह है कि मिल मालिक द्वारा किसानों का भुगतान सही रूप से नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश में इस ग्रुप की 14 मीलें संचालित हैं। अभी बीते पेराई सत्र में 46,0000 क्विंटल गन्ने की पेराई मील द्वारा की गई है जिससे 4,14000 क्विंटल चीनी का उत्पादन हुआ है और 1,60,000 लीटर इथेनॉल का उत्पादन हुआ है। इन आंकड़ों से हम यह देख सकते हैं कि मिल को किसी प्रकार का कोई घाटा नहीं हुआ है।

महोदया, मेरे क्षेत्र के लगभग 40 से 50 हजार किसान इस मिल से जुड़े हुए हैं। यदि यह मिल बंद होती है, तो किसान बर्बाद हो जायेगा और भूखमरी के हालात पर पहुंच जायेगा। मेरा आपसे यह आग्रह है कि सरकार मिल प्रबंधन और बजाज हिन्दुस्तान ग्रुप के प्रबंधन को निदेरशित करे कि वह गांव गंगनौली में स्थित शुगर मिल

का संचालन बंद न करे। यदि फिर भी प्रबंधन द्वारा इस मिल को बंद किया जाता है, तो उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये।

माननीय अध्यक्ष: श्री अजय मिश्रा टेनी और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राघव लखनपाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विनायक भाऊराव राउत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण मुद्दा सभागार में रख रहा हूं और सम्मानीय प्रधानमंत्री जी से विनती करूंगा कि वे इस पर ध्यान देकर मदद करें.। ग्रामीण इलाके के विकास के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत रास्ते बनाने का प्रावधान पिछले कई वर्षों से चालू है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज वन के अंतर्गत कई रास्तों का निर्माण हुआ। उसके बाद फेज-टू की भी शुरूआत हुई। लेकिन दुर्भाग्य से फेज वन में जितने रास्ते बनाये गयें, उसमें से कई रास्तों के लिए निधि का वितरण न होने की वजह से पिछले एक साल से उनका काम रुका पड़ा है। फेज-टू में जो रास्ते मंजूर हुए हैं, उनका काम भी शुरू हो गया है, लेकिन निधि न होने की वजह से वह काम भी रुक गया।

अध्यक्ष महोदया, लोगों की सहायता के लिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के लिए निधि न होने की वजह से यह काम बंद हो रहा है, उससे लोगों में बहुत रोष है, क्योंकि इससे लोगो को बहुत कठिनाइयां हो रही हैं। वैसे हमने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से भी मिलकर विनती की है। लेकिन मैं एक बार फिर आपके माध्यम से माननीय पंत प्रधान जी से विनती करूंगा कि देश के ग्रामीण विकास की इस महत्वपूर्ण योजना पर आप ध्यान दें और उसके लिए मदद करें।

माननीय अध्यक्ष: श्री अरविंद सावंत, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री प्रतापराव जाधव, श्री राहुल रमेश शेवाले और श्री राजन विचारे को श्री विनायक भाऊराव राउत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[अनुवाद]

श्री सी. गोपालकृषणन (नीलगिरीस): माननीय अध्यक्ष, महोदया, *वनक्कम*। सबसे पहले, मैं अपने महान नेता, अम्मा से प्रार्थना करता हूं।

महोदया, मैं देश भर में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर काम करने वाले टोल-टैक्स गेटों की यात्रा करते समय और उन्हें पार करते समय सभी संसद सदस्यों और संसद के पूर्व सदस्यों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं। यह देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही में एकमात्र बाधा और बड़ी बाधा है और आने-जाने वाले लोगों के कीमती समय को बचाने और माल की आवाजाही को आसान बनाने के लिए इसे तुरंत हल करने की आवश्यकता है। सभी संबंधित विभागों को कठिनाइयों के समाधान के लिए सकारात्मक रूप से कार्य करना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष महोदया, चूंकि हम जनता के प्रतिनिधि हैं, इसलिए हम अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करते हैं और कभी-कभी अपने निर्वाचन-क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में राज्य मुख्यालय जाते हैं। हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन जाते समय अथवा सड़क मार्ग, से यात्रा करते समय हमें टोल-टैक्स गेट को पार करना पड़ता है। एम.पी. स्टिकर वाले हमारे वाहनों को पहचान पत्र दिखाने के बाद भी सभी टोल-टैक्स गेटों में परेशानी मुक्त प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे अनावश्यक समस्या पैदा होती है। कभी-कभी हमारे पीए या हमारे प्रतिनिधि हमें हवाई अड्डे अथवा रेलवे स्टेशन; से लाने के लिए हमारे वाहन का उपयोग करते हैं, उस समय भी उन्हें यही समस्या हो रही होती है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार, से अनुरोध करूंगा, महोदया, कि वह आवश्यक कदम उठाए और संबंधित प्राधिकारी को निर्देश दिए जाएं कि संसद सदस्यों और संसद के पूर्व सदस्यों के वाहनों को देश में काम करने वाले सभी टोल-टैक्स गेटों में निर्बाध प्रवेश की अनुमति दी जाए, ताकि सदस्यों की सुविधा के लिए हमें विशेषाधिकार दिया जा सके। धन्यवाद, महोदया।

[हिन्दी]

कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) : माननीय अध्यक्ष जी, रेगिस्तान का जहाज जिसे शिप आफ डेजर्ट कहते हैं, मैं उसके बारे में जिक्र करना चाहता हूं। ऊंट सिर्फ आवागमन और वाणिज्य के लिए बहुत जगह काम आता है। यह राजस्थान में ही बल्कि पूरे हिंदुस्तान में काम आता है लेकिन आजकल इसकी दशा ठीक नहीं है। इनमें बहुत बीमारियां हो रही हैं और वध भी हो रहा है। मैं राजस्थान की मुख्यमंत्री महोदया को धन्यवाद देता हूं कि 2015 में विधान सभा में एक्ट लाई हैं कि अगर इनका वध किया जाएगा, तो गंभीर दंडनीय अपराध होगा। ऊंटों की आबादी 1951 में करीब 3.25 लाख थी। हर साल सेंसस होता था, 1977 में इनकी आबादी करीब आठ लाख थी। 1983, 1988, 1997 में सेंसस हुआ था। 2012 में इनकी आबादी आठ लाख से 3.20 लाख हो गई है, घटती जा रही है। इनका बचाव बहुत जरूरी है। मेरा इतना ही कहना है कि इनकी घटती आबादी को देखते हुए भारत सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकार को निदेश जारी किया जाना चाहिए। ऊंटों की संख्या को देखते हुए इनके बचाव के लिए राजस्थान सरकार ने कदम उठाए हैं, इसी तरह भारत सरकार को भी कदम उठाने चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले समय में इनकी स्थिति और खराब हो जाएगी।

मैं आपके द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी और सरकार से कहना चाहता हूं कि इस बारे में विचार करके उचित कदम उठाएं।

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र चुरु के राजगढ़, तारानगर, नोहर व भादरा के आधिकांश गांवों में मोठ, बाजरा, ग्वार और तिलहन की फसलों में रैडहैड कैटरपिल्लर का प्रकोप सर्वाधिक मात्रा में है जिससे फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। इसी प्रकार मेरे संसदीय क्षेत्र के बीदासर, सुजानगढ़ व सरदारशहर तहसील के गांवों में मूंगफली की फसल में सफेद लट्ट जिसे व्हाइट ग्रब भी कहा जाता है, का प्रकोप बहुत ज्यादा है। इससे मूंगफली की अधिकांश फसल नष्ट हो चुकी है। इस क्षेत्र में गत वर्ष के दौरान सफेद लट्ट का बहुत प्रकोप रहा था जिससे किसानों का बहुत नुकसान हुआ था। अब ग्वार की फसल में रैडहैड कैटरपिल्लर रोग का प्रकोप शुरु हो गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों को मूंगफली की सफेद लट्ट, खरीफ की अन्य फसलों में रैडहैड कैटरपिल्लर व ग्वार फसल में तेला रोग के प्रकोप से बचाने के लिए उच्च गुणवत्ता के कीटनाशी रसायन यथा समय अनुदान पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष: श्री पी.पी. चौधरी को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का समभाग मुख्यालय है। यह जनजातीय क्षेत्र है। इसमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, छः जिले आते हैं। यह क्षेत्र अरावली पर्वतमालाओं से घिरा हुआ है। यहां वन सम्पदा और खनिज सम्पदा है। यहां जिंक उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र जावर माइन्स, उदयपुर है। यहां से ज्यादातर लोग अरब देशों में रोजगार के लिए, रोजी-रोटी के लिए जाते हैं। वर्तमान में पासपोर्ट कार्यालय जोधपुर में है जो बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ तहसील से 600 किलोमीटर दूर पड़ता है। वर्ष 2014 में 35000 पासपोर्ट उदयपुर समभाग से बने थे। इस तरह वर्ष में बनने वाले आधिकतर पासपोर्ट उदयपुर समभाग के लोगों के बनते हैं। हाल ही में 1 जून, 2015 को भारत सरकार की माननीय विदेश मंत्री महोदया सरकार के एक साल पूर्ण होने पर उदयपुर आई थीं, उन्होंने जनता की मांग के आधार पर घोषणा की थी। इसी संदर्भ में उदयपुर नगर निगम ने निःशुल्क भवन देने के लिए हामी भरी है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि माननीय विदेश मंत्री जी की घोषणा के अनुसार टेक्नीकल टीम उदयपुर भेजकर स्थायी पासपोर्ट कार्यालय खोलकर इसे मूर्त रूप दे और उदयपुर समभाग के आदिवासियों और आम जनता के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र बनाया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री पी.पी. चौधरी को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष जी, गुजरात में पिछले कुछ सालों से कुछ लोग अनजाने फोन कॉल्स से लोगों को बिना कोई गारंटी या बिना पेपर देने का लालच देकर लाखों रुपया फर्जी बैंक एकाउंट में जमा करवाते हैं। आम लोग जिसे बैंक का प्रोसीजर पता नहीं होता है, ऐसे लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं और लोन के लिए एडवांस जमा करवाना है, ऐसी बात करके ज्यादा से ज्यादा पैसे अपने फर्जी बैंक एकाउंट में जमा करवाते हैं। ऐसे लोगों का कोई स्थायी पता नहीं होता है और बाहरी राज्यों के बैंक एकाउंट होने की वजह से स्थानीय पुलिस भी ज्यादा कुछ नहीं कर पाती है। इस विषय में ईमेल और एमएस के जरिये से भी लोगों से पैसा लिया जाता है। मेरा आपके माध्यम से संबंधित मंत्रालय से मांग है कि इस विषय में संज्ञान लेकर आगे की कार्यवाही करे।

[अनुवाद]

श्री पी.आर. सेन्थिल नाथन (शिवगंगा): माननीय अध्यक्ष महोदया, शासन के लोकतांत्रिक, रूप में हमारे तीन महत्वपूर्ण घटक हैं। विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीन स्तंभ हैं जो प्रेस के माध्यम से जनता तक पहुंचते हैं, जिसे चौथे स्तंभ के रूप में स्वीकार किया जाता है। जब भी लोक कल्याण, के लिए कोई सरकारी अभियान चलाया जाता है, तो कार्यपालिका सभी सोशल मीडिया माध्यमों का उपयोग करके प्रेस के माध्यम से लोगों तक पहुंचती है। जनता का ध्यान आकर्षित करने वाले विज्ञापनों में हमेशा केंद्र और राज्य सरकारों के निर्वाचित कार्यकारी प्रमुखों की तस्वीर होती रही है। इसलिए, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरें प्रकाशित करना बहुत प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है। तमिलनाडु में, हमारे प्रिय नेता, माननीय मुख्यमंत्री, अम्मा कई कल्याणकारी उपायों को लागू करती हैं जो समाज के विभिन्न वर्गों के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर चल रहे हैं। कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने और लाभार्थियों को सरकार, से जोड़ने के लिए राज्य के जननेता की तस्वीर आवश्यक है।

इसलिए, मैं केंद्र सरकार से सरकारी विज्ञापनों में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री जी की तस्वीर प्रकाशित करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करने का आग्रह करूंगा।

धन्यवाद।

[हिन्दी]

श्री भगवंत खुबा (बीदर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने शून्यकाल में बोलने का मौका दिया है। मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब विदेश दौरे में जा रहे हैं, तो काफी देशों को आर्थिक मदद देने का प्रस्ताव रख रहे है। जिन देशों को आर्थिक मदद देने के लिए हां कर रहे हैं, उन देशों में उदाहरणार्थ जैसे नेपाल है, भूटान है, बांग्लादेश है, ये देश चीनी का उत्पादन नहीं करते हैं। भारत में इस साल चीनी का बहुत ज्यादा उत्पादन हुआ है। हमारे पास बहुत चीनी है। आर्थिक सहायता के अन्तर्गत चीनी को यदि हम एक्सपोर्ट करें तो भारत के किसानों के लिए बहुत मदद हो जाएगी और हमारी कृषि उपज जो दाल होगी या चीनी होगी या गेहूं होगी, उन देशों को यदि हम दे दें तो हमारे किसानों के लिए बहुत मदद होगी। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री भगवंत खुबा द्वारा उठाये गये विषय से श्री भैरों प्रसाद मिश्र को एसोशिएट किया जाए।

प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ (उस्मानाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, पिछले तीन साल से मेरा उस्मानाबाद जिला सूखाग्रस्त है। पिछले एक साल में मेरे जिले में कम से कम सौ से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। किसानों की आत्महत्या करने की वजह सिंचाई के लिए पानी का नहीं होना है। अभी पीने के लिए भी पानी नहीं है। पिछले साल जो टैंकर चालू किये गये थे, वे चालू हैं और उसकी संख्या बढ़ गई है। ऐसे में किसानों ने पिछले साल जो गन्ना चीनी मिलों में दिया था, उनको जो पेमेंट देना चाहिए था, वह दिया नहीं है। दो मिलों ने एक रुपया तक पेमेंट नहीं किया है। इसी के कारण हमारे महाराष्ट्र में और मराठवाड़ा में किसानों की आत्महत्या की संख्या बढ़ चुकी है। अगर सरकार इसको रोकना चाहती है, तो चीनी मिलों पर बंधन डालना चाहिए। यदि एकाध किसान आत्महत्या करता है, तो कलैक्टर ऑफिस से उसको एक लाख या दो लाख रुपया मुआवजा मिलता है। मेरी समझ में यह बात नहीं आती कि एकाध किसान यदि आत्महत्या करता है, तो कलैक्टर के पास फाइल करना पड़ता है। कलैक्टर उसकी जांच करता है और फाइल रिजेक्ट करता है। जब किसान आत्महत्या करता

है तो उसके गांव में गांव का सरपंच, ग्राम सेवक, गांवों के पांच पंचों के समक्ष पुलिस का पंचनामा किया जाता है। उसके बाद डॉक्टर पोस्टमार्टम करता है। उसके बाद डैथ डिक्लेअर हो जाती है। उसके बाद एक महीने तक पर्चियां लेकर कलैक्टर ऑफिस में दुखी कुटुम्ब घूमता रहता है और फिर कलैक्टर बोलता है कि यह फाइल रिजेक्ट है।

<u>अपराह्न 1.00 बजे</u>

अध्यक्ष जी, जिसके घर का कमाऊ आदमी मर गया, उसके घर के सभी लोग दुखी हैं। दुखी परिवार के लोगों को महीनों कलेक्टर आफिस के चक्कर मारने पड़ते हैं। क्या सरपंच, तहसीलदार, पुलिस, डाक्टर आदि पर भरोसा नहीं है। उनकी फाइल रिजेक्ट कर दी जाती है। मेरा मानना है कि अगर किसी किसान ने आत्महत्या की है, तो सहानुभूतिपूर्वक कलेक्टर को उसके घर जा कर दो लाख रुपयों का मुआवजा देना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र शासन को कहना चाहता हूं कि दुखी कुटुम्ब के आंसू पोंछने का काम करना चाहिए। चाहे बैंक हों या चीनी मिलें हों, इनकी वजह से भी किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। इनके ऊपर भी सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है।

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल शेवाले और श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : महोदया, पिछले शनिवार और रविवार को हम दिल्ली में रहे तथा चार सांसद पानीपत और कुरुक्षेत्र में गए थे। वहां कुछ लोगों से मिले। पानीपत के युद्ध के बाद में भी जो मराठा महाराष्ट्र से यहां आए, उन्हें रोड मराठा के नाम से जाना जाता है। महाराष्ट्र का इतिहास गौरवशाली है। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा लेकर पेशवा पुणे से आगे बढ़ते-बढ़ते दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली में अब्दाली को हराया। अब्दाली हारने के पश्चात अफगानिस्तान जाते समय पानीपत में रुका। जब पेशवाओं को इस बात का पता चला तो पानीपत में वर्ष 1761 में युद्ध किया। उस युद्ध में हम हारे लेकिन फिर भी वहां अब्दाली अपना राज्य स्थापित नहीं कर पाया क्योंकि हारने वालों में से माधव जी शिंदे ने कहा कि बचेंगे, तो और भी लड़ेंगे -

यह मराठों का अपना हौसला था। इसे देखकर अब्दाली यहां अपना शासन स्थापित नहीं कर पाया। आज वही मराठा समाज के 250 साल हो गए हैं, 7 या 8 लाख लोग दिल्ली से लेकर कुरुक्षेत्र में दिल्ली के आस-पास रहते हैं। पूर्व सरकारों से इन्होंने मांग की थी कि हमें मिलिट्री में मराठा रेजीमेंट में भर्ती किया जाए। इस बात को मान्यता दी गई और हरियाणा में मराठा रेजीमेंट खोली गई। इसके बाद पता नहीं क्यों मराठा रेजीमेंट बंद कर दी गई। जब हम उनसे मिले तो उन्होंने फिर मांग की कि हम यहां माइनोरिटी में हैं इसलिए हमारी तरफ कोई ध्यान नहीं देता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पानीपत के युद्ध में जितने मराठा वीरगति को प्राप्त हुए, समाज के लिए जो वीरगति को प्राप्त होते हैं वह मरता नहीं है वह या तो दुश्मन को मिट्टी में मिला देता है या स्वयं के खून से मिट्टी को सजा देता है।

माननीय अध्यक्ष: आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री अरविंद सावंत : आज 250 साल बाद भी वे लोग वहां रहते हैं। अब्दाली ने बाद में जा कर कहा था कि अगर यहां मराठा हुए, तो उनका सिर काटकर लाने वाले को पांच लाख रुपए देगा।

माननीय अध्यक्ष: आप इतिहास की बात को दोहरा रहे हैं।

श्री अरविंद सावंत : महोदया, आप महाराष्ट्र के इतिहास को अच्छी तरह से जानती हैं। आप सोच सकती हैं जब उस समाज के लोगों ने हमसे अपना दुख कहा, तो हमें कितना सदमा लगा होगा। वे बहुत छोटी मांग कर रहे हैं कि फिर से मराठा रेजीमेंट खोला जाए। मराठा लोगों को मराठा रेजीमेंट में भर्ती करने की अनुमति मिले। अगर उन्हें माइनोरिटी समझ कर कुछ सुविधाएं दी जाएं, तो वह समाज आगे बढ़ सकेगा। 250 साल के बाद भी इतिहास को बरकरार रखने वाले समाज का मैं खासकर अभिनंदन करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि सरकार इनकी सहायता करे।

माननीय अध्यक्ष: सर्वश्री विनायक भाऊराव राउत, राजन विचारे, श्रीरंग आप्पा बारणे, प्रतापराव जाधव, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, राहुल रमेश शेवाले, सुधीर गुप्ता, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्रीमती भावना

पुंडलिकराव गवली को श्री अरविंद सावंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूँ। अभी राजस्थान में जो बरसात हुई, उससे काफी मकानों को नुकसान हुआ। मेरा विषय यह है कि हमारे यहाँ जब औसत से अधिक बरसात होती है, तो कच्चे मकान गिर जाते हैं, कुछ पक्के मकान भी टूट जाते हैं। लेकिन, एन.डी.आर.एफ और एस.डी.आर.एफ के तहत सरकार के जो नियम हैं, उनमें लिखा है कि बादल फटने से नुकसान होने पर, भूकम्प आने पर, ज्वालामुखी आने पर तथा बाढ़ आने पर यदि नुकसान होता है, तो हम आपको एन.डी.आर.एफ और एस.डी.आर.एफ में सहायता देते हैं।

आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से मेरी मांग है कि राजस्थान में औसत से अधिक वर्षा होने पर भी ये नियम लागू होने चाहिए। वर्षा होना अच्छी बात है, यह होनी चाहिए, लेकिन जब अतिवृष्टि होती है और कच्चे-पक्के मकान टूट जाते हैं, तो इससे बहुत समस्या होती है। इससे राजस्थान में कुछ मौतें भी हो गयी हैं। इसलिए एन.डी.आर.एफ और एस.डी.आर.एफ के निमय में शिथिलता देते हुए राजस्थान को विशेष पैकेज़ दें ताकि, वहाँ जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हो सके। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री सुमेधानन्द सरस्वती को श्री अर्जुनराम मेघवाल द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

अभी लिस्ट के अलावा एक्सट्रा लोग बोलने वाले हैं। जिन लोगों के नाम मैं लूँगी, वे अपनी बात एक-एक मिनट में पूरी करेंगे।

[अनुवाद]

श्री सी. महेंद्रन, आप केवल एक मिनट लेते हैं और पूरी बात पढ़ने के लिए नहीं।

श्री सी. महेंद्रन (पोल्लाची): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय को धन्यवाद देता हूं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री, हमारे भगवान पुरात्ची थलाइवी अम्मा तमिलनाडु में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के नियंत्रण में चलने वाले सभी बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को कृषि ऋण पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर के विस्तार के संबंध में मेरे विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए।

मैं इस तथ्य की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि अब भारतीय रिजर्व बैंक के नियंत्रण में चलने वाले सभी बैंक छोटे और मध्यम किसानों को 5 लाख रुपये तक का कृषि ऋण देते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सात प्रतिशत के ब्याज के साथ 3 लाख रु. इस शर्त के साथ कि यदि ऋण एक वर्ष की अवधि के भीतर वापस किया जाता है, तो ऋण राशि के तीन प्रतिशत के बराबर धनराशि ब्याज के अनुदान के रूप में उनके खाते में जमा की जाएगी।

माननीय अध्यक्ष: वह काफ़ी है।

श्री सी. महेंद्रन: यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है।

माननीय अध्यक्ष : महोदय: मुझे पता है।

श्री सी. महेंद्रन: यह बहुत पीड़ादायक है कि नाबार्ड 2014-15 के दिशा-निर्देशों में अर्थात परिपत्रों के माध्यम से सभी सीमांत किसानों को यह निर्देश दे रहा है कि वे छोटे किसानों को कृषि ऋण दें और इसकी सीमा 3 लाख रुपये है, जिस पर सात प्रतिशत ब्याज दर लागू होगी। .।

जाहिर है, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों द्वारा दिए जाने वाले कृषि ऋण पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर ही बैंकों के पास लंबित ऋणों के उच्च स्तर पर होने का वैध कारण हो सकता है। बड़े किसानों को अपनी भूमि पर आवश्यक और तत्काल व्यय को पूरा करने के लिए उनकी भूमि के अनुसार ऋण राशि 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी जानी चाहिए, कृषि ऋण पर नाममात्र ब्याज दर पर कुछ शर्तें प्रस्तावित की जानी चाहिए.।

इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वित्त मंत्री तत्काल कार्रवाई करेंगे और किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर की सुविधा भारतीय रिजर्व बैंक के नियंत्रण में चलने वाले सभी बैंकों को देने के लिए आवश्यक आदेश जारी करेंगे। तमिलनाडु की मुख्यमंत्री पुरात्ची थलाइवी अम्मा जी ने तमिलनाडु में इसे स्थायी रूप से लागू किया। अगर कृषि ऋण पर राशि बढ़ाई जाती है, तो बड़े किसानों को राहत की सांस मिलेगी। इसके साथ, मैं समाप्त करता हूँ। धन्यवाद महोदया।

[हिन्दी]

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ कि आपने शून्य काल के तहत एक अति महत्वपूर्ण लोक महत्व के मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया है।

मैं सदन के माध्यम से माननीय कोयला मंत्री जी का ध्यान कोल इंडिया के अधिकारियों की वर्ष 2007 से लागू हुए वेतन समझौते की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। विदित हो कि वर्ष 2007 में लागू वेतन समझौते के अनुसार कोल इंडिया के अधिकारियों को परफॉर्मेंस रिलेटेड पे का भुगतान और नयी पेंशन योजना लागू की गयी थी, परन्तु आज तक दोनों ही मामले लम्बित हैं, जिससे कोयला क्षेत्र के अधिकारी काफी व्यथित हैं।

वर्ष 2012 में कोल इंडिया के अधिकारियों को चार वर्ष के पी.आर.पी के अमाऊंट की 75 प्रतिशत धनराशि का भुगतान किया गया था। परन्तु कोल इंडिया के सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से एक सौ प्रतिशत अमाऊंट की रिकवरी की जा रही है, जो इनके साथ अन्याय है एवं काफी दुखदायी है।

अतः मैं माननीय कोयला मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि कोल इंडिया के अधिकारियों के परफॉर्मेंस रिलेटेड पे का भुगतान और नयी पेंशन योजना को लागू करने का कष्ट करें ताकि कोल इंडिया के अधिकारियों को राहत मिल सके।

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आज उत्तर प्रदेश में एक गंभीर समस्या है। पूरे देश में अभी सावन का महीना है। करोड़ों शिव-भक्त अलग-अलग स्थानों पर जाकर जल चढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस समय उत्तर प्रदेश में मुगल शासन काल से भी आधिक यातना शिव-भक्तों को देने का काम प्रदेश सरकार

द्वारा किया जा रहा है। जो शिव-भक्त भजन-कीर्तन करते हुए, गंगा जी का जल लेकर शिव मंदिरों में चढ़ाने के लिए जा रहे हैं, उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपनी पूरी पुलिस फोर्स को केवल उन शिव-भक्तों को भजन-कीर्तन करने से रोकने पर लगा रखी है। कई जगह शिव-भक्तों को पकड़कर जेल में डाल दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र में फूलपुर सोरांव एक स्थान है, जहाँ पर कांवरियों की सेवा करने के लिए पंडाल लगाया गया था। उस पंडाल के अंदर लगे हुए ध्वनिवर्द्धक को उतार दिया गया। कल भक्तगण फूलपुर के एक मंदिर में निशान चढ़ाने के लिए जा रहे थे, उन पर लाठियाँ बरसायी गयीं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इस प्रकार की घटनाएँ हैं। मैंने कई बार मांग की हैं कि जिन रास्तों से होकर लाखों की संख्या में शिव-भक्त भक्तिभाव से जाते हैं, उन रास्तों में शराब की दुकानों को, मांस की दुकानों को बन्द कराया जाये परन्तु अभी तक बंद नहीं किया गया है। गंगा जी के जिन घाटों से लाखों शिव-भक्त जल लेने के लिए जाते हैं, वहाँ पर उत्तर प्रदेश की सरकार ने कोई व्यवस्था नहीं की और केवल मुस्लिम वोटों के लालच में हिन्दुओं के साथ दमन-चक्र चलाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में बहुत स्थिति खराब है, इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूँ कि उत्तर प्रदेश की सरकार जो दमन-चक्र चला रही है, उसे रोकने के लिए सख्ती से कदम उठाये जाएं।

माननीय अध्यक्ष: आपकी बात पूरी हो गयी है, अब कृपया बैठ जाएं।

सर्वश्री भैंरो प्रसाद मिश्र, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, दद्दन मिश्रा, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, राघव लखनपाल को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे पास दो विषय हैं। एक विषय आ गया है, यदि आपकी अनुमति हो, तो मैं दूसरे विषय पर अपनी बात कह दूँ।

माननीय अध्यक्ष: ठीक है, आप अपनी बात कहें।

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी :मेरे संसदीय क्षेत्र में गन्ना एक प्रमुख फसल होने के साथ-साथ यह किसानों के जीवन का आधार है। रहने के लिए मकान, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, बेटियों की शादी से लेकर किसानों के

तमाम सपने गन्ने की फसल से मिलने वाले मूल्य पर ही निर्भर होते हैं। किन्तु पिछले कुछ वर्षों से गन्ना किसान, मिल मालिकों और सरकार की उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। इससे इनका व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती में कुल चार चीनी मिलें- बस्ती, वाल्टरगंज, मुंडेरवा और उधौली में थीं। वर्ष 2002 में कतिपय कारणों से अचानक मुंडेरवा चीनी मिल बंद कर दी गयी। इसके विरोध में किसानों ने आंदोलन किया। तीन किसान इस आंदोलन में अपनी जान तक गवां चुके हैं। फिर भी चीनी मिल चालू नहीं हो पायी। वर्ष 2012 में अपने बड़े दाने के लिए मशहूर बस्ती चीनी मिल को भी बंद कर दिया गया। तब से लेकर अब तक मिल के गेट पर किसानों का अनवरत धरना चल रहा है। फिर भी स्थिति जस की तस है। दुर्भाग्य से इस वर्ष वाल्टरगंज चीनी मिल को भी बंद किया जा रहा है।

बज़ाज ग्रुप द्वारा संचालित बस्ती और वाल्टरगंज चीनी मिलों में आर्थिक भ्रष्टाचार और कर्मचारियों के शोषण की व्यापक शिकायत मिल रही है। इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गन्ना किसानों की दशा पर गंभीरता से विचार करते हुए बंद हो चुकी दोनों चीनी मिलों को चालू कराया जाए।

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। हमारे देश में संसार की शायद सबसे खूबसूरत कोस्टल लाइन है, जिसके मुहाने पर बहुत बड़ी जनसंख्या निवास करती है और लगभग तीस मिलियन लोग फिशिंग का कार्य करते हैं। प्रतिवर्ष देश की जी.डी.पी में लगभग .7 प्रतिशत हिस्सेदारी करते हैं। फिशरीज उद्योग कृषि मंत्रालय के अंतर्गत आता है। कृषि मंत्रालय बहुत बड़ा मंत्रालय है, जिसके ऊपर देश के किसान, फसल, फसल योग्य भूमि और उनके विकास का बहुत बड़ा कार्य है। इसी कारण फिशरीज पर यह मंत्रालय उतना ध्यान नहीं दे पाता है। वर्ष 2013 और वर्ष 2014 के बजट में फिशरीज डेवलपमेंट के लिए सिर्फ 317 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया था, जिसका बहुत बड़ा भाग रिसर्च और ट्रेनिंग में खर्च किया गया, सिर्फ 8.4 करोड़ रुपये मछुआरों की वेलफेयर के लिए खर्च हुए। देश के उत्तरी भाग को छोड़कर देश के बाकी सभी राज्यों में कोस्टल लाइन है

और सभी राज्यों की फिशिंग मिनिस्ट्रीज को केन्द्र के कृषि मंत्रालय पर निर्भर रहना पड़ता है। इसलिए केन्द्र सरकार में अलग से मत्स्य उद्योग मंत्रालय की अत्यंत आवश्यता है, जिससे इतने बड़े फिशरीज उद्योग का अच्छी तरह विकास हो सके। मछली उद्योग से जुडे कई संस्थान जैसे नेशनल फिश वर्कर्स फोरम, इंडियन फिशरीज इंडस्ट्रीज फेडरेशन अलग फिशरीज मिनिस्ट्री की मांग वर्षों से करते आ रहे हैं। उनकी इस मांग का मैं पुरज़ोर समर्थन करता हूं।

अतः माननीय प्रधानमंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करें और एक स्वतंत्र मत्स्य उद्योग मंत्रालय की स्थापना हेतु कैबिनेट से मंजूरी लें। इससे मछली उद्योग से जुड़े छोटे-छोटे मछुआरों का विकास होगा, उनका जीवनयापन सुधरेगा और साथ ही, उनके शोषण पर भी अंकुश लगेगा।

माननीय अध्यक्ष: श्री अरविंद सावंत, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री राहुल शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, कल बीती मध्य रात्रि में मध्य प्रदेश के हरदा रेलवे स्टेशन के समीप एक बहुत बड़ा रेल हादसा हुआ है। कामायनी एक्सप्रेस, जो मुंबई की तरफ से चलकर भोपाल होकर बनारस जाने वाली थी और दूसरी ट्रेन जनता एक्सप्रेस, जो इटारसी से मुंबई की तरफ जा रही थी, एक पुल टूट जाने के कारण उन ट्रेन्स के डिब्बे पानी में गिर गए। जो समाचार मिल रहे हैं, उनमें 25-30 लोगों की मृत्यु होने की खबर है। माननीय रेल मंत्री जी ने यहां अपना स्टेटमेंट दिया है। घायलों और मृतकों के परिवारों को सहायता देने की घोषणा की है, उसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। हमारे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी सुबह से ही वहां पर राहत और बचाव के काम में जुटे हुए हैं। मध्य प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों की तरफ से मैं इस घटना पर अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। आपके माध्यम से मैं रेल मंत्रालय को ध्यान दिलाना चाहता हूं कि थोड़े दिनों पहले इटारसी के सिगनल सिस्टम में आग लगी थी, जिसमें लगभग 1500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, फिर अब यह घटना हुई है, इसमें कहीं न कहीं ट्रैक में कुछ कमी रही होगी। आपके माध्यम से मेरी मांग है कि रेल मंत्रालय इस विषय को गंभीरता से देखें क्योंकि वहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और इन पर कैसे काबू पाया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री उदय प्रताप सिंह एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[अनुवाद]

श्री के.आर.पी. प्रभाकरन (तिरूनेलवेली): माननीय अध्यक्ष महोदय, महोदया, सबसे पहले, मैं हमारे माननीय को धन्यवाद देता हूं नेता, डॉ. पुरात्ची थलाइवी अम्मा, मुझे इस महती सदन में बोलने का मौका देने के लिए।

पलायमकोट्टई, जिसे 'दक्षिण भारत के ऑक्सफोर्ड' के रूप में जाना जाता है, तमिलनाडु के मेरे तिरूनेलवेली निर्वाचन क्षेत्र में एक शहर है। तिरूनेलवेली जिले और उसके आसपास उच्च शिक्षा के लगभग सभी सर्वश्रेष्ठ स्कूल, कॉलेज और संस्थान पलायमकोट्टई में स्थित हैं, जिनमें से कुछ एक सदी से भी अधिक पुराने हैं।

शहर के कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि यह अपने इंजीनियरिंग, चिकित्सा और अन्य कॉलेजों से बड़ी संख्या में पेशेवर छात्रों को जन्म देता है। युवा उद्यमी अब प्रचुर मात्रा में हैं और पर्यावरण तेजी से आधुनिक हो रहा है, जो एक आधुनिक महानगरीय समाज के सभी सकारात्मक संकेत हैं। अध्ययन के उन सभी क्षेत्रों में स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है जहां समाज की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि सभी पदों के लिए वर्तमान आरआर पीजी की मांग करता है, लेकिन पीजी सीटों की संख्या कम है। इसलिए, मैं केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री जी से इन सभी विषयों में स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ाने पर विचार करने का आग्रह करूंगा। धन्यवाद।

श्री राम मोहन नायडू किंजरपु (श्रीकाकुलम): माननीय अध्यक्ष महोदया, मुझे, यह अवसर देने के लिए धन्यवाद। पिछले हफ्ते, 29 जुलाई 2015 को, लीबिया में सिर्ते विश्वविद्यालय, में काम कर रहे चार भारतीय प्रोफेसरों का आई.एस.आई.एस. से जुड़े एक आतंकवादी संगठन द्वारा अपहरण कर लिया गया है और विदेश मंत्रालय (एमईए) और वहां के विश्वविद्यालय, के अधिकारियों के सर्वोत्तम प्रयासों से, उनमें से दो भारत लौट

आए हैं। लेकिन दो लोग, श्री. गोपालकृष्णन, जो मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र से हैं, और श्री बलराम जो करीमनगर, तेलंगाना से हैं, अभी भी बंदी हैं।

मैं भारत सरकार से, विशेष रूप से, विदेश मंत्रालय से अनुरोध करूंगा कि वे इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें क्योंकि मैं श्री. गोपालकृष्णन, के पिता श्री. नारायण राव, के साथ लगातार संपर्क में रहा हूं और मैं केवल इतना कह सकता हूं कि वे बहुत चिंतित हैं। इसके अलावा, जो बात उनकी चिंताओं को बढ़ाती है वह यह है कि पिछले साल इराक में इसी तरह के संगठन द्वारा 39 लोगों का अपहरण कर लिया गया था, उनका ठिकाना अभी भी ज्ञात नहीं है। इसलिए, इन दो भारतीय नागरिकों के लिए ऐसी स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए, और उन्हें वापस लाया जाना चाहिए।

मैं एक सुझाव भी देना चाहूंगा। इस तरह की बात मध्य-पूर्व में और खाड़ी देशों में भी इस बार बहुत हो रही है। इसलिए, मैं विदेश मंत्रालय से अनुरोध करना चाहूंगा कि क्या वे पहले से सलाहकार नोटिस दे सकते हैं कि ये इस तरह के परिणाम हैं, जो वहां होंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि बहुत गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि के बहुत से लोग इन देशों में काम करने के लिए जाते हैं। वे सभी मजदूर हैं और वे कुछ नहीं जानते। वे प्रक्रियाओं और अन्य चीजों को नहीं समझते हैं। वे वहाँ सिर्फ इसलिए जाते हैं क्योंकि उन्हें पैसा मिलता है।

इसलिए, विदेश मंत्रालय को इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए और इन देशों की यात्रा करने वाले सभी लोगों को सलाह देनी चाहिए कि उन्हें वहां किस तरह के परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्रा को श्री राम मोहन नायडू किंजारपु द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, माता सावित्रीबाई फुले *भारत में महिला शिक्षा* की चैंपियन थीं, जिन्होंने वर्ष 1848 में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला और ब्रिटिश शासन के दौरान महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए जबरदस्त काम किया। वह लिंग के आधार पर अनुचित व्यवहार

के खिलाफ भी दृढ़ता से खड़ी रहीं और विधवा उत्थान के साथ-साथ अस्पृश्यता के उन्मूलन की वकालत की। ऐसे महान राष्ट्रीय सुधारकों की यादें आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहेंगी ताकि वे प्रेरणा लेते रहें।

इसलिए, मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि वह भारत की इस महान महिला समाज सुधारक को उनकी जयंती, 3जनवरी, को राष्ट्रीय महिला साक्षरता दिवस के रूप में घोषित करके सम्मानित करे।

[हिन्दी]

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, यू.पी., गोवा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली में गणेश चतुर्दशी का त्यौहार काफी हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह त्यौहार धार्मिकता से बढ़कर सांस्कृतिक सौहार्द्र का प्रतीक है। इस त्यौहार में पूरे दस दिनों तक सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। इस त्यौहार-उत्सव की शुरूआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी ने की थी। श्रीगणेश चतुर्दशी के त्यौहार में पूजा-अर्चना के साथ-साथ शाम को लोक संस्कृति के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो देर रात तक चलते हैं। परंतु लाउडस्पीकर चलाने की अनुमति रात को सिर्फ दस बजे तक है। इस कारण लोक संस्कृति के कार्यक्रमों के लिए बहुत कम समय मिल पाता है। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि श्रीगणेश चुतर्दशी के त्यौहार के लिए दस दिनों तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति रात 12 बजे तक अवश्य दी जाए। यदि सरकार चाहे तो लाउडस्पीकर की आवाज़ की सीमा निश्चित कर दे।

माननीय अध्यक्ष: आसपास के लोगों से पूछना पड़ेगा।

श्री चन्द्रकांत खैरे : सरकार से प्रार्थना है कि वह सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल करे, ताकि इस तरह का जो बैन लगा हुआ है, वह रद्द हो सके। साउंड पॉल्यूशन को ध्यान में रखते हुए आवाज़ की सीमा तय की जाए। इस सांस्कृतिक त्यौहार एवम् नवरात्रि में रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति दी जाए।

माननीय अध्यक्ष: इसके साथ यह भी कहें कि फिल्मी संगीत नहीं बजाना चाहिए, तो चल सकता है।

[अनुवाद]

श्री एस. आर. विजय कुमार (चेन्नई केन्द्रीय): माननीय अध्यक्ष, महोदया, तमिलनाडु का दृढ़ विश्वास है कि राज्यों के बीच नदियों को आपस में जोड़ने और राज्य के भीतर नदियों को आपस में जोड़ने से पानी के इष्टतम उपयोग और समुद्र में जाने वाले कचरे में भारी कमी लाने में बहुत मदद मिलेगी। हम महानदी-गोदावरी-कृष्णा-पेन्नार-पलार-कावेरी-वैगई-गुंदर को जल्द से जल्द जोड़ने वाले प्रायद्वीपीय ग्रिड के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक कानून के पक्ष में हैं।

16 अप्रैल, 2013 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री माननीय पुरात्ची थलाइवी अम्मा ने नदियों को आपस में जोड़ने के कार्यबल के तत्कालीन अध्यक्ष से नदियों को आपस में जोड़ने के कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया था। यह माननीय सदस्य होना है पुरात्ची थलाइवी अम्मा का दृढ़ विचार है कि इंटरलिंकिंग परियोजनाओं में, मौजूदा अंतर-राज्य समझौतों से बहने वाले पानी के उपयोग के अधिकार को बाधित नहीं किया जाना चाहिए और इसका उद्देश्य तमिलनाडु जैसे घाटे वाले राज्यों में पानी की उपलब्धता बढ़ाना होना चाहिए।

तमिलनाडु में पेन्नियार (सथानूर बांध) – पालार लिंक; पेन्नैयार (नेदंगल एनीकट) – पालार लिंक; कुवावेरी (मेट्टूर बांध) – साराबंगा लिंक; अथीकाडावु – अविनाशी बाढ़ नहर योजना; और तामिराबरानी – करुमेनियार – नाम्बियार लिंक को जोड़ने के लिए एक कार्यक्रम था। मैं केंद्र से आग्रह करता हूं कि वह हमारे राज्य द्वारा मांगी गई भूमि अधिग्रहण की लागत सहित तत्काल केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करे।

केरल में पंबा और अचनकोविल की पश्चिम की ओर बहने वाली नदियों के लगभग 22 टी.एम.सी. फीट पानी को तमिलनाडु के वैप्पर बेसिन में मोड़ने की लंबे समय से चली आ रही मांग से तमिलनाडु के पानी की जरूरत वाले दक्षिणी जिलों को लाभ होगा। मैं केंद्र से केरल के साथ एक बैठक आयोजित करने का भी अनुरोध करता हूं, ताकि तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों की पानी की वास्तविक मांगों को तुरंत पूरा किया जा सके।

[हिन्दी]

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : अध्यक्ष महोदया, मैं सरकार और सदन का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण, संवेदनशील और गम्भीर मुद्दे पर लाना चाहता हूं। इस देश में वर्ष 1984 में देश की राजधानी दिल्ली

और बहुत से अन्य हिस्सों में सिक्ख समाज के बेगुनाह लोगों का सरेआम कत्लेआम हुआ था। औरतों और बच्चों के गले टायर डाल कर उनको जला दिया गया। दुखः इस बात का है कि उस समय की सरकार की उसको सरेआम शह थी। जब लाशों पर लोग नाच रहे थे, तो उस समय की सरकार जो बड़ा नेता कह रहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती कांपती है। आज जो लोग जम्हूरियत की बातें कर रहे हैं, इंसानियत की बातें कर रहे हैं, इन्होंने उस समय सरेआम देश का कत्ल किया था, जम्हूरियत का कत्ल किया था। मैं आपके माध्यम सरकार से दो बातों के लिए निवेदन करना चाहता हूं कि अलग-अलग कमीशन्स ने कलप्रिट्स को आइडेंटिफाई किया है, उनको अभी तक कोई सजा नहीं दी गयी है। माननीय वाजपेयी साहब ने नानावती कमीशन बनाया था। उन्होंने दोषियों को आइडेंटिफाई कर लिया था, लेकिन एक्शनटेकन रिपोर्ट के समय सरकार बदल गयी। अब मोदी साहब की सरकार आयी है। जिसके मेनिफेस्टो में वादा किया और इन्होंने सरकार बनते ही एस.आई.टी बैठायी है। मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि एस.आई.टी का क्या स्टेट्स है? बेगुनाहों को कब पकड़ा जाएगा और सज़ा दी जाएगी? पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये देने का भी वायदा किया गया था, उसका क्या स्टेट्स है? रिएक्शन में बहुत सारे लोग जेलों में चले गए थे, उनको अदालतों ने सजा सुनायी और वे पूरी कर पाएं, उनकी रिहाई का भी मैं निवेदन करता हूं।

मैं आखिर में एक बात इस सदन को कहना चाहता हूं कि हजारों बेगुनाह लोग इस देश की धरती पर मारे गए। मैं सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि सदन सर्वसम्मति से उन लोगों को श्रद्धांजलि दे और पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति जताए, यह मैं प्रस्ताव रखना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री अजय मिश्रा टेनी, श्री सुमेधानन्द सरस्वती, श्री राघव लखनपाल और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[अनुवाद]

श्री रवीन्द्र कुमार जेना (बालासोर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मुझे एक ऐसा मुद्दा उठाने का अवसर देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं जो पिछले कई दशकों से हमारे लोगों की लंबे समय से लंबित मांग रही है।

मैं बालासोर से आता हूं जो ओडिशा के उत्तरी भाग में है। जबकि ओडिशा का अधिकांश हिस्सा पूर्वी तट रेलवे के अंतर्गत आ रहा है जो देश में बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वाला रेलवे क्षेत्र है, ओडिशा के कुछ उत्तरी हिस्से दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आते हैं। हालांकि दक्षिण पूर्व रेलवे को सड़क किलोमीटर का केवल चार प्रतिशत हिस्सा मिला है, फिर भी यह पूरे देश में माल ढुलाई में 14 प्रतिशत का योगदान देता है। हम इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा देते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि हम उस वृद्धि के शिकार हो गए हैं। हमने ऐसी वृद्धि कभी नहीं देखी। अभी तक, एक अच्छी परियोजना की घोषणा भी नहीं की गई है। अगर किसी परियोजना की घोषणा की गई है, तो वह लगभग कागजों पर ही रह गई है। हमारी मांग पिछले 30 वर्षों से सरकार के साथ लंबित है। हम अनुरोध करते रहे हैं कि हमें दक्षिण पूर्व रेलवे से बाहर निकाला जाए और पूर्वी तट रेलवे का हिस्सा बनाया जाए। मैं यह भी अनुरोध करूंगा कि बालासोर में एक अलग रेलवे डिवीजन की स्थापना की जाए, जिसमें रेलवे डिवीजन की स्थापना के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं हों।

[हिन्दी]

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र उरण में धारापुरी गांव है। छठवीं शताब्दी की एलाफेंटा गुफाएं हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट में इसको टूरिस्ट प्लेस घोषित किया है। यह स्थल मुम्बई के गेटवे ऑफ इंडिया से 13 किलोमीटर दूर है। यह समुद्र के बीचों-बीच है। यहां 60 वर्षों से पानी और लाइट की कोई सुविधा नहीं है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि धारापूरी जहां एलीफेंटा गुफाएं हैं, वहां सड़क, बिजली और पानी की सुविधा प्रदान की जाए।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया।

महोदया, देश के 17 व्यक्तियों पर 2.14 लाख करोड़ रुपये के बकाया के संबंध में मैं बोलना चाहती हूं। मुझे यह सूचना मिली है कि देश में कुछ व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों पर कुल कर बकाया आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक है। अगर इस धनराशि में बैंक लोन डिफाल्ट की धनराशि भी जोड़ दी जाए तो यह रकम इतनी अधिक है कि देश की आर्थिक तरक्की को दुगुनी कर सकती है। मुझे ज्ञात है कि 35 कंपनियों के ऊपर 90,568 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है। देश के कई ऐसे औद्योगिक घराने हैं, जो बैंकों सहित अन्य वित्तीय संस्थाओं से लोन तो लेते हैं, परंतु उन्हें चुकता नहीं करते हैं। इसके कारण जिनको लोन मिलना चाहिए, उन्हें लोन नहीं मिलता है, जबकि कुछ लोग फर्जी कंपनियां या फर्जी नाम से बैंकों से लोन ले लेते हैं। एक तरफ बैंकों द्वारा गांवों में रहने वाले किसानों या अन्य छोटे बैंक डिफाल्टरों, जिनकी कुल देनदारी हजारों में होती है, उनको पकड़कर जेल तक भेज दिया जाता है। उनके मकान या सम्पत्ति की कुर्की, जब्ती की जाती है। वहीं दूसरी तरफ जिन कंपनियों या व्यक्तियों के ऊपर लोन या टैक्स के रूप में इतनी बड़ी धनराशि बकाया है, उन्हें छोड़ दिया जाता है।

मैडम, आज देश में हर जगह भ्रष्टाचार और कालेधन के गठजोड़ की चर्चा है। मुझे लगता है कि यह प्रकरण भी भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ विषय है, जिसे कुछ उद्योगपति या कंपनियां टैक्स रिटर्न के प्रावधान में कमी का फायदा उठाकर जान बूझकर बैंक को रिटर्न नहीं करते हैं, इससे देश की आर्थिक नीति भी प्रभावित हो रही है।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग है कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन कर टैक्स एवं लोन बकायेदारों की जांच की जाए और एक निश्चित समय के अंदर उनसे पूरी रकम वसूली की जाए, ताकि देश में सकारात्मक संदेश जाए और लोगों का भी कल्याण हो जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:वीरेन्द्र जी आप इसमें सहयोगी बनो। श्री सी.आर.चौधरी को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[अनुवाद]

लोक सभा अपराह्न 2:30 बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 1.31 बजे

तत्पश्चात लोक सभा अपराह्न दो बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित हुई।

<u>अपराह्न 2.33 बजे</u>

लोक सभा अपराह्न दो बजे तैंतीस मिनट पर समवेत हुई।

(*माननीय उपाध्यक्ष पीठासीन हुए*)

नियम 377** के अधीन मामले

माननीय उपाध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब नियम 377 के अधीन मामले सभा पटल पर रखे जाएंगे। .जिन सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामले उठाने की अनुमति दी गई है और जो सदस्य इसे सभा पटल पर रखना चाहते हैं, वे व्यक्तिगत रूप से 20 मिनट के भीतर विषय का पाठ सभा पटल पर रख सकते हैं।

केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा गया माना जाएगा जिनका पाठ निर्धारित समय के भीतर पटल पर प्राप्त हो गया हो। शेष मामलों को व्यपगत माना जायेगा।

** सभा पटल पर रखे गए माने गए।

(एक) शहर में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए रांची, झारखंड में फ्लाईओवरों का निर्माण करने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र राँची (झारखण्ड) में बढ़ती यातायात व्यवस्था से आये दिन होने वाले जाम की तरफ दिलाना चाहता हूँ। राँची झारखण्ड राज्य की राजधानी है। इस महानगर में दिनोंदिन वाहनों की भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके कारण राँची की सड़कों पर जाम एवं दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके चलते लोगों को आवागमन संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए जनहित में राँची के पंडरा से कचहरी चौक से मेन रोड़ होते हुए डोरन्डा तक एक फ्लाई ओवर बनाए जाने की नितांत आवश्यकता है और साथ ही फराया लाल चौक से कोकर तक एक फ्लाई ओवर का निर्माण करना भी आति आवश्यक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त सड़कों पर फ्लाई ओवरों का निर्माण कराने हेतु शीघ्र धन उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, ताकि फ्लाई ओवरों का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जा सके।

(दो) वसई-विरार नगर निगम को मेगा शहर घोषित किए जाने की आवश्यकता

श्री चिंतामन नवाशा वंगा (पालघर): मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि भारत सरकार ने भारत के सौ शहरों को मेगा सिटी घोषित किया है। मैंने पहले ही सरकार से महाराष्ट्र में अपने निर्वाचन-क्षेत्र में वसई-विरार नगर निगम को एक विशाल शहर घोषित करने का अनुरोध किया है, लेकिन आज तक इसकी घोषणा नहीं की गई है।

वसई-विरार नगर निगम मुंबई के महानगर क्षेत्र के अंतर्गत आता है और तेजी से विकसित हो रहा है। यह अरब सागर के तटीय क्षेत्र में एक ऐतिहासिक शहर है। अगाशी और अर्नाल इस क्षेत्र के तहत प्राचीन पर्यटन केंद्र हैं और इस निगम का पूर्वी हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र है। तुंगरेश्वर और जिरादाने के दोनों प्राचीन मंदिर इस पहाड़ी क्षेत्र के पहाड़ पर हैं। इसलिए, मैं, सरकार से अनुरोध करता हूं कि वसई-विरार नगर निगम को मेगा सिटी घोषित किया जाए।

(तीन) **दिल्ली में यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाए जाने की आवश्यकता**

[हिन्दी]

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :, मैं सरकार का ध्यान प्रदूषित हो रही यमुना और हजारों करोड़ रूपए खर्च होने के बाद भी यमुना की बदहाल स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं। यमुना हमारे देश में धार्मिक महत्व रखने वाली प्रमुख नदियों में से एक है। हमारे देश में नदियों को एक विशेष महत्व दिया जाता है। यहाँ तक कि " मां" की संज्ञा दी जाती है लेकिन दिल्ली में यमुना की दुर्दशा को देख मन व्यथित होता है। दुखद बात है कि यमुना दिल्ली में आज केवल मात्र नाला बनकर रह गई है। दिल्ली सरकार और संबंधित विभागों के ढुल-मुल रवैये तथा अपेक्षित इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज हजारों करोड़ रूपये खर्च होने के बाद भी यमुना की इतनी खराब स्थिति है। यमुना नदी के तल पर हो रहे आतिक्रमण पर नकेल न कसी जाने की वजह से कुछ जगह यमुना नदी का तल मात्र 800 मीटर ही रह गया है। यमुना की बाढ़ से प्रभावित होने वाली जमीन को दिल्ली में चल रहे निर्माण और अन्य चीजों के मलबे का डम्पिंग यार्ड बना दिया गया है। वर्ष 2010 में आई यमुना नदी में बाढ़ के बाद 28 अक्तूबर, 2010 को गुग्गल प्लस द्वारा ली गई तस्वीर में यमुना नदी के जल निकाय स्पष्ट रूप से दिखाइ दे रहे थे लेकिन मात्र एक साल में उनपर मलबा डाल झुग्गियाँ बनाकर आतिक्रमण कर लिया गया जिसके संदर्भ में कोई कार्यवाही नहीं की गई। यही स्थिति यमुना नदी के आस-पास हर जगह बनी हुई है। यमुना हिमालय की गोद से निकलकर उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश होते हुए 1370 किलोमीटर की दूरी तय करती है। दिल्ली में यमुना की लंबाई 48 किलोमीटर है जो यमुना की लंबाई का केवल 3 प्रतिशत है। लेकिन जो ठोस अवशेष और सीवेज दिल्ली में यमुना में डाला जाता है, वह 3800 मीट्रिक टन है जो यमुना को 76 प्रतिशत प्रदूषित करता है। दिल्ली में यमुना को तीन भागों में बाँटा गया है। प्रथम, 26 किलोमीटर पल्ला से वजीराबाद बैराज, द्वितीय, 22 किलोमीटर वजीराबाद बैराज से ओखला बैराज तथा तृतीय, 4-5 किलोमीटर ओखला बैराज से जैतपुर गांव। वजीराबाद बैराज से ओखला बैराज के इस भाग में यमुना नदी के तल (फ्लड प्लेन) में सबसे ज्यादा आतिक्रमण कर यमुना से खिलवाड़ किया जा रहा है। सबसे ज्यादा आनियमित कालोनियाँ यमुना के इसी भाग पर हैं। अशोधित घरेलू और औद्योगिक अवशेष को यमुना

में प्रवाहित करने के कारण आज यमुना इतनी प्रदूषित है तथा उसी के साथ धार्मिक स्थल बनाकर कुछ लोग उसका सहारा लेते हैं। हमारा शासन - प्रशासन सेकुलरिज्म के कारण इस अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद शासन पंगु बना हुआ है। अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में यमुना नदी को प्रदूषित होने से रोकने के लिए तत्काल पर्याप्त कदम उठाए जाएं।

(चार) राजस्थान के बीकानेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में श्रीकोलायत और नोखा तहसील के अधीन अत्यधिक वर्षा के कारण संकट में आए गांवों में राहत और बचाव कार्य किए जाने की आवश्यकता

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):वर्तमान में आई तेज गति की बारिश के कारण देश के कई भागों में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूँ जो रेगिस्तान का भाग है लेकिन बारिश ने वहाँ भी गाँवों में जीवन को अस्त-व्यस्त किया है। मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र के श्रीकोलयत व नोखा तहसील के कई गाँव जलमग्न हो गए हैं। बीकानेर शहर में भी कई बस्तियों में पानी भर गया है तथा समाज के कमजोर वर्गों को इस परेशानी का सबसे आधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एस.डी.आर.एफ/एन.डी.आर.एफ के मापदण्ड कई प्रकरणों में लागू नहीं होने के कारण उचित सहायता समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए कठिन हो रहा है। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद, नगर पालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम के संसाधन सीमित होने के कारण समय पर राहत उपलब्ध कराने में बेहद कठिनाई महसूस की जा रही है।

अतः मेरा माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध है कि एस.डी.आर.एफ/एन.डी.आर.एफ के नियमों में आवश्यकतानुसार शिथिलता प्रदान करें तथा माननीय जल संसाधन मंत्री जी से आग्रह करें कि देश में नदियों को जोड़ने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने से भविष्य में ऐसी समस्याओं का समाधान संभव हो सकता है और बरसात का पानी सिंचाई के साधनों के उपयोग में आने के कारण कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर सकता है

(पांच) महाराष्ट्र में गोशीखुर्द सिंचाई परियोजना के लिए पर्याप्त निधियां उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): महाराष्ट्र राज्य के चन्द्रपुर, नागपुर, भण्डारा इत्यादि क्षेत्रों की भूमि को सिंचित किए जाने के उद्देश्य से विदर्भ क्षेत्र के अंतर्गत भण्डारा जिले में 'गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना' वर्ष 1981 में प्रारंभ की गई थी। इस परियोजना का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से होने के कारण अब तक पूर्ण नहीं हो सका है जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र का विकास अवरूद्ध होना स्वाभाविक है। जिस समय यह परियोजना प्रारंभ की गई थी, उस समय इसकी अनुमानित लागत 372.22 करोड़ रूपये थी, जो आज लगभग 40 गुना बढ़कर 15 हजार करोड़ रूपये हो गई है। परियोजना का निर्माण कार्य समय पर पूरा न होने का एक प्रमुख कारण इस परियोजना के लिए आवंटित धनराशि को दूसरे कार्यों में व्यय करना है।

मेरा संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर (महाराष्ट्र) एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र के चन्द्रपुर जिले के तीन विधान सभा क्षेत्र जो अति पिछड़े हुए हैं और खेती पर ही आश्रित हैं, को भी 'गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना' से जल प्राप्त होना था लेकिन परियोजना का कार्य समय पर पूरा न होने के कारण किसान अपनी भूमि को पानी के अभाव में सिंचित नहीं कर पा रहे हैं और वर्षा न हो पाने तथा इस परियोजना का कार्य अवरूद्ध होने की वजह से स्थानीय किसानों में और अधिक आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।

अतः ऐसी परिस्थिति में मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह केन्द्रीय स्तर पर इस प्रकरण की जाँच करवाए कि 'गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना' को अब तक कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा इस धनराशि को किन-किन मदों में व्यय किया गया है और इस परियोजना में किन कारणों से विलंब हो रहा है। साथ ही केन्द्र सरकार इस परियोजना को पूरा किए जाने हेतु तत्काल धन का आबंटन करके इस परियोजना का कार्य तुरंत पूर्ण कराए जिससे किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके।

(छह) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) :अभी कुछ दिनों पूर्व केन्द्र सरकार के द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का विस्तार किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान आदि राज्यों के कुछ जनपदों को इसमें जोड़ा गया है। जिन नए जनपदों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जोड़ा गया है, उन सभी जनपदों विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के निवासियों को मेरी ओर से शुभकामनाएं। लेकिन जिन मानकों के आधार पर इन जनपदों का चयन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में किया गया है, उन मानकों के आधार पर सहारनपुर जनपद को भी इसमें जोड़ा जाना कहीं अधिक तर्कसंगत नजर आता है।

सहारनपुर का जनसंख्या घनत्व जहाँ 940 व्यक्ति प्रति स्क्वायर किलोमीटर है, वहीं मेरठ का 1347 व्यक्ति प्रति स्क्वायर किलोमीटर, गाजियाबाद का 3967, तो मुजफ्फरनगर का 1034 व्यक्ति प्रति स्क्वायर किलोमीटर है। अर्थात सहारनपुर जनपद में इन जनपदों की अपेक्षा जनसंख्या का घनत्व सबसे कम होने के कारण यहाँ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बसने की इच्छा रखने वाली जनता को अधिक मात्रा में बसाया जा सकता है।

जनपद सहारनपुर की साक्षरता दर 70.49 प्रतिशत है, तो मुजफ्फरपुर की साक्षरता दर 69.12 प्रतिशत है। सहारनपुर का लिंग अनुपात दर 890/1000 है, तो मुजफ्फरनगर 889/1000 है। जनपद सहारनपुर की जनसंख्या का उत्तर प्रदेश में प्रतिशत जहां 1.73 प्रतिशत है तो मुजफ्फरनगर का 2.7 प्रतिशत है।

इसके साथ ही सहारनपुर जनपद हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्यों को जोड़ने वाला जनपद है। अतः यदि सहारनपुर जनपद को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल किया जाता है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का सीधा जुड़ाव इन तीनों राज्यों से हो सकता है। राजधानी दिल्ली से सहारनपुर की दूरी भी मात्र 166 किलोमीटर है जो इस क्षेत्र में शामिल किए गए अन्य जनपदों के आस-पास ही है।

सहारनपुर में पूर्व से ही आई.टी.सी., काष्ठ कला उद्योग, स्टार पेपर मिल्स, यूनिटेक मशीन्स एवं अन्य सुगर मिलें आदि अनेक उद्योग स्थापित हैं। ऐसे में यदि सहारनपुर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जोड़ा जाए, तो यहाँ उद्योगों की स्थापना की अपार संभावनाएं बढ़ जाती हैं। यहाँ उद्योगों के लिए कच्चा माल भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। साथ ही कृषि आधारित उद्योग भी यहाँ बहुतायात में स्थापित हैं। सहारनपुर में विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारूल उलम एवं शक्तिपीठ माता शाकुम्भरी देवी का मंदिर भी स्थापित है जिस कारण इस जनपद का महत्व और भी बढ़ जाता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में सहारनपुर जनपद को भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल किया जाए।

(सात) केन और बेतवा नदियों को परस्पर जोड़े जाने के कार्य में तेजी लाए जाने की आवश्यकता

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़-छतरपुर (मध्य प्रदेश) में एन.डी.ए. की पूर्व सरकार के समय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा नदियों को आपस में जोड़ने की योजना के अंतर्गत केन एवं बेतवा नदियों को आपस में जोड़ने का कार्य प्रथम चरण में लिया गया था किंतु पिछली सरकार की उदासीनता के चलते 10 वर्षों में इस योजना का कार्य एक तरह से थम गया था। अब पुनः एन.डी.ए. की सरकार आने के बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा नादियों को जोड़ने एवं नदियों की सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो स्वागत योग्य कदम है।

केन एवं बेतवा नदियों को जोड़ने के कार्य की डी.पी.आर. पूरी कर ली गई है। मध्य प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिसम्बर, 2014 के दौरान परियोजना क्षेत्र में जन सुनवाई भी की है तथा इसके बाद जुलाई, 2015 में केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को संशोधित रिपोर्ट प्रदान की गई है। काफी कार्य राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में किया जा चुका है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में इन परियोजना के पूरा होने से जहाँ सिंचाई सुविधाओं के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति होगी, वहीं उद्योग-धंधों की स्थापना में भी सहायता मिलेगी जिससे बुन्देलखण्ड में रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा। अतः केन एवं बेतवा नदियों को आवस में जोड़ने का कार्य शीघ्र कराने का सहयोग करें।

(आठ) उत्तर प्रदेश में होम गार्ड और पीआरडी जवानों का वेतन बढ़ाए जाने की आवश्यकता

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवानों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवान पूरी ईमानदारी व मुस्तैदी से हर समय ड्यूटी करने को तैयार रहते हैं क्योंकि इनके पास इसके अलावा और कोई रोजगार नहीं है। होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवान पुलिस से ज्यादा कार्य करते हैं। होमगार्ड्स के जवान को प्रतिदिन 225 रूपए मानदेय मिलता है और पी0आर0डी0 के जवानों को उससे भी कम मिलता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश की सरकार को यह निर्देश दें कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवानों को प्रतिदिन ड्यूटी सुनिश्चित करके इस महंगाई के दौर में कम से कम 500 रूपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाए।

(नौ) मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाए जाने की आवश्यकता

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : हवा और पानी प्राणी मात्र की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं जिनके अभाव में जीवन की कल्पना करना भी संभव नहीं है किंतु पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक हवा और पानी ही यदि प्रदूषित हो जाएं, तो जीवन जीना कितना कठिन होगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

पर्यावरण प्रदूषण एक अति गंभीर वैश्विक समस्या है। ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं इसी पर्यावरण प्रदूषण का परिणाम है जिसकी चिंता राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर की जा रही है।

मैं जिस सीधी (मध्य प्रदेश) संसदीय क्षेत्र से आती हूँ, उसका एक बड़ा हिस्सा सिंगरौली जिले के रूप में अवस्थित है, जिसे लोग ऊर्जा की राजधानी के रूप में जानते हैं और सौभाग्य से सिंगरौली मेरी जन्मस्थली भी है। सिंगरौली में सन् 1840 में पहली बार कोयले की पर्याप्त उपलब्धता का विषय संज्ञान में आया। तब से लेकर आज तक अपने प्राकृतिक स्रोतों के कारण सिंगरौली देश के बड़े भू-भाग को ऊर्जा प्रदान करता है। इन्हीं प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के कारण कई छोटे और बड़े थर्मल पावर प्रोजेक्ट कोल माइंस प्रोजेक्ट स्थित हैं जिसमें उत्पन्न होने वाले सह-उत्पाद फ्लाई एश इतने बढ़े कि वायु और प्रदूषण का कारण बन गए हैं जिससे सिंगरौली वासियों का श्वास लेना दूभर हो गया है। पर्याप्त जानकारी के अनुसार लगभग 6 मिलियन टन फ्लाई एश प्रतिवर्ष सह-उत्पाद के रूप में निकलती है व शोधों एवं अभिलेखों के आधार पर लगभग 720 किलोग्राम पारा व कई भारी पदार्थ प्रतिवर्ष निकलते हैं जो सामान्य से कई गुना अधिक हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट व औद्योगिक विषय विज्ञान केन्द्र, लखनऊ द्वारा जब सिंगरौली क्षेत्र के 1200 निवासियों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया, तो सिंगरौली वासियों के रक्त में पारे का स्तर सामान्य से कई गुना आधिक पाया गया, जिसके कारण बहुत अधिक मात्रा में बच्चों को श्वास-तंत्र की समस्या, डायरिया, निम्न प्रत्युतपन्न मति, पेट दर्द जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहा बचपन, साथ ही महिलाओं में सिर दर्द एवं अनियमित मेन्सुरेशन और पुरूषों में स्थायी रूप से तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क और किडनी जैसी गंभीर प्राणघातक बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि शीघ्रता के साथ सिंगरौली वासियों के स्वास्थ्य व जीवन रक्षा हेतु सार्थक कदम उठाए जाएं और सभी कारपोरेट को उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों का बोध कराकर आवश्यक पहल हेतु निर्देशित किया जाए, ताकि सिंगरौली का प्रदूषण हिरोशिमा-नागासाकी व भोपाल गैस त्रासदी जैसे घातक रूप लेने से बच सके।

(दस) उत्तर प्रदेश के बांदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सरकारी और गैर-सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने की आवश्यकता

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) में भू-माफियों द्वारा पूरे बुन्देलखण्ड की तरह सरकारी एवं निजी जमीनों पर कब्जा करने का अभियान चला रखा है। जो भी जमीन खाली व कीमती होती है, उस पर कब्जा करने की योजना बन जाती है। विवादित जमीनों को भी आधी कीमत में रजिस्ट्री कराकर अपने नाम कर गरीबों को बेघर किया जा रहा है। इस हेतु स्थानीय अधिकारियों से साँठ-गाँठ कर एक ही वर्ग व जाति के लेखपालों की नियुक्ति जिला मुख्यालय व आस-पास के गाँवों में जो शहर से लगते हैं, की जाती है। सैकड़ों जमीनों पर कब्जा किया गया है व बाकी को कब्जाने की योजना है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सरकारी एवं गरीबों की जमीनों को बचाने तथा दोषियों को दण्डित कराने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए।

(ग्यारह) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के अध्यापकों के मानदेय में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): भारत में वर्ष 2004 से अति महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय महिला साक्षरता दर हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े विकास खण्डों में बालिका शिक्षा के लिए कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इस विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग की गरीबी रेखा के नीचे की छात्राओं को प्रवेश दिलाकर गुणवत्ता एवं रूचिपूर्ण शिक्षा देकर महिला साक्षरता दर को बढ़ाने एवं समाज की मूल धारा में लाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान समय में केवल उत्तर प्रदेश के 746 विकास खण्डों में यह विद्यालय संचालित हैं जिसमें कुल कार्यरत कर्मचारियों की संख्या लगभग् 11190 है। इस संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को मानदेय बढ़ती महँगाई एवं उपभोक्ता सूचकांक के आधार पर बहुत कम है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बढ़ती महँगाई को ध्यान में रखते हुए कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के कर्मचारियों को पर्याप्त मानदेय दिलाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

(बारह) तमिलनाडु के तिरूनेलवेल्ली जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कोर्टाल्लम के संबंध में सूचना जानने के लिए विदेशी और अंतर्देशीय पर्यटकों की सहायता हेतु मोबाईल एप्लीकेशन बनाए जाने की आवश्यकता

[अनुसार]

श्रीमती एम. वसंती (तेंकासी): कोर्टल्लम या कुत्रालम, दक्षिण भारत का स्पा, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में पश्चिमी घाट पर 160 मीटर (520 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित एक पंचायत शहर है। कई मौसमी और कुछ बारहमासी नदियाँ जैसे चित्तर, मणिमुथर, पचैयार और तांबरपरानी इस क्षेत्र से निकलती हैं। इस क्षेत्र में सर्वव्यापी स्वास्थ्य रिसॉर्ट्स के साथ-साथ कई झरनों और झरनों ने इसे दक्षिण भारत के स्पा का खिताब दिलाया है। कोर्टल्लम में नौ झरने हैं।

कोर्टल्लम में सिर्फ़ झरने ही नहीं हैं, इसके मंदिर भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है चित्रा सभा, पाँच सभाओं में से एक जिसमें नटराज, नृत्य मुद्रा में शिव मुख्य देवता हैं। चित्रा सभा में मौजूद चित्रों का लगभग 100 साल पहले जीर्णोद्धार किया गया था। अन्य हैं तिरुवलंगडु में रत्ना सभा, चिदंबरम में कनक सभा और मदुरै में वेल्ली सभा और तिरुनेलवेली में थामिरा सभा। पहाड़ी की तलहटी में स्थित मंदिर शंख के आकार का है जिसका हिंदू परंपरा में विशेष महत्व है।

कई विदेशी पर्यटक इस क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के बारे में कोई पूर्व जानकारी के बिना कोर्टल्लम जाते हैं। इसलिए, मैं केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से आग्रह करती हूं कि वह नया मोबाइल ऐप पेश करे, ताकि पर्यटकों को विरासत स्थल के रूप में कोर्टल्लम के बारे में बेहतर जानकारी मिल सके।

(तेरह) तमिलनाडु में सिंचाई सुविधाओं के आधुनिकीकरण के दूसरे चरण और जल स्त्रोतों के पुनरूद्धार के लिए विश्व बैंक से वित्तीय सहायता निर्गत कराए जाने की आवश्यकता

श्री आर.पी. मरुथाराजा (पेरम्बलुर): बांधों के पुनर्निर्माण और विकास परियोजना के तहत तमिलनाडु में 113 बांधों के पुनर्निर्माण के लिए, कुल 1,50,000 करोड़ रु. की धनराशि आवंटित की गई है विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से 745.49 करोड़ रु. का उपयोग किया जा रहा है। रुपये की वित्तीय सहायता के साथ। इस परियोजना के तहत विश्व बैंक से 745.49 करोड़ रुपये, तमिलनाडु में 113 बांधों के पुनर्निर्माण और रखरखाव का काम शुरू किया गया है। इस परियोजना के लिए 2015-16 के बजट में 450.13 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

वर्ष 2007 से, विश्व बैंक की सहायता से, सिंचाई सुविधाओं और जल निकायों का आधुनिकीकरण और उनकी बहाली और प्रबंधन किया जा रहा है। यह परियोजना जून 2015 के महीने में पूरी हुई थी। अब तक, तमिलनाडु सरकार ने इस परियोजना के लिए 2544.15 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा होने पर, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से विश्व बैंक से संपर्क करने का अनुरोध किया है इसके दूसरे चरण के लिए 2950 करोड़ रु. आवंटित किए गए हैं। इसलिए, मैं तमिलनाडु, के लोगों की ओर से केंद्र सरकार, से विनम्रतापूर्वक हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं, ताकि विश्व बैंक से वित्तीय सहायता जल्द से जल्द जारी की जा सके।

(चौदह) क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र, भुवनेश्वर के निदेशक के रूप में किसी चिकित्सक को नियुक्त किए जाने की आवश्यकता

डॉ. कुलमणी सामल (जगतसिंहपुर): यह पता चला है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय एक एल. ए. एस. अधिकारी को क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आर. एम. आर. सी.), भुवनेश्वर, ओडिशा के निदेशक के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव कर रहा है। इस संबंध में, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि आर.एम.आरसी, भुवनेश्वर हमारे देश में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के सबसे पुराने, कुशल और अग्रणी चिकित्सा अनुसंधान निकायों में से एक है। इसके इतिहास में, लिम्फैटिक फाइलेरिया, मलेरिया, दस्त संबंधी विकार, तपेदिक, मधुमेह, आदि जैसी क्षेत्रीय बीमारियों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी अनुसंधान रणनीति के लिए एक अनुभवी चिकित्सक को हमेशा निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। चिकित्सा विज्ञान में अनुसंधान और विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में होने वाली बीमारियों की जटिलताओं का निदान करने के लिए एक एल. ए. एस. अधिकारी के बजाय, एक चिकित्सक द्वारा बेहतर ढंग से समझा जाता है। मुझे लगता है कि एक प्रशासनिक अधिकारी की तुलना में एक चिकित्सक ही जैव चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठा सकता है।

इस संबंध में, यह मेरा गंभीर अनुरोध है और साथ ही स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जी को सुझाव है कि वे हस्तक्षेप करें और चिकित्सा अनुसंधान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए आर. एम. आर. सी., भुवनेश्वर के निदेशक के रूप में एक अनुभवी चिकित्सक नियुक्त करें।

(पंद्रह) महाराष्ट्र में सूखे के कारण संकट में आए किसानों के ऋण माफ किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) : मैं सरकार का ध्यान महाराष्ट्र में किसानों की दयनीय दशा की तरफ दिलाना चाहता हूँ। इस साल खेतों की बुआई के शुरूआत में अच्छी बरसात हुई थी और उस समय किसान के पास जो बीज, खाद था, उसको बुआई में प्रयोग कर लिया। परन्तु 20 जून के बाद बरसात नहीं हुई है जिसके कारण किसानों ने जो फसल बोई थी, वह सूख गई। अगर बरसात पर्याप्त मात्रा में हुई, तो किसानों को दोबारा अपने खेतों में बुआई करनी पड़ेगी। इसके लिए उसके पास बीज, खाद एवं अन्य पर्याप्त साधन नहीं हैं। [अनुवाद] इन कठिनाइयों के चलते कई किसान आत्महत्या कर चुके हैं और इसी प्रकार की स्थिति रही, तो महाराष्ट्र में किसानों द्वारा आत्महत्या की संख्या बढ़ सकती है। महाराष्ट्र में किसानों की विकट आर्थिक परिस्थितियों के कारण किसान फसल ऋण माफ करने की मांग कर रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि महाराष्ट्र में सूखे के कारण किसानों को हो रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु केन्द्र स्तर पर तुरन्त राहत प्रदान की जानी चाहिए।

(सोलह) भारतीय छात्रों को प्रदान की गई सभी मेडिकल डिग्रियों को मान्यता प्रदान किए जाने की आवश्यकता

श्री जयदेव गल्ला (गुंटूर): विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के छात्र एम.बी.बी.एस. करने के लिए यूक्रेन जाते हैं। लेकिन, क्रीमिया के रूस का हिस्सा बनने और पूर्वी यूक्रेन में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के कारण, छात्रों और माता-पिता के बीच बहुत चिंता है कि उनके भविष्य का क्या होगा।

क्रीमिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में लगभग 650 भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं (सी. एम. यू.)। लेकिन, पिछले साल जनमत संग्रह के बाद, क्रीमिया रूस में शामिल हो गया जिसके परिणामस्वरूप सी.एम.यू रूस का हिस्सा बन गया और अब रूसी सरकार चिकित्सा डिग्री जारी करेगी। समस्या यह है कि नियमों के अनुसार, एम.सी.आई. रूस द्वारा प्रदान की जाने वाली डिग्री को मान्यता नहीं देता है। स्वास्थ्य मंत्री जी, ने संसद में एक प्रश्न के उत्तर में कहा : "जो छात्र क्रीमिया से स्नातक होने वाले हैं, वे स्क्रीनिंग टेस्ट में उपस्थित होने के हकदार हैं, जैसा कि किसी विदेशी चिकित्सा संस्थान से स्नातक होने वाले किसी अन्य छात्र के मामले में होता है। "

लेकिन, किसी ने भी उन छात्रों के बारे में कुछ नहीं कहा है जो पहले से ही नामांकित हैं और अपने दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ष के एम.बी.बी.एस. कर रहे हैं। दूसरा, अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के मद्देनजर, अगर छात्र अमेरिका या यूरोप भी जाते हैं, तो उनकी डिग्री को मान्यता नहीं प्रदान की जाती है।

दूसरा, पूर्वी यूक्रेन के लुगांस्क और डोनेट्स्क क्षेत्रों में भी 3,500 भारतीय छात्र चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जहां रूसी अलगाववादियों और सरकारी बलों के बीच भीषण हिंसा हो रही है।

इसलिए, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह एमसीआई को यूक्रेन के पूर्व विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने वाले छात्रों को रूस द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी डिग्री को मान्यता देने का निर्देश दे जो अब रूस का हिस्सा हैं।

(सत्रह) आंध्र प्रदेश के अराकु निर्वाचन क्षेत्र को स्वास्थ्य पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता

श्रीमती कोथापल्ली गीता (अराकु): मैं अपने निर्वाचन-क्षेत्र में पर्यटन के विकास से संबंधित एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर माननीय सभा का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। अराकु निर्वाचन-क्षेत्र आंध्र प्रदेश का एकमात्र आदिवासी निर्वाचन क्षेत्र है और यह आंध्र प्रदेश का एक पर्यटन स्थल और भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। इसमें अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता है और इसे आंध्र के शिमला के नाम से जाना जाता है। सभी मौसमों के दौरान तापमान बहुत मध्यम होता है और सर्दियों में शून्य डिग्री से नीचे भी गिरता है जो निर्वाचन-क्षेत्र की एक विशेषता भी है। इस वन क्षेत्र में कई औषधीय जड़ी-बूटियाँ हैं। आजादी, के 65 साल बाद भी यह क्षेत्र अविकसित है और इसमें न्यूनतम सुविधाओं का अभाव है।

वर्तमान भारतीय परिदृश्य में स्वास्थ्य पर्यटन की बहुत संभावना है और कई विदेशी पर्यटक हर साल स्वास्थ्य पर्यटन के लिए भारत आते हैं। बहुत ही शांत वातावरण में स्थित यह क्षेत्र आयुष के तहत स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त होगा जो स्थानीय लोगों के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि यह आदिवासी आबादी को रोजगार प्रदान करेगा और आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में भी योगदान देगा।

इसलिए इस स्थिति को देखते हुए, मैं माननीय आयुष मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि कृपया स्वास्थ्य पर्यटन के लिए क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक अनुमोदन और सहायता प्रदान करें।

<u>अपराह्न 2.35 बजे</u>

अनुदानों की अनुपूरक मांगें (सामान्य), 2015-16

माननीय उपाध्यक्ष : अब, सदन विषय मद संख्या पर विचार करेगा। 19 – अनुदान के लिए पूरक मांगों पर चर्चा (जनरल).

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि आदेश पत्र की तीसरी कॉलम में राजस्व लेखा और पूंजी लेखा के अंतर्गत दर्शाई गई संबंधित अनुपूरक राशियाँ, भारत के राष्ट्रपति को भारत की संचित निधि से इस उद्देश्य के लिए स्वीकृत की जाएँ, ताकि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान भुगतान की प्रक्रिया में आने वाले व्यय को पूरा किया जा सके, जो आदेश पत्र की दूसरी कॉलम में माँग संख्याओं 1 से 10, 12, 13, 15, 18, 20, 21, 23, 26, 29, 30, 33 से 35, 40, 47, 48, 50, 53 से 56, 58 से 61, 64, 66, 68, 69, 71, 75 से 77, 83, 84, 89, 91, 96, 97, 99, 101, 103 से 105 और 107 से 109 के विरुद्ध दर्ज प्रमुख मांगों से संबंधित हैं।"

[हिन्दी]

श्री हुकुम सिंह (कैराना) : महोदय, आपने मुझे अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। 17 लाख 77 हजार 477 करोड़ रूपए का मूल बजट हमने पारित किया था। यह प्रथम अनुपूरक है जो सरकार लेकर के आई है और 40 हजार 826 करोड़ 68 लाख रूपए की अनुदानों की अनुपूरक माँग यह आई है। माँग की मुख्य मदों की ओर मैं थोड़ी बात कहना चाहूँगा। एक तो मैं बधाई देता हूँ कि जितनी भी ये अनुदानों की अनुपूरक माँगें आई हैं, सब सामाजिक दायित्व को निभाने की ओर हैं। जो सोशल सेक्टर में सरकार ने जिम्मेदारी ली है, जिन मदों में प्रधानमंत्री जी ने बार-बार घोषणा की है और अपना कमिटमेंट दर्शाया है, उन्हीं मदों के ऊपर बल देकर के आज यह अनुपूरक आया है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था दो ट्रिलियन डॉलर तक पहुँची है और चीन के बाद एशिया में अकेला भारतवर्ष ऐसा है, जो इस सीमा तक पहुँच पाया है और जिस गति से, लगभग सात वर्षों में हमने लगभग एक लाख ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। अगर इसी गति से हम लोग बढ़ते रहेंगे, एक अच्छे नेतृत्व में चलने का यही लाभ है कि आगे भी हमारी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होने वाली है। इसमें कोई संदेह की बात नहीं है।

मान्यवर, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो अनुपूरक बजट रखा है, विशेष रूप से मैं मुद्रा की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। सम्भवतः इतने लम्बे आजादी के कार्यकाल में किसी सरकार का ध्यान उधर नहीं गया है कि जो छोटे-छोटे उद्योग गाँव में लगाते हैं, छोटे-छोटे व्यवसाय करते हैं, ठेली लगाते हैं, कोई छोटी-मोटी दुकान लेकर बैठते हैं, अगर उनको पैसे की आवश्यकता हो तो उस पैसे की आवश्यकता की पूर्ति कहाँ से हो। प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की, इसलिए एक मुद्रा बैंक की उन्होंने स्थापना की और उस मद में भी अनुपूरक बजट में लगभग 600 करोड़ रूपया आपने दिया है, जो स्वागतयोग्य है। मुझे विश्वास है कि जिस कमिटमेंट के साथ में, जिस आस्था के साथ आप इस श्रेणी को स्वस्थ और सुदृढ़ करने जा रहे हैं, निश्चित रूप से जो सबसे निम्न श्रेणी का व्यवसायी है, व्यापारी है, उद्योगपति है, उसे निश्चित रूप से फायदा पहुँचेगा, लाभ पहुँचेगा।

मान्यवर, इसी प्रकार से बैंको की व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आपने प्रावधान किया है, लेकिन प्रावधान के साथ-साथ मैं माननीय राज्य मंत्री (वित्त) का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि हमने बैंकों को जिम्मेदारी,

तो बहुत बड़ी दे दी और लगभग हर सेक्टर बैंक के ऊपर निर्भर करता है। किसान हो, किसान क्रेडिट कार्ड हो, मुद्रा को आप लाए, ये सब वह वर्ग है, जो अब तक शोषित श्रेणी में आते थे। ये शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछड़े हुए थे। बड़ा उद्योगपति होता तो जाकर के अपना काम करा लेता, लेकिन इधर आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। बैंक की संस्कृति में आमूल-चूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। बैंक केवल एक सरकारी विभाग नहीं है, बैंक देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। अगर बैंक के एटीट्यूड में अंतर नहीं आएगा, उनका स्वभाव नहीं बदलेगा, उनकी सोच और कल्चर नहीं बदलेगा, तो जो लक्ष्य हमने निर्धारित किया है, गरीब वर्ग को उठाने का, शोषित वर्ग को सहायता करने का, उसमें हम कामयाब नहीं हो पाएंगे। मैंने संक्षेप में आपकी तरफ इशारा किया है, क्योंकि जब हम जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जाते हैं, तो वहाँ पर यही शिकायत सामने आती है कि साहब मैं अपना क्रेडिट कार्ड बनवाने गया था। जब तक बाहर खड़े हुए दो आदमी, जो परमानेंटली वहाँ पर रहते हैं, उनकी सहायता मुझको नहीं मिली तब तक मेरी बात नहीं सुनी गई। यह बैंक के बाहर खड़ा होने वाला जो व्यक्ति है, परमानेंटली उसका व्यवसाय वहीं खड़े होने का है, जब तक उसे बीच से नहीं निकालेंगे, उन दलालों की दलाली समाप्त नहीं करेंगे तब तक हम अपने उस लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाएंगे। आप अच्छा आशय लेकर आए हैं। मैंने पहले भी यह बात कही थी और आज भी मैं आपसे यह आग्रह कर रहा हूँ, इस बात को अन्यथा न लें, यह मन की पीड़ा है। हम आज आजाद हिंदुस्तान में खड़े हुए हैं। आत्मविश्वास के साथ में हमारा कोई भी किसान जाए, मजदूर जाए या गरीब उद्योगपति जाए या गरीब व्यवसायी जाए, तो उसको यह आत्मविश्वास होना चाहिए कि मेरी बात सही है, मेरी बात सुनी भी जाएगी और मेरी तरफ ध्यान भी दिया जाएगा। मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

मान्यवर, आपने सोशल सेक्टर में लगभग 7,985 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है और इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। इस सेक्टर को आगे बढ़ाने की जो प्रधानमंत्री जी की योजना थी, उस सेक्टर में इस अनुपूरक बजट में भी आपने प्रावधान किया है। मुझे विश्वास है कि चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वच्छ भारत का हमारा सपना हो, उस सेक्टर में हम लोग कामयाब होंगे। स्वच्छ भारत हमारी एक बहुत बड़ी कल्पना है और आपने वर्ष 2019, अक्टूबर तक संकल्प किया है कि हम भारत को स्वच्छ बनाकर रहेंगे। शुरूआत भी हो गई,

शुरूआत होने के साथ-साथ दर्जनों स्कीम लाँच भी हो गईं, प्रभाव भी आना शुरू हो गया, इस सेक्टर में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए ध्यान देने की जरूरत है कि जब तक कूड़ा-करकट हमारे शहरों में, नगरों में, गाँवों में फैला रहेगा, जब तक हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को कम से कम यह सुविधा नहीं मिल जाए कि घर-घर में शौचालय बन जाएं, उनके नहाने की व्यवस्था हो जाए, पानी उनको वहाँ पर उपलब्ध हो जाए, तब तक भारत स्वच्छ नहीं हो पाएगा।

मैं सरकार को बधाई देता हूँ और विशेष रूप से माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ, जिन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर इस कार्यक्रम को लिया है। इसी दिशा में मैं पेयजल की, ड्रिंकिंग वाटर की बात करता हूँ। उस मद में भी आपने प्रावधान किया है। आज देश की स्थिति पानी के क्षेत्र में बहुत ज्यादा पिछड़ गई है। कोई नगर, कोई गाँव ऐसा नहीं बचा है, अपवाद हो तो दूसरी बात है, लेकिन आज पानी स्वच्छ नहीं मिलता है। हमें उस समय का याद है, बचपन में जब कहीं भी घूमने के लिए चले जाते थे, बराबर में से नदी बह रही है, राजबा है, नहर चल रही है, तो निःसंकोच भाव से हम अपनी प्यास उससे बुझा लेते थे। आज तो उधर जाने की हिम्मत भी नहीं होती है। हमारे लिए जो एक मात्र स्रोत पेयजल का बचा है, वह ग्राउंड वाटर है। ग्राउंड वाटर पर हम कब तक निर्भर करेंगे, पहली बात यही सोचने की है। आज इस बात का सर्वेक्षण करें कि गांव की स्थिति ड्रिंकिंग वाटर के क्षेत्र में कितनी आगे गई है। आपने एक संकल्प किया है कि हर व्यक्ति को हम शुद्ध जल उपलब्ध कराने की योजना बनाएंगे, योजना बन गई है। मैं जानता हूँ कि पानी स्टेट सब्जेक्ट है। सेंटर का केवल नियंत्रण या कार्य क्षेत्र बड़ी नदियों तक सीमित है, लेकिन जितनी सहायता सेंटर देता है, अबकी बार भी आपने ड्रिंकिंग वाटर की दिशा में प्रावधान किया है। वर्ष 2019 तक, जैसा मैंने कहा, आपने स्वच्छता की ओर ध्यान दिलाया है, क्या यह संभव है कि हम हर गांव को ईकाई मानकर हर गांव के लक्ष्य निर्धारित करें कि वहां पर वर्ष 2019 तक पानी की टंकी जरूर लग जाएगी, पेयजल की व्यवस्था वहां पर हो जाएगी। मैं जानता हूँ कि आपने 42 प्रतिशत राज्यों का हिस्सा बढ़ा दिया। लगभग दो लाख करोड़ रूपए अतिरिक्त जाने वाले हैं राज्यों में, जो नगर पंचायत में और गाँव समाज में भी जाएंगे, लेकिन एक कोआर्डिनेट की बात है और उस समन्वय का काम केवल और केवल केन्द्र कर सकता है। अगर केन्द्र समन्वय का काम नहीं करेगा और हम केवल वहीं छोड़ कर

के बैठ जाएंगे, जो मेरा अपना अनुभव है, मैं प्रदेश सरकार में बहुत लंबे समय तक विधायक के रूप में और मंत्री के रूप में रहा हूँ, लेकिन वहाँ पर भी अपनी प्राथमिताएं होती हैं। सत्ता पक्ष की अपनी प्राथमिकता होती है। हमारा अपना अनुभव है, जिस पक्ष की सत्ता आएगी, नल का पैसा यहाँ से जाएगा, लेकिन नल कुछ राजनैतिक आधार पर बंटकर रह जाएंगे और गरीब और शोषित वर्ग उनसे वंचित रह जाएगा। अगर पानी की टंकी का भी यही हाल हुआ तो बड़े-बड़े आदमी पानी की टंकी लगवा लेंगे, उस पानी को भी अपनी कॉलोनी तक सीमित कर देंगे और जो पीड़ित वर्ग है, वह इससे वंचित रह जाएगा। इस कारण से एक लक्ष्य आप निर्धारित करें कि जहाँ स्वच्छ भारत की हमने वर्ष 2019 तक कल्पना की है, वर्ष 2019 तक हम निश्चित रूप से भारत के हर व्यक्ति को स्वच्छ जल प्रदान करने में सफल होंगे। आज हमारे सामने परिणाम दूसरा आ रहा है।

मान्यवर, जब हम अपने कार्यालय में बैठते हैं, मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आता हूँ, यहाँ से लगभग दो-ढाई घंटे का सफर हमारी कांस्टीटूएंसी का है। वहाँ से रोज 10 से 15 आदमी इस काम के लिए आते हैं कि मुझे एम्स में दाखिल करा दीजिए, मुझे पंत अस्पताल में दाखिल करा दीजिए। उन्हें लीवर की बीमारी होती है, उन्हें जितनी बीमारियां होती हैं, वे सब जल आधारित बीमारियां होती हैं, क्योंकि उन्हें पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। बहुत बड़ी समस्या है, कहाँ-कहाँ तक आप एम्स खोलेंगे, कितने अस्पताल आप बनाएँगे? कितनी भी दवाइयाँ बन जाएँगी, लेकिन जब तक खानपान शुद्ध नहीं होगा, तब तक उन दवाइयों का और उन अस्पतालों का कोई प्रभाव होने वाला नहीं है। इसलिए मैं आपको, सरकार को तथा माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूँ कि इस ओर उन्होंने प्राथमिकता दी है, सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, लेकिन इसे और गति देने की आवश्यकता है और यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कोई पात्र व्यक्ति उससे वंचित न रह जाए, लोग इसका भी अपव्यय न कर लें। क्योंकि आज सब उद्योगों का पानी नालों में बह रहा है। आप नौएडा का परीक्षण कर लीजिए तो आप देखेंगे कि वह पानी सीवेज से होकर नीचे जा रहा है। ग्राउंड वाटर जो केवल एक सोर्स रह गया है हमारे पानी पीने के लिए, वह भी पूर्णतः पॉल्यूट होता जा रहा है। इस कारण से इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

मान्यवर, सिविल एवियेशन की तरफ आपने खास तौर से ध्यान दिया है। एयर इंडिया की स्थिति को सुधारने के लिए आपने पैसों का प्रावधान भी किया है और इस दिशा में लगभग 820 करोड़ रुपये का प्रावधान

आपने किया है। मैं किसी डिपार्टमैंट पर कुछ टिप्पणी नहीं करना चाहता। आज हमारे यहाँ निजी क्षेत्र में भी एयरलाइन्स चल रही हैं और यह हमारे लिए प्रतिष्ठा की बात है। लेकिन क्या कारण है कि मैं एयर इंडिया से लखनऊ जाऊँगा, तो किराया कुछ और होगा, निजी सेवा से जाऊँगा, तो किराया कुछ और होगा? निजी सेवा से जाऊँगा, तो वह फ्लाइट टाइम पर आ जाएगी, एयर इंडिया से जाऊँगा तो ढाई घंटे इंतज़ार करना पड़ेगा और यह भी डर है कि बाद में कैंसेल न हो जाए। आप सहायता करिए क्योंकि यह देश का पैसा है, राष्ट्रीय कोष का पैसा है। एयर इंडिया अगर सही दिशा में चली होती, तो आज आपकी सहायता की आवश्यकता उसको न पड़ती। कहाँ अपव्यय हो रहा है, कहाँ इस पैसे को बरबाद किया जा रहा है, और अपनी सेवाएँ देने में वह क्यों सक्षम नहीं हो पा रहे हैं, इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है।

मुझे विश्वास है कि माननीय वित्त मंत्री जी के रूप में एक बहुत ही योग्य मंत्री हमें मिले हैं, यह हमारा सौभाग्य है। समर्पित भाव से वह काम कर रहे हैं और अच्छी जोड़ी मिली है राज्य मंत्री जी और कैबिनेट मंत्री जी के रूप में, लेकिन यह भी सोचें कि केवल लोक सभा से, पार्लियामैंट से पास कराना पर्याप्त नहीं है। पास होने के बाद उसका सदुपयोग भी हो, यह भी कम ज़रूरी नहीं है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि जब सप्लीमैंट्री डिमांड्ज़ आप लेकर आए हैं, इसकी भावनाओं के अनुरूप, और जिन भावनाओं के अनुरूप देश आज आपकी तरफ देख रहा है, उस तरफ हम आगे बढ़ेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

मान्यवर, मैं ज्यादा समय न लेकर इससे भी अलग हटकर एक-दो बातें कहना चाहूँगा। आज हम सदन में खड़े हैं। दो दिन से हम देख रहे हैं कि बराबर सामने वाली सीटें खाली हैं। दुख की बात है, तकलीफ की बात है कि हमारे प्रयास के बावजूद भी हम उस बात में सफल नहीं हुए, क्योंकि बहुत से लोगों को केवल सत्ता में बैठने की आदत थी और इत्तफाक से अगर उधर बैठना पड़ा, तो वे अपने को कुछ अनकम्फर्टेबल महसूस कर रहे हैं। लेकिन सत्ता पक्ष जिस प्रचंड बहुमत के साथ यहाँ आया है, आज हमारी ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। हमें और प्रयास करना पड़ेगा कि किस तरीके से हम उस मानसिकता को समझ सकें, उनको समझा सकें, उनको इस दायरे में ला सकें कि वे लोक सभा में बैठकर कार्यवाही में भाग लें, डिबेट में हिस्सा लें। मैंने वह दिन देखे हैं, मैं यहाँ तो पहली बार चुनकर आया हूँ, लेकिन बहुत लंबे समय तक मुझे विधान सभा में बैठने का मौका

मिला - उपाध्यक्ष के रूप में भी और पार्लियामैंट्री अफेयर्स मिनिस्टर के रूप में भी। इमरजैंसी में जब मैंने देखा कि आधा सदन खाली था, विपक्ष जेल में था, हम सत्ता पक्ष में बैठे हुए थे, हमें लगता था कि सदन पूर्ण नहीं है। मैं इस बात को मानता हूँ कि सरकार की तरफ से पूरा प्रयास किया गया, पार्टी की तरफ से पूरा प्रयास किया गया लेकिन कुछ अनावश्यक ज़िद पर अड़े हैं, फिर भी हमारा प्रयास जारी रहना चाहिए। हम सहृदयता का परिचय दें, हम अपनी विवेकशीलता का परिचय दें और कोशिश करें कि सदन का जो स्वरूप होना चाहिए, वह स्वरूप बना रहे।

इन्हीं शब्दों के साथ आज जो अनुपूरक मांगें इस सदन में पेश की गई हैं, मैं उनका पूर्णतः समर्थन करता हूँ और मैं चाहूँगा कि इस पैसे को जो आप स्वीकार करा रहे हैं, इसका पूर्णतः सदुपयोग हो और जनता के हित में हो। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

[अनुवाद]

श्री पी.आर. सेन्थिल नाथन (शिवगंगा): धन्यवाद माननीय उपाध्यक्ष, महोदय। *वणक्कम*!

उपाध्यक्ष जी, मैं जानता हूं कि आप मुझे भाषण समाप्त करने का इशारा कर रहे हैं, लेकिन मैं एक बात कहकर अपना भाषण समाप्त करूंगा। आप बड़े उदार हैं, आज जिस तरह से आपने एम.पी. लैड की बात कही, उसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद दूंगा।

यह बिल आम व्यक्ति के हितों की रक्षा करता है। वादकारी यानि एडवोकेट्स, आधिवक्ता, तो बार एसोसिशएन की निरंतर मांग थी कि इसकी सीमा बढ़ाई जाए। मैं समझता हूं कि इस बिल के पास होने के बाद केवल वादकारियों को प्रसन्नता नहीं होगी, बल्कि इस देश के सभी आधिवक्ताओं को भी प्रसन्नता होगी। खासकर जो हमारी बार एसोसिएशन के लोगों ने इसकी मांग की थी।

मैं इसी के साथ अपने वक्तव्य को समाप्त करता हूं और इस बिल का समर्थन करता हूं।

[अनुवाद]

माननीय उपाध्यक्ष : श्री वारा प्रसाद राव।

हम नियम 193 के तहत दोपहर 5.30 बजे चर्चा कर रहे हैं। इसलिए, हमें उससे पहले इस विधेयक को पारित करना होगा। कृपया संक्षिप्त में कहें।

श्री वारा प्रसाद राव वेलागपल्ली (तिरुपति): महोदय, वास्तव में, गुणों की कीमतों में अत्यधिक प्रशंसा के मद्देनजर यह सही दिशा में एक सही कदम है। यह एक अच्छा कदम है, लेकिन मैं एक पूर्ववर्ती वक्ता से सहमत हूँ जो बता रहे थे कि यह एक औपनिवेशिक निर्णय है जो हमने लिया है। अन्य सभी उच्च न्यायालयों में उनके पास मूल अधिकार क्षेत्र नहीं है जबकि चेन्नई, कोलकाता, मुंबई और दिल्ली के इन चार चार्टर्ड बैंकों में केवल इस तरह की बात है। मैं समझता हूँ कि इससे निपटा जा सकता है और सरकार इस पर भी विचार कर सकती है ताकि आने वाले वर्षों में यह आसान हो जाए।

निश्चित रूप से, यह उच्च न्यायालय के बोझ को कम करता है और वादियों को दूरी के दृष्टिकोण से, शुल्क के दृष्टिकोण से और अन्य सभी दृष्टिकोणों से भी अत्यधिक लाभ होगा।

महोदय, गुड़गांव, नोएडा, फरीदाबाद आदि के आसपास के क्षेत्रों में जिला अदालतों के पास असीमित अधिकार क्षेत्र है, जबकि अकेले दिल्ली उच्च न्यायालय के पास दो करोड़ रुपये तक का अधिकार क्षेत्र होगा। यह अनुचित होगा। इसलिए, लंबे समय में, सिविल मामलों के मूल अधिकार क्षेत्र की शक्ति को उच्च न्यायालय से छीनकर जिला अदालतों को दिया जा सकता है ताकि उच्च न्यायालय अपील और रिट क्षेत्राधिकार पर ध्यान केंद्रित कर सके।

महोदय, आर्थिक क्षेत्राधिकार पूरे देश में एक समान होना चाहिए। जबकि तमिलनाडु में, दिल्ली में यह बहुत कम है, किन्तु हमारी सीमा दो करोड़ रुपये की होगी। जबकि संपत्ति की सराहना और मुद्रा अवमूल्यन पूरे देश में एक समान है, इसे दिल्ली उच्च न्यायालय के मामले में बढ़ाना केवल अनुचित होगा। इसलिए, मेरी राय है कि सभी न्यायालयों को एक समान आर्थिक अधिकार क्षेत्र दिया जा सकता है और उच्च न्यायालयों को इससे नहीं निपटना चाहिए।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर): माननीय उपाध्यक्ष, महोदय, मैं दिल्ली उच्च न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2015 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के साथ-साथ दिल्ली के अन्य 11 जिला न्यायालयों के आर्थिक क्षेत्राधिकार को बढ़ाने का प्रयास करता है जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली उच्च न्यायालय वादों पर अपना अधिकार क्षेत्र रखने जा रहा है जो कि पहले की तुलना में 2 करोड़ 20 लाख रुपये हैं। मुद्रा के अवमूल्यन के रूप में और दिल्ली की संपत्ति दरों में वृद्धि को देखते हुए, माननीय जगदम्बिका पाल ने यह भी उल्लेख किया कि लगभग रु20 लाख से कम के लिए दिल्ली में कुछ भी उपलब्ध नहीं है, तो यह दस गुना वृद्धि जो रुपये से होने जा रही है। 20 लाख रुपये से रु. 2 करोड़ अदालतों के हित में होने जा रहा है।

दिल्ली उच्च न्यायालय आज एक ऐसी स्थिति में है कि वह व्यावहारिक रूप से हर मूल नागरिक कार्यवाही को देख रहा है। इसे दस गुना बढ़ाकर, हम वास्तव में 12,000 से अधिक मामलों को जो दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित हैं, को निचली अदालतों में स्थानांतरित करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विचार है क्योंकि लंबित होना एक गंभीर मुद्दा है और वादियों के लिए एक बाधा है। यह केवल जनता के हित में ही नहीं, न्यायपालिका के हित में भी है क्योंकि निचली अदालतों में बहुत सारे न्यायाधीश खाली बैठे हैं, इसलिए हम उन्हें कुछ काम दे पाएंगे। यदि आप लाभों को अधिक बारीकी से देखते हैं, तो हम पाएंगे कि उच्च न्यायालय का कार्यभार भी कम हो जाएगा, और विवाद करने के लिए पक्षों पर अदालती शुल्क के कारण कम बोझ होगा। दिल्ली उच्च न्यायालय वास्तव में एक अधिक अनन्य मंच बन जाएगा जो अधिक गंभीर प्रकृति के मामलों पर निर्णय लेने में सक्षम होगा। बेहतर मामलों, बड़े राज्यों के विवादों पर निर्णय देने वाले बेहतर दिमाग होंगे।

मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि यह विधेयक प्रासंगिक है क्योंकि देश भर के सभी उच्च न्यायालयों के वित्तीय अधिकार क्षेत्र में एकरूपता लाने की आवश्यकता है। दिल्ली के आसपास के सभी जिला अदालतों जैसे नोएडा, गुड़गांव, गाजियाबाद और फरीदाबाद में असीमित आर्थिक अधिकार क्षेत्र है। इसी तरह, हमें दिल्ली में जिला अदालतों की तुलना आसपास के क्षेत्रों में अन्य जिला अदालतों से करनी होगी।

एक और महत्वपूर्ण मुद्दा जो मैं बताना चाहता हूं वह यह है कि यह रू 2 करोड़ का मूल्य अभी भी एक रहस्य बना हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि उस विधेयक को पुरःस्थापित किया जाए। सस्मित पात्रा ने स्वयं को संबद्ध किया। धन्यवाद।

[हिन्दी]

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : महोदय, मैं आपका धन्यवाद करूंगा कि आपने मुझे दिल्ली हाई कोर्ट एक्ट, 1966 की धारा-5 में संशोधन के ऊपर बोलने का मौका दिया है। यह बहुत सेंसिटिव इश्यू है और मैं आपके माध्यम से देश की जनता को भी बताना चाहता हूं कि दिल्ली हाई कोर्ट एक्ट, 1966 की धारा-5 में संशोधन के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी साहब, कानून मंत्री सदानंद जी और हमारे पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर श्री नायडु जी को विशेष रूप से धन्यवाद दूंगा क्योंकि इस कानून में संशोधन की वकीलों तथा जनता की लम्बी मांग को स्वीकारते हुए भारत सरकार इसमें संशोधन करने का प्रस्ताव लाई है। दिल्ली में पिछले दिनों जिन अदालतों के वकील जनता के फायदे के लिए काफी समय से संघर्ष कर रहे थे, वे हमारी पार्टी के पदाधिकारियों और व्यक्तिगत रूप से मुझसे मिले अतः इस बिल को लाने से जो फायदे होंगे, मैं उनसे आपको अवगत कराना चाहता हूं। नेताओं ने उनकी जायज मांगों को जो हमारे वकील हैं चाहे द्वारका के हों या साकेत के हों या तीस हजारी के हों या पटियाला हाउस के हों, उन्होंने दिल्ली की जनता और वकीलों के हित को देखते हुए, इसको 20 लाख से बढ़ा कर दो करोड़ रुपया करने की नहीं है, महोदय, जब वर्ष 2003 में एन.डी.ए की सरकार थी, इस रकम को बढ़ा कर पांच लाख से बढ़ाकर बीस लाख किया था। जो लोग गरीबों के हित की बात करते हैं और गरीबों के ठेकेदार होने का दावा करते हैं, वे केवल राजनीति करते रहे। पिछली यू.पी.ए की सरकार में इनके मंत्री कपिल साहब बिलकुल " इलेवंथ ऑवर " में इस बिल को लेकर आए थे। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि देश में इस तरह का माहौल पैदा किया जा रहा है कि 15 लाख रुपए हर किसी के अकाउंट में आना चाहिए। मैं चार दिन से स्लोगन भी सुन रहा था कि 15 लाख रुपए कहां गए। 15 लाख रुपए हर व्यक्ति के बैंक खाते में आ जाएंगे, इस बात का तात्पर्य यह था कि सरकार ने किसी को निठल्ला या आलसी बनाकर 15 लाख रुपया देने की बात नहीं कही थी बल्कि पांच वर्ष में हर व्यक्ति को लगे कि उसे 15 लाख का लाभ हुआ है। इस बिल को लाने से एक गरीब आदमी अगर हाई कोर्ट का वकील करेगा, मीनाक्षी जी बैठी हैं, इन्हें पता है कि हाई कोर्ट के वकील की फीस छोटे वकील की फीस से बीस गुना ज्यादा होती है, लोअर कोर्ट के वकील से। दिल्ली से सटा हुआ एन.सी.आर एरिया है, गुड़गांव है, फरीदाबाद है, उसमें उनकी अनलिमिटेड पॉवर है। दिल्ली में 20

लाख का प्लाट आनियमित कालोनी में भी नहीं आता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को दिल्ली की समस्या को देखते हुए इस धनराशि को दो करोड़ रुपयों से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपया करना चाहिए क्योंकि गरीब आदमी को वकील सस्ता मिलेगा और निचली अदालत में केस को निपटाने का प्रयास करेगा। उस गरीब आदमी का बचा पैसा बैंक में जाएगा और इसी प्रकार पन्द्रह हजार ऐसे मामले जो दिल्ली हाई कोर्ट में फंसे हुए हैं, वे अगर लोअर कोर्ट में आ जाएंगे, तो उनका निपटारा जल्दी हो जाएगा।

मैं पूछना चाहता हूं कि कुछ लोग इस प्रकार की राजनीति करते हैं। जो वकील, एडवोकेट्स हैं, वे बुद्धिजीवी वर्ग हैं, उनसे उम्मीद की जाती है, चालीस हजार ऐसे वकीलों तक मैं यह बात पहुंचाना चाहता हूं कि इस देश की तरक्की के लिए बुद्धिजीवी वर्ग जो संघर्ष करते रहे, उन्हें इनिशिएटिव लेना पड़ेगा। वे दस-दस बच्चे पैदा करने का फतवा देने वाले लोग देश के भविष्य के बारे में थोड़े ही सोचेंगे। इसीलिए जो गरीब लोग हैं, जो पैसा बचेगा, वह उनके खाते में जायेगा और अगर वे बच्चे पैदा करने को कहते हैं कि कुदरत की देन है, तो आंख में इंफैक्शन हो गया, पेट में दर्द हो गया तो आंख की इंफैक्शन के लिए वे दवाई लेने क्यों जाते हैं, फिर तो उसे कुदरत ही ठीक कर देगी। जो इस प्रकार से मिसगाइड करने की बातें करते हैं, तो गरीब आदमी के हक का जो पैसा है, वह उसकी पाकेट में जायेगा तो 15 लाख रुपये का उसे पांच साल में लाभ होगा।

उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जिस 80 प्रतिशत जनता को इस बिल के माध्यम से लाभ होने वाला है, मैं उन लोगों को यह मैसेज जरूर देना चाहता हूं, इसमें मेरे एक-दो सुझाव हैं कि जो ज्यूडिशियरी में एडवोकेट्स बैठे हुए हैं, जो नीचे से रेवेन्यू में आयेगा, उस पैसे को बढ़ाकर उनके वहां चैम्बरों की व्यवस्था करनी चाहिए और चैम्बरों की व्यवस्था करने के साथ-साथ उन्हें काम करने का बढ़िया एनवायरनमैन्ट मिलेगा, तो मुझे लगता है कि वे सैल्फ इंडिपेन्डेन्ट होकर बड़े वकील के अंडर नहीं होंगे। एक व्यवस्था होनी चाहिए कि दस साल से आधिक पुराने वकील को वह लाभ मिलना चाहिए।

मेरा अगला सुझाव यह है कि अगर ज्यूडिशियरी के अनुसार सर्किल रेट बढ़ाये जाते हैं, जिन-जिन स्टेट्स में सर्किट रेट बढ़ाये जाते हैं तो सर्किल रेट के अनुसार पिक्यूनरी ज्यूरिस्डिक्शन के अनुसार इनके दाम भी बढ़ने चाहिए। उसके बाद लोगों को आंदोलन और संघर्ष करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इसलिए मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि उन्होंने एक अच्छा इनिशिएटिव लिया है, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

[अनुवाद]

श्री पी.पी. चौधरी (पाली): महोदय, इस विधेयक को लाने के लिए आदरणीयकानून मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूँगा। यह एक नम्र कदम है। अब एकमात्र सवाल यह है कि 24 उच्च न्यायालयों में से, हमारे पास मूल रूप से बीस उच्च न्यायालयों में कोई मूल अधिकार क्षेत्र नहीं है। केवल चार उच्च न्यायालयों में, जो ब्रिटिश युग की विरासत हैं, हमारे पास मूल अधिकार क्षेत्र है। माननीय को मेरा निवेदन. मंत्री जी का कहना था कि इन चारों उच्च न्यायालयों में मूल क्षेत्राधिकार की कोई आवश्यकता नहीं है। सी.सी की धारा 6 के प्रावधानों को देखते हुए एकरूपता होनी चाहिए। इसलिए, पूरे देश में एकरूपता लाने के लिए चार उच्च न्यायालयों, अर्थात् दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में यह मूल अधिकार क्षेत्र छीन लिया जाना चाहिए और एकरूपता बनाए रखी जानी चाहिए।

विधि और न्याय मंत्री, श्री डी.वी. सदानन्द गौड़ा :उपाध्यक्ष महोदय, मैं सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूँ। जिन सदस्यों ने विधेयक का पूरा समर्थन किया है। उन्होंने विधेयक में जिस मामले पर चर्चा की है, उसके अतिरिक्त कुछ सुझाव भी दिए हैं।

व्यावहारिक रूप से, दिल्ली के आर्थिक क्षेत्राधिकार का मुद्दा केंद्रीय अधिनियम के अंतर्गत आता है क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय अधिनियम एक केंद्रीय अधिनियम है। इसलिए, विधेयक को संसद के समक्ष लाना होगा और हमें विधेयक में संशोधन करना होगा। आर्थिक क्षेत्राधिकार से संबंधित अन्य सभी संशोधन राज्य विधानमंडल द्वारा उठाए जा सकते हैं। राज्य इस मुद्दे को उठाने में सक्षम हैं। यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। मुख्य न्यायाधीशों के साथ उचित परामर्श के बाद राज्य सरकार इसे बढ़ा सकती है।

जहां तक दिल्ली उच्च न्यायालय के आर्थिक क्षेत्राधिकार का संबंध है, दिल्ली बार एसोसिएशन की समन्वय समिति विभिन्न मंचों पर प्रतिनिधित्व कर रही है ताकि दिल्ली न्यायालय के आर्थिक क्षेत्राधिकार को मौजूदा धनराशि से बढ़ाने के लिए जा सके। 20 लाख रुपये से रु. 2 करोड़ रु. दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ने बार एसोसिएशन के अनुरोध पर भी विचार किया है। उन्होंने केन्द्रीय सरकार को भी पत्र लिखा और केंद्र सरकार से प्रस्ताव पर विचार करने का अनुरोध किया। यहां तक कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी 21 नवंबरको एक प्रस्ताव के माध्यम से, 2012, रुपये से आर्थिक क्षेत्राधिकार बढ़ाने के प्रस्ताव की सिफारिश की है। रु. 20 लाख से रु. 2 करोड़ रु. दिल्ली और उसके आसपास संपत्ति का मूल्य कई गुना बढ़ गया है। यहां तक कि वर्तमान मौद्रिक क्षेत्राधिकार इतना कम हो गया है कि बहुत छोटी संपत्ति से संबंधित मामला उच्च न्यायालय के समक्ष दायर किया जाना चाहिए।

ऐसी परिस्थितियों में, दिल्ली के लोगों को घर पर न्याय प्रदान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आर्थिक क्षेत्राधिकार को बढ़ाने से आम जनता को अपने स्थान के आसपास के क्षेत्र में जिला अदालतों तक पहुंचने में सुविधा होगी। इतना ही नहीं, यह विधेयक जो जिला अदालतों के आर्थिक अधिकार क्षेत्र को रु। 20 लाख रुपये से रु. 2 करोड़, उच्च न्यायालय के कार्यभार को कम करेगा और दिल्ली के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को न्याय पाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय जाने के लिए पर्याप्त दूरी तय नहीं करनी होगी।

वर्तमान में 11 जिला अदालतें हैं और तीन और जिला अदालतें जल्द ही बनाई जाएंगी ताकि इन मामलों को विभिन्न स्थानों पर जिला अदालतें निपटा सकें।

मेरे मित्र ने देश भर में लंबित मामलों के संबंध में बात उठाई। मैं यह स्वीकार करता हूँ कि देश भर मेंविचाराधीनता मामलों की भारी संख्या है। देश के विभिन्न हिस्सों में अधीनस्थ न्यायालयों तक लगभग 3.6 करोड़ मामले उच्चतम न्यायालय से लंबित हैं। हम वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र के माध्यम से मामलों के निपटान को देखने के लिए पहल कर रहे हैं। मैं यह रिकॉर्ड रखना चाहूंगा कि पिछले दिसंबर में देश भर के लगभग सभी अदालतों में एक मेगा लोक अदालत आयोजित की गई थी और लगभग 44 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया गया था। हाल ही में मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों का सम्मेलन हुआ जिसमें हमने विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों के निपटान के संबंध में विचार-विमर्श किया और चर्चा की।

विभिन्न न्यायालयों में न्यायाधीशों की विविध,संख्या बढ़ाने का भी ध्यान रखा गया है। पिछले दो वर्षों में, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में 100 से अधिक की वृद्धि हुई है। अब उच्च न्यायालय के लगभग 1,100 न्यायाधीश हैं। अधीनस्थ न्यायालयों में भी उच्च न्यायालय को राज्य सरकार के साथ उचित परामर्श के बाद बातों का ध्यान रखना होता है। हम पहले ही विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिख चुके हैं कि न्यायाधीशों की रिक्तियों को भरने और मामलों के निपटान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

तमिलनाडु के मेरे मित्र ने अभी कहा कि तमिलनाडु की राज्य सरकार को कोई निधि आबंटित नहीं की गई है। केंद्र सरकार ने मंजूर किए रुपये 2010-11 में तमिलनाडु के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत 58.35 करोड़ रुपये। 2012-13 में 19.53 करोड़, और रु. 2013-14 के दौरान 73.43 करोड़ रुपये। तमिलनाडु में स्वीकृत संख्या भी बढ़ गई है, लगभग 980 कोर्ट रूम उपलब्ध हैं और 981 न्यायिक अधिकारी हैं, और 115 अदालती भवन भी निर्माणाधीन हैं।

मेरे मित्र ने यह बात कही है कि देश भर में आर्थिक क्षेत्र एक समान होना चाहिए। जहां तक आर्थिक क्षेत्राधिकार के निर्धारण का संबंध है, यह उच्च न्यायालय के साथ उचित परामर्श के बाद राज्य सरकार की विशेषाधिकार शक्तियों के अंतर्गत आता है। इसलिए, राज्य सरकार से प्रस्ताव आने के बाद उच्च न्यायालय को इसका ध्यान रखना होगा और राज्य सरकार को आर्थिक अधिकार क्षेत्र बढ़ाना होगा।

समन्वय समिति से जो प्रस्ताव आए हैं, उनको दिल्ली के उत्तरी हिस्से द्वारा केन्द्र सरकार को भेजा गया है और उसको भी दिल्ली के उच्च न्यायालय के एक संकल्प द्वारा समर्थन दिया गया है, और इसको केन्द्र सरकार ने पूरी तरह से स्वीकार किया है। इसलिए, दिल्ली उच्च न्यायालय के इस आर्थिक क्षेत्राधिकार को संशोधित करना होगा। इसे अंतिम बार वर्ष 2003 में दिल्ली उच्च न्यायालय अधिनियम 1966 की धारा 5 की उपधारा 2 और पंजाब न्यायालय अधिनियम 1918 की धारा 25 में संशोधन करके संशोधित किया गया था।

इसलिए, जिन सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया है, सभी ने इस विधेयक का हृदय से समर्थन किया है और व्यावहारिक रूप से इस विधेयक में कोई भ्रम नहीं है। इसका सदस्यों द्वारा स्वागत किया जाता है। इसलिए, मैं एक बार फिर अनुरोध करता हूँ कि विधेयक को पारित किया जाए।

माननीय उपाध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि यह विधेयक दिल्ली उच्च न्यायालय अधिनियम, 1966 में और संशोधन करेगा, जैसा कि राज्य सभा द्वारा पारित किया गया है, उस पर विचार किया जाएगा"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय उपाध्यक्ष : सदन अब विधेयक पर खंड दर खंड विचार करेगा।

श्री ए. संपत संशोधन संख्या पेश करेंगे। 1 खंड को 2 वह उपस्थित नहीं।

खंड 2 धारा 5 का संशोधन

माननीय उपाध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 विधेयक का हिस्सा है।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 3 और 4 1918 के पंजाब अधिनियम vi का संशोधन, जैसा कि दिल्ली की धारा में लागू है, और लंबित वादों और कार्यवाही को अधीनस्थ न्यायालयों में स्थानांतरित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश की शक्ति

माननीय उपाध्यक्ष : संशोधन संख्या को प्रस्तुत करने के लिए श्री ए. संपत। 2 से खंड 3 तक। वह उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है:

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 3 और 4 विधेयक में जोड़ दिये गये।

विधेयक में खंड 1, अधिनियमन सूत्र लागू करना और विस्तृत नाम जोड़ा गया था।

श्री डी.वी.सदानन्द गौड़ा: मैं प्रस्ताव करता हूँ:

" कि विधेयक को, यथा संशोधित, पारित किया जाए। "

... (व्यवधान)

माननीय उपाध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि विधेयक को, यथा संशोधित, पारित किया जाए। "

... (व्यवधान)

माननीय उपाध्यक्ष: श्री रमेश बिधूड़ी, क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?

[हिन्दी]

श्री रमेश बिधूड़ी : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है, मैंने एक रिक्वैस्ट की थी कि इसमें पिक्यूनियरी के अनुकूल जो वहां की सम्पत्ति के रेट्स बढ़ते हैं, उस सम्पत्ति के रेट्स के अनुसार जो स्टेट बढ़ाती है, उसके अनुसार ये बार-बार जो आन्दोलन होते हैं, जो एडवोकेट्स वगैरह चक्कर लगाते हैं, वे धरनों पर बैठते हैं, इसके लिए सरकार ऑटोमैटिकली एक ऐसी व्यवस्था करे कि ऑटोमैटिकली केस की रकम बढ़ जानी चाहिए, क्योंकि, लोअर कोर्ट में जो फीस गरीब आदमी देता है, उसकी फीस कम होती है। अगर वह बेचारा हाई कोर्ट के बाद उसकी अपील सुप्रीम कोर्ट में जाकर करेगा, मैं फिर दोहराना चाहता हूं, दिल्ली में पांच करोड़ का आजकल 100 गज का प्लाट नहीं आ रहा, इसलिए मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि इसमें उनको एक एमेंडमेंट करना चाहिए कि जो सर्किल रेट बढ़ता है, उसी के हिसाब से ही स्टेट को रेट तय करना चाहिए, दिल्ली कैपीटल है, राजधानी है और हाई कोर्ट के बाद आदमी को सुप्रीम कोर्ट जाने की छूट मिलती है। सुप्रीम कोर्ट का एडवोकेट एक आदमी तो...(व्यवधान)

[अनुवाद]

श्री डी.वी. सदानन्द गौड़ा: माननीय उपाध्यक्ष, दिल्ली के बार एसोसिएशन की समन्वय समिति का प्रस्ताव आर्थिक निर्णय को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ रुपये करना था। यह एन.सी.टी. दिल्ली द्वारा समर्थित है। उनका अनुरोध भी 20 लाख रुपये से बढ़ाकर केवल दो करोड़ रुपये करने का है। यहां तक कि उच्च न्यायालय ने भी एक प्रस्ताव के माध्यम से एक ही धनराशि की सिफारिश की जो 20 लाख रुपये से दो करोड़ रुपये तक है। जब पांच या दस वर्षों के बाद समय आता है जब संपत्ति का मूल्य और अन्य चीजें अधिक हो जाती हैं, तभी इसे लिया जा सकता है। वर्तमान में, सरकार द्वारा उठाया गया यह उचित कदम है।

माननीय उपाध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"विधेयक को, यथा संशोधित, पारित किया जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वेंकैया नायडू): माननीय उपाध्यक्ष, कार्यसूची के अनुसार हमें परक्राम्य लिखत (संशोधन) विधेयक, 2015 पर चर्चा करनी है। मेरा सुझाव है कि हम इसे कल ले सकते हैं और अब हम नियम 193 के तहत चर्चा ले सकते हैं।

माननीय उपाध्यक्ष : यह सब ठीक है।

अपराह्न 5.24 बजे

नियम 193 के अधीन चर्चा

संधारणीय विकास लक्ष्य के बारे में

माननीय उपाध्यक्ष : हम सतत विकास लक्ष्यों पर नियम 193 के तहत चर्चा करते हैं। चर्चा आरंभ करने के लिए श्री रमेश पोखरियाल निशंक।

[हिन्दी]

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): माननीय उपाध्यक्ष जी, नियम 193 के अन्तर्गत आपने सतत विकास लक्ष्य की चर्चा शुरू करने का मुझे सौभाग्य दिया है, मैं आपका आभारी हूं।

जैसे कि आप को विदित ही है कि सितम्बर, 2000 में न्यूयार्क में पूरी दुनिया के 189 देशों ने मिलकर संकल्प लिया था कि वर्ष 2015 तक गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, आशिक्षा, शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर के आभिशाप से दुनिया को मुक्ति दिलानी है। लैंगिक समानता को बढ़ावा देकर के महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य सुधार, एच.आई.वी., एड्स, मलेरिया और अन्य बीमारियों का हमको मुकाबला करना है।

इसके साथ ही, पर्यावरणीय क्षेत्र में सततता निश्चित करते हुए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता की सतत पहुंच को आम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मलिन बस्तियों में सुधार करना है और विकास के लिए विश्व की सहभागिता का संकल्प लिया गया था। वर्ष 1990-2000 से लेकर अब तक इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए दुनिया के देशों को अपनी नीति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि वे ऐसी नीतियों का निर्धारण करें कि इन लक्ष्यों को वे वर्ष 2015 तक पूरा करें। भारत भी इन लक्ष्यों की पूर्ति में लगातार प्रगति के पथ पर स्फूर्त भूमिका निभा रहा है।

उपाध्यक्ष जी, गरीबी उन्मूलन, लिंग समानता, एच.आई.वी. नियंत्रण, मलेरिया पर नियंत्रण, प्राथमिक व उच्च शिक्षा जैसे बहुत सारे विषयों में भारत ने तो प्रगति की है, लेकिन वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ की जो रिपोर्ट आयी है, उसमें यह कहा गया कि भारत को बहुत गंभीरता से स्वच्छता और खुले में शौच के क्षेत्र में ध्यान

देना पड़ेगा। कुपोषण, महिला शिक्षा, रोज़गार की उपलब्धता पर ध्यान देना पड़ेगा। हमें मातृ मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर को कम करना है, क्योंकि जिस गति से जिस लक्ष्य की प्राप्ति की अपेक्षा की जा रही थी, उस गति से भारत अभी उस प्रगति को हासिल नहीं कर सका है। साथ ही, इस रिपोर्ट में यह भी चिंता व्यक्त की गयी कि महिलाओं की राजनीति में जो सहभागिता है, विशेषकर लोक सभा में, जो भारत का निम्न सदन है, उसमें उनका प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत बहुत कम है। उसे बढ़ाया जाना चाहिए।

आदरणीय उपाध्यक्ष जी, अगर गरीबी और भुखमरी के संबंध में उस समय यह कहा गया था कि उस समय गरीबी का जितना प्रतिशत है, उसमें 50% तक कमी हम वर्ष 2015 तक कर देंगे। वर्ष 1990 में यह 47.8% था। वर्ष 2011-12 में यह 21.92% तक आया। वर्तमान में यह 20.74% है और इसे 18.6% लाना था। मुझे लगता है कि जिस गति से इसमें कमी होनी थी, उस गति से यह नहीं हो रही है। हमें इस दिशा में काफी काम करने की जरूरत है। भुखमरी के शिकार लोगों की संख्या आधी करने का लक्ष्य था। वर्ष 1990 में यह 52% था। वर्ष 2005-06 में यह 40% तक आया। वर्ष 2015 में इसे 26% होना था, लेकिन अभी भी यह 33% है। यह देश के अन्दर एक बहुत ही गंभीर विषय है कि यदि आज भी इस देश में, जो प्रगति की दौड़ में है, उसमें भुखमरी के कगार पर 33% लोग हों, तो निश्चित रूप से यह एक गंभीर विषय है और यह चिंता का विषय है। केन्द्र की सरकार को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इसे दूर करना होगा। पूरी दुनिया में जो आति गरीब लोग हैं, उनका 32.9% लोग अकेले भारत में रहते हैं। इसमें मुख्य रूप से भारत के कई राज्य हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, बिहार, ओडीशा जैसे तमाम राज्य शामिल हैं। इन राज्यों में एक आभियान चलाकर इस काम को करना होगा।

महोदय, इस देश की प्रगति के लिए और इस देश में व्याप्त गरीबी और भुखमरी की स्थिति में मुझे भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की एक कविता याद आती है, जिसमें उन्होंने कहा था -

स्वप्न देखा था कभी जो आज हर धड़कन में है,

एक नया भारत बनाने का इरादा मन में है।

एक नया भारत कि जिसमें एक नया विश्वास हो,

जिसकी आंखों में चमकती एक नया उल्लास हो,

हो जहां सम्मान हर एक जाति-धर्म का,

सब समर्पित हो जहां एक लक्ष्य उसके पास हो,

एक नया आभियान अपने देश के जन-जन में हो,

एक नया भारत बनाने का इरादा मन में है।

श्रीमन्, अटल जी की कितनी छटपटाहट थी कि उन्होंने कहा, आज हम सारे विश्व में प्रगति की दौड़ में बहुत आगे हैं। उन्होंने तभी कहा था, " बढ़ रहे हैं हम प्रगति की ओर जिस रफ्तार से, कर रहा हमको नमन यह विश्व अभी उस पार से, पर अधूरी है विजय जब तक गरीबी है यहाँ, मुक्त करना है हमें अब देश को इस भार से। " उनकी जो चिन्ता, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जो चिन्ता है, वह चिन्ता आज भी बरकरार है। इसलिए एक नया संकल्प सा अब तो यहाँ जीवन में है, एक नया भारत बनाने का इरादा मन में है और निश्चित रूप में यह सतत विकास का जो हमारा लक्ष्य है, इससे देश में एक नए युग का निर्माण होगा, नए युग का सूत्रपात होगा। उसी सूत्रपात की दिशा में जिस तरीके से वर्तमान में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चारों दिशाओं में, चाहे भुखमरी को दूर करने की बात हो, बेरोजगारी को दूर करना हो, तमाम क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। उस दिशा में चाहे जन-धन योजना में गरीबी और भुखमरी से लोगों को उठाने के उस आभियान में जन-धन जैसी योजना जिसमें गरीब की जेब में, जिसकी जेब में एक पैसा भी न हो, वह भी अपना खाता खोलता है और खाता ही नहीं खोलता, बल्कि उसको सुविधाएं मिलती हैं। उसको 30 हजार रूपए का स्वास्थ्य बीमा मिलता है और दुर्घटना पर एक लाख रूपए का दुर्घटना बीमा मिलता है। इतना ही नहीं बहुत सारी योजनाएं उसके साथ जुड़ती हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित गरीबी को दूर करने का जो आभियान है, मनरेगा में भी हमारी सरकार ने श्रीमन् पाँच हजार करोड़ इस समय आतिरिक्त बढ़ाया है। खाद्य में सब्सिडी दी है और इतना ही नहीं, मुद्रा बैंक, माननीय वित्त मंत्री जी जिसकी चर्चा कर रहे थे कि मुद्रा बैंक की स्थापना की है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे बड़े आभियान जो बेरोजगारी को न केवल दूर करेंगे, बल्कि इस देश को उसके शिखर तक पहुँचाने के मुकाम तक ले जाएंगे और बेरोजगारी दूर करने के प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेंगें। जी.एस.टी भी जो इसका हिस्सा है, जो आर्थिक क्रांति करेगा, आर्थिक समृद्धता लाएगा और आम व्यक्ति को उसके कदमों पर खड़ा करने के लिए हौसला देगा।

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जिसमें एक हजार पांच सौ करोड़ रूपए का प्रावधान है। जो छात्र उच्च शिक्षा से वंचित होते हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी कार्यक्रम योजना के तहत छात्रवृत्तीय सहायता प्राधिकरण जैसी जो स्थापना की है, मैं सोचता हूं कि वह गरीबी और बेरोजगारी को दूर करने की दिशा में सरकार का बहुत अहम कदम है। इसको हम सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में एक मील का पत्थर कह सकते हैं।

श्रीमन्, जो दूसरा लक्ष्य था, वह सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा का था। वर्ष 1990 में प्राथमिक शिक्षा का जो नामांकन था, वह केवल 77 प्रतिशत था। इसका लक्ष्य वर्ष 2015 में शत-प्रतिशत करने का था। अभी हम लगभग 88.08 प्रतिशत पर हैं। यह काफी महत्वपूर्ण है। इसमें भी जो आंकड़े हैं, वे समन्वित आंकड़े नहीं हैं। इसलिए इस दिशा में जहां महिला और समाज, अशक्त व्यक्ति पीछे हैं, वर्ष 2000 में विश्व में 83 प्रतिशत दाखिले का प्रतिशत था और अब पूरे विश्व के परिवेश में देखेंगे तो यह 91 प्रतिशत है। वर्ष 2000 में सौ करोड़ बच्चे स्कूल छोड़ जाते थे और श्रीमन् आज भी 57 करोड़ बच्चे स्कूलों को छोड़ रहे हैं। भारत भी इसमें बहुत बड़े स्थान पर है। इस प्रतिशत को आगे बढ़ाने की जरूरत है। यह बात सही है कि आबादी जिस गति से बढ़ रही है, उसी गति से इस योजना को भी आगे बढ़ाने की जरूरत होगी।

श्रीमन्, जो बच्चे पांचवीं कक्षा तक स्कूल जाते हैं और स्कूल छोड़ जाते हैं, उनका भी यदि आंकड़ा देखेंगे तो वर्ष 2011-12 में यह 86.05 प्रतिशत था। आज इस लक्ष्य को शतप्रतिशत पूरा होना था लेकिन हम इसमें काफी पीछे हैं। ऐसे ही हम साक्षरता में भी काफी पीछे हैं। वर्ष 1990 में 15 से 24 वर्ष तक के नागरिकों की साक्षरता 61 प्रतिशत थी और वर्ष 2011 में यह 86 प्रतिशत हो गयी। लेकिन इसको शतप्रतिशत पूरा करना है जिसके लिए बहुत काम करने की जरूरत है। शिक्षा तो समाज, परिवार और राष्ट्र की रीढ़ होती है। शिक्षा से वंचित समाज, परिवार और राष्ट्र निश्चित रूप में कहीं भी चौराहे पर खड़ा रहता है, इसलिए यह उसकी रीढ़ की हड्डी है।

श्रीमन्, जहां तक स्त्री-पुरुष को समानता देने का विषय था और महिलाओं को सशक्त और शक्ति प्रदान करने का विषय है, विशेषकर प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में देखा जाये तो देश ने प्राथमिक शिक्षा में प्रगति की है। पहले 100 लड़कों पर 73 लड़कियां शिक्षा प्राप्त करती थीं, आज इस दिशा में भारत ने प्रगति की है। अब उसने बराबर और समानता का रूप लिया है। लेकिन माध्यमिक शिक्षा के प्रतिशत में काफी अंतर है और हम उच्च शिक्षा में बहुत अंतर पाते है। 100 विद्यार्थियों में से 54 बालिकायें उच्च शिक्षा ग्रहण करती थीं लेकिन वर्तमान में 100 विद्यार्थियों में से 89 बालिकायें ही उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इसमें भी बहुत अंतर है, इसे भी पाटने की जरूरत है। शिक्षा के क्षेत्र में चाहे वह तकनीकी क्षेत्र हो, रोजगारपरक शिक्षा का क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र हो, हर क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा को और ज्यादा सुदृढ़ करने की जरूरत है। मैं विवेकानंद छात्रवृति के लिए माननीय मंत्री जी, जो यहां पर बैठी हैं, उनको बधाई देना चाहता हूं। विवेकानंद छात्रवृति एक बालिका संतान के उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा तक संपूर्ण किया है। माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा में सरकार ने कई योजनायें शुरू की है, लेकिन उनको आगे बढ़ाने की जरूरत है। महिलाओं की साक्षरता का प्रतिशत पुरुषों की साक्षरता के अनुपात में कम है। वर्ष 1991 में 15 से 24 वर्ष की महिलाओं की साक्षरता 67 प्रतिशत थी, 100 लड़कों में 67 लड़कियां थीं, जबकि लक्ष्य बराबर का होना चाहिए। अभी यह बराबर का नहीं है। मुझे लगता है कि इसमें 100 और 90 का अंतर है। इस दिशा में भी निश्चित रूप से स्त्री-पुरुष समानता के रूप में इसको आगे बढ़ाने की जरूरत है।

वैसे भी हमारे देश ने महिलाओं को हमेशा सम्मान दिया है। हमने हमेशा कहा है कि "यत्र नार्यास्तु पूजयन्ते, तत्र रमन्ते देवता। " जहां भी नारी का सम्मान होता है, जहां भी नारी को इज्जत से देखा जाता है, उस परिवार, समाज और राष्ट्र में ही देवत्व का वास होता है। हमेशा से हमारी यह धारणा रही है।

गैर-कृषि के क्षेत्र में भी महिलाओं का प्रतिशत कम है। जहां वर्ष 1990 में यह 12.7 प्रतिशत था, वह वर्ष 2011-12 में बढ़कर 19.03 प्रतिशत तो हुआ है लेकिन लक्ष्य 50 प्रतिशत से भी आधिक का था। जिस तरीके से हम चल रहे हैं, वर्ष 2015 के पूरा होने पर हम इस क्षेत्र में 22-23 प्रतिशत पर ही रह पायेंगे। हमारे सामने पहली चुनौती उन लक्ष्यों को प्राप्त करने की है और फिर सतत् विकास की दिशा में उसमें स्थिरता ला कर उसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मैं महिलाओं की राजनीति में सहभागिता के बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं, वह आप सभी को मालूम है। सतत् विकास का जो लक्ष्य है उसमें महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में उनकी राजनैतिक सहभागिता उसी अनुपात में हो, यह भी बहुत जरूरी है।

श्रीमन्, मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि वह महिलाओं और बालिकाओं को समृद्ध करने की दिशा में जो 'सुकन्या समृद्धि योजना' चलायी गयी है, हमारी मंत्री जी यहां पर बैठी हुयी हैं, मैं उनको भी बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने 22 जनवरी 2015 को 'सुकन्या समृद्धि योजना' का शुभारंभ किया है और लड़कियों की शिक्षा और उनके विवाह के लिए जरूरतों को पूरा करने के लिए 'अल्प बचत योजना' भी बनायी है। इतना ही नहीं, माता-पिता का दस वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं के नाम से खाता भी खुलवाया है। इस समय मेरी जानकारी है कि उसमें बीस लाख से भी आधिक बालिकाओं ने सहभागिता खाते खुलवाए हैं। जमा राशियां एक हजार रुपये से एक लाख पचास हजार रुपये तक प्रति वर्ष के बीच हो सकने की संभावना है। मैं सोचता हूं कि बेटियां हमारी थाती हैं, बेटियां हमारी धरोहर हैं। जैसे मैंने कहा, नारी का सम्मान हिन्दुस्तान की संस्कृति में सर्वोच्च रहा है।

मुझे किसी ने एक छोटी सी कविता भेजी है जो मुझे अच्छी लगी। मैं उस कविता को इस सदन के साथ बांटना चाहता हूं। 'बेटियां' नाम से एक छोटी सी कविता है -

बोए जाते हैं बेटे पर उग आती हैं बेटियां

खाद-पानी बेटों को पर लहराती हैं बेटियां

मेहनत करते हैं बेटे पर अव्वल आती हैं बेटियां

रुलाते हैं जब खूब बेटे तो हंसाती हैं बेटियां

नाम करे न करे बेटे पर नाम कमाती हैं बेटियां

जब दर्द देते हैं बेटे तो मरहम लगाती हैं बेटियां

जब छोड़ जाते हैं बेटे तो काम आती हैं बेटियां

आशा रहती है बेटों से पर पूरा करती हैं बेटियां

हजारों फरमाइश से भरे हैं बेटे पर समय की नज़ाकत को समझती हैं बेटियां

बेटे को चांद जैसा मत बनाओ कि हर कोई घूर-घूरकर देखे

किन्तु बेटी को सूरज जैसा बनाओ ताकि उसे घूरने से पहले सबकी नजर झुक जाए।

जिससे अंधेरा मिटे और हर परिवार नया जीवन पाए।

महोदय, इस कविता की आखिरी पंक्ति मैंने बनाई है। बेटियां निश्चित रूप में हमारे समाज की धरोहर हैं। इन बेटियों को जितना सजाया जाए, बढ़ाया जाए, यह हमारे समाज, राष्ट्र, परिवार की निधि हैं। इसलिए मैं समझता हूं कि पूरी ताकत के साथ, मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं और माननीय मंत्री जी से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि बेटियों का जो प्रतिशत घट रहा है, वह हर क्षेत्र में बढ़ना चाहिए, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो। बालिका मृत्यु दर ज्यादा है, शिशु मृत्यु दर में भी बालिका मृत्यु दर ज्यादा है। बालिकाओं की मृत्यु दर कैसे कम हो सकती है, खत्म हो सकती है, इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हमारा शिशु मृत्यु दर को कम करने का लक्ष्य भी सतत विकास के लक्ष्यों में था। आंकड़े बताते हैं कि 1990 से 2015 तक पांच वर्ष से नीचे की आयु के बच्चे की मृत्यु को हमें 2/3 की कमी में लाना था। वर्तमान में स्थिति यह है कि प्रति हजार में जहां

पांच वर्ष से कम आयु के 126 में से 100 बच्चों की मृत्यु हो रही थी, उसे हमें तेजी से नीचे लाना था, लेकिन अभी भी जन्म लेने के तुरंत बाद प्रति हजार पर 80 बच्चों की मृत्यु हो रही है जबकि हमने चाहा था कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। 2015 तक जो स्थिति चल रही है, उसमें एक हजार पर 27 तक ही हम इस लक्ष्य को ला पाएंगे। इस दिशा में भी सरकार को बहुत काम करने की जरूरत है। आज भी एक हजार में से 40 बच्चे मर रहे हैं। यह गंभीर विषय है। शिशु मृत्यु दर पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

खसरा का टीकाकरण 42.2 प्रतिशत था जबकि उसे शत-प्रतिशत होना चाहिए। यह अभी भी 74.1 प्रतिशत है। मुझे लगता है कि यदि हम इस गति से कोशिश भी करें जिस गति से 2000 से 2015 तक पहुंचे हैं तो मुश्किल से 89 प्रतिशत तक ही जा पाएंगे। कुपोषण से जो मृत्यु हो रही है, कुपोषण केवल बच्चे का नहीं है, मां का भी कुपोषण है। आधिकांश बच्चे मां के पेट में ही मर जाते हैं। यदि बच्चे जन्म भी लेते हैं तो अच्छा स्वास्थ्य और सुरक्षा न मिलने के कारण आधिकांश बच्चे दम तोड़ देते हैं। यदि वे बच भी गए तो तीन से पांच वर्ष की आयु में आधिकांश बच्चे दम तोड़ देते हैं। इसलिए भारत के सामने यह बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का मुकाबला हमें करना पड़ेगा। मातृ मृत्यु दर 1990 में एक लाख पर 437 थी, वर्ष 2011-12 में 167 हुई, 2015 तक इसे काफी नीचे आ जाना चाहिए था। अभी तक यह 140 पर है, यह भी हमारे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। हम अभी भी मातृ मृत्यु दर को कम नहीं कर पाए हैं। कुपोषण और स्वास्थ्य की असुरक्षा के कारण से ऐसा हुआ है। इस दिशा में हम कैसे आगे बढ़ें, सरकार ने इस दिशा में कोशिश की है। [अनुवाद] मैं उत्तराखंड में स्वास्थ्य मंत्री भी रहा हूं इसलिए भारत सरकार की योजना से परिचित हूं। संस्थागत प्रसव पर भारत सरकार का पूरा ध्यान केन्द्रित है लेकिन गोवा, केरल, तमिलनाडु, राज्यों में यह प्रतिशत 90 है। मैं पहाड़ से आता हूं, पर्वतीय क्षेत्र से आता हूं वहां और भी विषमता है। हिमालयी राज्य मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, अरूणाचल, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य जिनकी भौगोलिक परिस्थितियां बहुत ही विषम हैं, जहां दूर-दूर तक चिकित्सालय नजर नहीं आते हैं, उनके लिए काफी कठिनाई है। क्या सरकार उस क्षेत्र के लिए अलग से योजना बना सकती है। हिमालयी बेल्ट के लिए अलग से कोई योजना बननी चाहिए। हम लोगों ने उत्तराखंड में आपातकालीन सेवा 108 शुरू की थी, आपातकालीन सेवा की गाड़ी कुछ मिनटों और सेंकडों में

पहुंचती थी। साढ़े तीन लाख से भी आधिक माँ और बहनों का प्रसव के समय जान बचाई गई थी। हजारों प्रसव चलती हुई एम्बुलेंस में हुए। मेरी मां और बहनें बहुत कठिनाई में हैं। आज इस बात की जरूरत है कि उनके लिए एक अलग से आभियान चलाया जाए जिससे उनका जीवन बच सके। जहां तक शुद्ध पेयजल के लक्ष्य का सवाल है देश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के आंकड़े को हम देखें तो यह चौकाने वाले हैं, जो गंभीर और चिंताजनक हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की राष्ट्रीय सर्वेक्षण के आंकड़े हैं उनमें ग्रामीण क्षेत्रों के 88.5 घरों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध है जबकि शहरी क्षेत्र में 95.8 प्रतिशत लोगों को पेयजल मिल रहा है। लेकिन इसमें गुणवता को लेकर बहुत सारे सवाल खड़े होते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 21 प्रतिशत संक्रामक रोग गन्दे पानी के कारण होते हैं। अशुद्ध पेयजल से प्रतिदिन मौतें होती है, पेचिस और दस्त के कारण भारत में 1006 मौतें प्रतिदिन हो रही है, यह बहुत गंभीर विषय है। यदि इसे वर्ष में गणना करें तो प्रतिवर्ष 6 लाख लोगों की मौत गंदे पानी की वजह से होती है। इस चुनौती का मुकाबला करना पड़ेगा, अभी ग्रामीण क्षेत्रों में 88 लोगों को शत-प्रतिशत पानी नहीं मिल रहा है। यदि मैं उत्तराखंड जैसी राज्य की बात करूं जहां भूस्खलन आता है, तमाम स्रोत बह जाते हैं, भूकंप आता है, बाढ़ में बहुत सारी योजनाएं बह जाती हैं, नित्य नए आंकड़े सामने आते हैं, पेयजल का बहुत बड़ा संकट है। कुछ स्थानों पर पानी का स्रोत सूख जाता है। वर्तमान में पर्यावरणीय स्थिति के कारण लगातार पानी के स्रोत सूखते जा रहे हैं। ऐसे में नल से पानी सप्लाई की परेशानियां बढ़ गई हैं। इसलिए जो विश्व बैंक की रिपोर्ट है, जल आपूर्ति और स्वच्छता परिषद ने यह कहा है कि स्वच्छता के अभाव में प्रति 20 सेकेंड में दुनिया में एक शिशु की मृत्यु होती है। हम स्वच्छता पर ध्यान देकर 15 लाख शिशुओं को मौत के मुंह से बचा सकते हैं। ये 15 लाख बच्चे सिर्फ मौत के मुंह में इसलिए जाते हैं, क्योंकि उनको अच्छा पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

मैं समझता हूं कि देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है, इसलिए इस प्रगति के क्षेत्र में बढ़ने वाले देश को इस दिशा में सोचना चाहिए। यूनीसेफ के अनुसार प्रति व्यक्ति को 20 से 50 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन आज हम उसे छू भी नहीं पा रहे हैं। हम उसे बहुत दूर तक पकड़ भी नहीं पाये हैं। इसलिए पूरे देश में यदि हमने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना है और जो सहस्राब्दी लक्ष्य हमें 2015 तक प्राप्त करने

थे, अभी तक हम उन आंकडों को हासिल नहीं कर पाये। उन आंकडों को हासिल करने के बाद उस पर स्थित तरीके से आगे कैसे बढ़ना है, यह भी हमारे सामने चुनौती है।

श्रीमन्, वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट आयी, उसमें ज्यादा गंभीरता से यह भी कहा गया कि हिन्दुस्तान को अपनी स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। हालांकि हमारे उन लक्ष्यों में यह भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था। यदि हम बुनियादी स्वच्छता देखें, तो उन्होंने बीबीसी के रजिस्टरार जनरल एक जनसंख्यक कमिश्नर श्री सी. चन्द्रमोली के हवाले से कहा है कि वर्ष 2000 की जनसंख्या के आधार पर बताया गया कि खुले में शौच आज देश के लिए गंभीर समस्या है और हमारी आधी आबादी खुले में शौच के लिए जा रही है।

श्रीमन्, आश्चर्यजनक विषय यह है कि आज 49.8 प्रतिशत लोगों के पास शौचालय नहीं है, जबकि 63.2 लोगों के पास टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध है। मुझे लगता है कि यह जो सामाजिक, आर्थिक विषमता है, यह इसका एक जीता-जागता प्रमाण है। इसलिए इन बातों से ये आंकडें इस बात को भी परिलक्षित करते हैं कि हमें सामाजिक और आर्थिक, दोनों विषमताओं को दूर करना पड़ेगा। जब तक हम सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को दूर नहीं करेंगे, तब तक हम अपने उस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

श्रीमन्, यदि देखा जाये तो इस रिपोर्ट में राज्यों का भी विवरण है। उसमें झारखंड में 77 प्रतिशत, ओडिशा में 76 प्रतिशत और बिहार में 75.8 प्रतिशत लोग आज भी खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। ये सभी बड़े राज्य हैं। मैं बहुत सारे राज्यों के बारे में यहां विस्तार से नहीं बताना चाहता हूं, लेकिन आज भी कमोबेश स्थिति अच्छी नहीं है। यूनीसेफ इंडिया ने कहां कि दुनिया के विकासशील देशों में स्थिति अच्छी है। जैसे हम ब्राजील और बंगलादेश में देखेंगे, तो वहां 7 प्रतिशत लोग ही खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। चीन जनसंख्या के आधार पर सबसे बड़ा देश है, लेकिन वहां केवल 4 प्रतिशत लोग ही खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। चीन जैसे देश में केवल 4 प्रतिशत लोग ही खुले में शौच के लिए जा रहे हैं, तो हमारी जनसंख्या का 49 परसेंट हिस्सा खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। इसलिए इस दिशा में गंभीर प्रयास की जरूरत है।

श्रीमन्, मुझे इस बात की खुशी है कि भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने 2 अक्तूबर, 2014 को राजघाट से स्वच्छ भारत आभियान शुरू हुआ, वह इस दिशा में एक नींव का पत्थर साबित होगा। इसने एक क्रांति मचायी है। इस आभियान में आमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर, बाबा रामदेव, कमल हासन, सलमान खान, आनिल अंबानी, शशि थरूर, कपिल शर्मा और रितिक रोशन सहित बहुत सारे लोगों को ब्रांड ऐम्बेस्डर बनाया है और उस रूप में नियुक्त करके पूरे देश में एक नये तरीके से काम करने का नया अवसर दिया है।

श्रीमन्, मैं यह समझता हूं कि वर्ष 2019 तक खुले में शौच से भारत को पूर्णतया मुक्त करने का हमारे प्रधान मंत्री जी का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में टीम इंडिया बनायी गयी है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मोदी जी ने टीम इंडिया बनाई है। इसमें मंत्रिमंडल तो जुटा ही है लेकिन टीम इंडिया भी जुटी है। इसमें मंत्रिपरिषद् के सदस्यगण, आधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण और समाज के सभी वर्गों के लोग हैं। अगले पांच वर्षों में 12 करोड़ नए शौचालय बनाने का लक्ष्य है जिसमें 1.96 लाख करोड़ रुपए यानी लगभग दो लाख करोड़ रुपए व्यय होने की संभावना है। हम इस मिशन में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालय निजी क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रहे हैं जिसके कारण पहली बार इतने बड़े स्तर पर औद्योगिक, सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत काम हो रहा है। यह औद्योगिक क्षेत्र के लोगों का सामाजिक दायित्व भी है। तब भी वे लोग काम करना चाहते होंगे, ऐसा नहीं है कि पहले करना नहीं चाहते थे लेकिन अब पहली बार माननीय मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने सहभागिता का समन्वय किया है जिसमें लाखों शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है।

मैं एक-दो उदाहरण देना चाहता हूं। मानव संसाधान विकास मंत्रालय ने दो लाख से आधिक शौचालय सहभागिता से बनाए हैं। देश के औद्योगिक घरानों से 1100 करोड़ रुपए शौचालय बनाने की सहमति प्राप्त हुई है। यह इतना बड़ा काम है जो पूरे विश्व में पहली बार हिंदुस्तान की धरती पर हुआ है। यह काम माननीय नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में हुआ है और इसके लिए हम माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहते हैं। चाहे कोयला मंत्रालय हो या ऊर्जा मंत्रालय हो, विभिन्न मंत्रालयों ने इस दिशा में आभियान के तहत काम करना शुरु किया है। मैं समझता हूं कि चाहे 'स्वच्छ भारत' का आभियान हो, चाहे 'स्वस्थ भारत' का आभियान हो, 'समृद्ध

भारत' का आभियान हो या 'श्रेष्ठ भारत' का आभियान हो, माननीय मोदी जी का 'श्रेष्ठ भारत' आभियान निश्चित रूप से सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करके ऊंचाइयों को स्पर्श करने की दिशा में बढ़ेगा और पूरा विश्व भारत की ओर नजर लगाए हुए है।

इसमें पर्यावरण संरक्षण की चिंता की गई है। न्यूयार्क में वर्ष 2000 में जब सम्मेलन हुआ था तब यह कहा गया था कि पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो देश भी सुरक्षित नहीं होगा, दुनिया सुरक्षित नहीं होगी, आदमी सुरक्षित नहीं होगा, जानवर भी सुरक्षित नहीं होगा, यानी कोई भी सुरक्षित नहीं होगा। यदि मैं मोटे तौर पर आपको आंकड़े दूं तो विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत के 3119 शहरों में से मात्र 209 शहरों के पास सीवरेज है। केवल इतने शहरों में सीवरेज है और वह भी आधा-अधूरा है। यदि 3110 बड़े शहर हैं लेकिन व्यवस्थित सीवरेज केवल 209 शहरों के पास है। यह बहुत ही गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि जिनमें है, वहां भी पूरे सही तरीके से सीवरेज की व्यवस्था नहीं है। इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है। 2012 के वैश्विक पर्यावरण सुचांक में भारत 155वें स्थान पर है। यह भी बहुत गंभीर चिंता का विषय है कि हमारा देश जो पर्यावरण के प्रति काफी सचग रहता है, 155वें स्थान पर है और हम वायु मंडल की गुणवत्ता के क्षेत्र में समूचे विश्व में 174वें स्थान पर हैं। हम काफी पीछे हैं। कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के मामले में हमारा जो रिकार्ड है, वह और भी ज्यादा खराब है। यह अप्रैल 2015 में 405 पीपीएम को पार कर गया जबकि 350 पीपीएम से ऊपर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इसमें और भी खराब स्थिति है।

इसी तरह से जल स्वच्छता के मामले में जैसे मैंने कहा कि जो गुणवत्ता वाले देश हैं, उसमें हमारा स्थान 124 है। हम पर्यावरण में जल संसाधन प्रदूषण के मामले में विश्व के 87वें स्थान पर हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में हमें बहुत काम करने की जरूरत है, यहां भी हम लड़खड़ा रहे हैं। हम इस क्षेत्र में तेजी से जल विविधता के संरक्षण में 125वें स्थान पर हैं और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारा स्थान सारे विश्व में 127वें पर है। ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के मामले में हम विश्व में तीसरे नम्बर पर हैं।

<u>सायं 6.00 बजे</u>

ये आंकड़े इस बात को साबित करते हैं कि इस देश में पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यदि गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में और कठिनाइयां बढ़ने वाली हैं।

...(व्यवधान)

[अनुवाद]

माननीय उपाध्यक्ष : श्री रमेश पोखरियाल, आप अगली बार जारी रख सकते हैं।

<u>सायं 6.01 बजे</u>

तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 6 अगस्त, 2015 / 15 श्रावण , 1937 (शक) के पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

इंटरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण, अंग्रेजी संस्करण और हिन्दी संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:

https://sansad.in/ls

लोक सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का संसद टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की कार्यवाही समाप्त होने तक होता है।

© 2015 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (सोलहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित